e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 97
मंगलवार
09.04.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
सभी के लिए सफलता के मायने अलग-अलग हैं।

**रोजा का समय**
इफ्तार (09.03.24): शाम 06:09 बजे
सेहरी (10.04.2024) सुबह 04 : 09 बजे
Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

### प्रथम : शैलपुत्री



नवरात्रि के प्रथम दिन माता के पहले स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा होती है। मां पार्वती को शैलपुत्री के नाम से भी जाना जाता है। पर्वतराज हिमालय के घर पर जन्म लेने के कारण मां पार्वती को शैलपुत्री कहा जाता है। शैल का शाब्दिक अर्थ पर्वत होता है।

### घोषणापत्र पर पीएम मोदी की टिप्पणी के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंची कांग्रेस

# झूठ का पुलिंदा है पीएम का बयान : सलमान खुर्शीद

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को दिल्ली में चुनाव आयोग के कार्यालय पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने पार्टी के घोषणापत्र को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुस्लिम लीग वाली टिप्पणी सहित कई मुद्दों की शिकायत की और कार्रवाई की मांग की। इस प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा, पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद समेत कई लोग शामिल थे। खुर्शीद ने कहा,प्रधानमंत्री अपने भाषणों में जो कहते हैं, उससे हमें बहुत दुख होता है। उन्होंने हमारे घोषणापत्र के बारे में जो कहा है वह झूठ का पुलिंदा है। हमें इससे बहुत दुख हुआ है। आप किसी अन्य दल के घोषणापत्र पर असहमति रख सकते हैं। आप इस पर बहस कर सकते हैं। आप उसका विश्लेषण कर सकते हैं। लेकिन एक राष्ट्रीय स्तर की पार्टी की पार्टी जो राष्ट्रीय आंदोलन में शामिल रही है, उसके घोषणापत्र के बारे में ऐसा कहना झूठ का पुलिंदा है। जबकि एक बहुत अच्छा घोषणापत्र लिखा गया है। उन्होंने कहा, इस घोषणापत्र में मुस्लिम लीग कहां से आ गया? हम एक राष्ट्रीय पार्टी हैं। हमने स्वाधीनता संग्राम में भाग लिया, जो पीएम मोदी की पार्टी ने नहीं किया। हम पर इस तरह के आरोप लगाना दुख की बात है।



### हमने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है : पवन खेड़ा

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा, हमने कई मुद्दे उठाए। प्रधानमंत्री ने जिस तरह से हमारे घोषणापत्र को मुस्लिम लीग का दर्जा दिया हमने उस पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। विश्वविद्यालयों में प्रधानमंत्री के जो होर्डिंग्स लगे हैं, उस पर भी हमने अपनी बात रखी है। भाजपा के त्रिवेंद्रम के उम्मीदवार राजीव चंद्रशेखर के हलफनामे के विषय में भी हमने अपनी बात रखी है। हलफनामे में कई त्रुटियां हैं।जानबूझकर गलतियां की गई हैं। खेड़ा ने कहा, जिन यूट्यूब चैनल को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय बिना बताए बंद कर रही है। यह उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं है। चूंकि चुनाव घोषित किए जा चुके हैं। चुनाव आयोग को इसकी सिफारिश करनी चाहिए कि वह किस यूट्यूब चैनल को हटाना चाहे या न हटाना चाहे। मंत्रालय अभी कार्यवाहक सरकार का है। उसके पास यह अधिकार नहीं है कि वह अभिव्यक्ति की आजादी पर इस तरह की पाबंदियां लगाए।

### पीएम मोदी ने क्या कहा था

प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में चुनावी सभा में कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में वही सोच झलकती है, जो आजादी के आंदोलन के समय मुस्लिम लीग में थी। कांग्रेस के घोषणा पत्र में पूरी तरह मुस्लिम लीग की छाप है और इसका जो कुछ हिस्सा बचा रह गया, उसमें वामपंथी पूरी तरह हावी हो चुके हैं। कांग्रेस इसमें दूर-दूर तक दिखाई नहीं देती है।

### कांग्रेस ने किया था पलटवार

इसके बाद कांग्रेस ने भाजपा पर बांटने की राजनीति करने का आरोप लगाया था और दावा किया था कि प्रधानमंत्री ध्यान भटकाने की रणनीति अपना रहे हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा था, प्रधानमंत्री को अपना इतिहास मालूम नहीं है, क्योंकि कोई और नहीं बल्कि मुखर्जी ही थे जो उस समय हिंदू महासभा के अध्यक्ष थे और मुस्लिम लीग के साथ बंगाल में गठबंधन सरकार का हिस्सा थे। उन्होंने कहा कि हिंदू महासभा सिंध और उत्तर-पश्चिम सीमांत प्रांत में मुस्लिम लीग के साथ गठबंधन में भी थी। रमेश ने कहा, कांग्रेस बांटने की राजनीति में भरोसा नहीं करती है।



## चैत्र नवरात्र व हिंदू नववर्ष आज से शुरू

**रांची** : हिंदू धर्म में चैत्र नवरात्रि का खास महत्व है। चैत्र नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा की अलग-अलग रूपों में उपासना की जाती है। चैत्र नवरात्रि का प्रारंभ चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होती है, जो मंगलवार से शुरू हो रही है। इसका समापन 17 अप्रैल को रामनवमी के साथ होगा। चैत्र नवरात्रि के साथ ही हिंदू नववर्ष भी शुरू हो जायेगा। धार्मिक मान्यताओं की मानें तो नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा पृथ्वीलोक पर आती हैं। उनका आगमन विशेष वाहनों से होता है। इस बार मां दुर्गा घोड़े पर सवार होकर आ रही हैं क्योंकि नवरात्रि मंगलवार से प्रारंभ हो रही है। वैदिक पंचांग के अनुसार, प्रतिपदा तिथि की शुरुआत 8 अप्रैल रात को 11 बजकर 50 मिनट होगी, जो मंगलवार रात 8 बजकर 30 मिनट पर समाप्त होगी। हिंदू धर्म उदया तिथि को मानते हैं, इसलिए चैत्र नवरात्रि नौ अप्रैल शुरू हो रही है। नवरात्रि की शुरुआत प्रतिपदा तिथि को अखंड ज्योति और कलश स्थापना के साथ होती है। पवित्र कलश की स्थापना के बाद ही देवी की उपासना की जाती है। अभिजीत मुहूर्त में घटस्थापना करना शुभ माना जाता है। यह 11 बजकर 57 मिनट से 12 बजकर 48 मिनट तक रहेगा।

### बस्तर से पीएम मोदी ने कांग्रेस पर साधा निशाना, कहा

# शाही परिवार ने ठुकराया राम मंदिर का न्यौता



**पीएम मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आगे कहा कि मैंने कांग्रेस की लूट की इस व्यवस्था को बंद कर दिया है। भाजपा सरकार ने अपने 10 साल में 34 लाख करोड़ रुपये सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में भेजे हैं। आजादी के बाद से कांग्रेस समझती थी कि उसे देश को लूटने का लाइसेंस मिला हुआ है।**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पीएम नरेंद्र मोदी सोमवार को चुनाव प्रचार करने के लिए छत्तीसगढ़ के बस्तर पहुंचे। यहां उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि आजादी के बाद दशकों तक गरीब की जरूरतों को कांग्रेस की सरकारों ने नजरअंदाज किया। कांग्रेस ने कभी गरीबी की चिंता नहीं की, उसकी परेशानियों को नहीं समझा। कांग्रेस परिवार के अमीरों को कभी महंगाई का मतलब समझ ही नहीं आया। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले लाखों करोड़ों रुपये के घोटाले होते थे। कांग्रेस की सरकार में दिल्ली से एक रुपया निकलता था और सिर्फ 15 पैसे गांव में पहुंचते थे। बीच में कांग्रेस 80 पैसे खुद लूट लेती थी।

पीएम मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आगे कहा कि मैंने कांग्रेस की लूट की इस व्यवस्था को बंद कर दिया है। भाजपा सरकार ने अपने 10 साल में 34 लाख करोड़ रुपये सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में भेजे हैं। आजादी के बाद से कांग्रेस समझती थी कि उसे देश को लूटने का लाइसेंस मिला हुआ है। 2014 में सरकार में आने के बाद मोदी ने कांग्रेस की लूट का लाइसेंस ही कैंसिल कर दिया है। उन्होंने आगे कहा, मोदी ने जब घोटालेबाजों का रास्ता रोका, जब बिचौलियों की कमाई बंद की, तबसे इनका पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया है। ये मोदी पर भड़के हुए हैं। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के भ्रष्टाचार पर आज कड़ी कार्रवाई हो रही है।

## क्विक न्यूज

### इंडी गठबंधन के आधे नेता जेल में आधे नेता बेल पर : जेपी नड्डा

**बिजनौर** : भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने प्रियंका मॉडर्न पब्लिक स्कूल, धामपुर में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया। जनसभा में इंडी गठबंधन पर हमला बोलते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि इंडी गठबंधन के आधे नेता जेल में और आधे नेता बेल पर हैं। सत्ता में रहते हुए इन लोगों ने आकाश पाताल व धरती कहीं नहीं छोड़ा, सब जगह घोटाला ही घोटाला किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल और झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल में हैं। लालू यादव ने चारा घोटाला किया। नौकरी के बदले जमीन घोटाला किया कि नहीं किया। केजरीवाल ने शराब घोटाला किया कि नहीं किया।राहुल गांधी बेल पर हैं कि नहीं। सोनिया गांधी और पी.चिदम्बरम बेल पर हैं कि नहीं। भाजपा अध्यक्ष ने फिर एक बार मोदी सरकार,अबकी बार 400 पार का नारा भी लगवाया।

### एमआरसी लागू हुआ तो देश को जला देंगे, केंद्रीय मंत्री को मिला बंगाली में लिखा लश्कर-ए-तैयबा का लेटर

**नई दिल्ली** : केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के नेता शांतनु ठाकुर ने सोमवार को दावा किया कि आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा ने उन्हें पत्र भेजकर धमकी दी है कि यदि पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) लागू की गयी तो वह 'पूरे देश को जला देगा।' बंगाली में टाइप किये गये इस कथित पत्र में यह भी धमकी दी गयी है कि यदि राष्ट्रीय नागरिक पंजी को लागू करने के बाद मुसलमानों का उत्पीड़न किया गया तो मतुआ समुदाय के तीर्थाटन स्थल 'ठाकुरबारी' को ध्वस्त कर दिया जाएगा।

### कोलकाता के कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, जांच में जुटी पुलिस

**कोलकाता** : कोलकाता के कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। दावा किया जा रहा है कि यह धमकी स्कूल अधिकारियों को मेल से भेजी गई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक वे स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। इन मेल की जांच की जा रही है। हालांकि, पुलिस ने अभी तक इस बारे में आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी नहीं दी है।सोशल मीडिया पर प्रसारित एक स्क्रीनशॉट से पता चलता है कि हैप्पीहॉटडॉग101 नाम की एक ईमेल आईडी से राज्य के विभिन्न स्कूलों को धमकी भरे पत्र भेजे गए हैं। धमकी भरे मेल प्राप्त करने वाले स्कूलों की कुल संख्या, साथ ही सूची में कौन से जिले के स्कूल हैं, यह अभी तक स्पष्ट नहीं है। हालांकि, सूत्रों के मुताबिक, कोलकाता के अलावा सिलीगुड़ी के कुछ स्कूलों को भी यह ईमेल मिला है। कोलकाता के अभिनव भारती स्कूल की प्रिंसिपल श्रावणी सामंत ने धमकी भरा पत्र मिलने की बात स्वीकार कर ली है। उन्होंने कहा,ईमेल में स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 35° |
| न्यूनतम | 20° |

## एफएसटी अपने क्षेत्रों में सक्रियता से करें भ्रमण : के. रवि कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : मतदान से एक भी मतदाता वंचित नहीं रहे। योग्य मतदाता जो अभी भी जिनके नाम निर्वाचक सूची में शामिल नहीं हैं उनका फॉर्म-6 में आवेदन प्राप्त कर नाम जोड़ने की प्रक्रिया पूरी करें। साथ ही अब तक जितने भी फॉर्म 6 से नाम जोड़ने से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए है उनका शीघ्र निष्पादन करें। इसे कदापि लंबित नहीं रखें। एफएसटी अपने क्षेत्रों में सक्रियता से भ्रमण करें और आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों पर त्वरित कार्रवाई करें साथ ही इन्हें सी-विजिल ऐप पर अपलोड करना भी सुनिश्चित करें। यह बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के. रवि कुमार ने कही। वे निर्वाचन सदन रांची से झारखंड के सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त के साथ लोक सभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों से संबंधित विभिन्न विषयों पर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोक सभा चुनाव में वाहनों का प्रबंधन इस तरह से करना सुनिश्चित करें, जिससे आम नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी अपने-अपने जिले के वाहन प्रबंधन की समीक्षा करें और इसे भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप व्यवस्थित रखें। के. रवि कुमार ने कहा कि दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को मतदान केन्द्रों तक पहुंचाने एवं मतदान के उपरांत उनकी धर वापसी की पुख्ता व्यवस्था रखें।



## चतरा : 10 करोड़ रुपए के अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा** : अफीम माफियाओं के विरुद्ध चतरा पुलिस की अबतक की सबसे बड़ी कार्रवाई की गई है।करीब 10 करोड़ 20 लाख रुपये के अफीम के बड़े अवैध खेप के साथ अंतरजिला गिरोह के दो तस्कर गिरफ्तार किया गया है। एसपी विकास कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर डीएसपी मुख्यालय रोहित कुमार रजवार के नेतृत्व में गठित ईटखोरी थाना पुलिस की स्पेशल टीम को कामयाबी मिली है। ईटखोरी थाना क्षेत्र के महुदा गांव से अवैध ब्राउन सुगर फैक्ट्री का खुलासा करते हुए पंकज कुमार दांगी और धीरेंद्र दांगी नामक दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। 204.4 किलो गिला अफीम, ब्राउन सुगर बनाने में प्रयुक्त मशीन, एक गैस सिलेंडर, एक गैस चूल्हा, इलेक्ट्रॉनिक वेटिंग मशीन, 100 पीस प्लास्टिक, वेटिंग जैक मशीन, 25.400 किलो मटमैला कपड़ा सना मिट्टी व ब्राउन सुगर बनाने में प्रयुक्त कपड़ा बरामद किया गया है। एसपी विकास पांडेय ने प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी है। अभियान में थाना प्रभारी सूर्यप्रताप सिंह समेत अधिकारी व जवान शामिल थे।

**अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़, 4 गिरफ्तार**

**नोएडा** : दिल्ली-एनसीआर में अवैध हथियार बेचकर मोटा मुनाफा कमाने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। हथियारों को गाजियाबाद में लाखों रुपए की मशीनों द्वारा बनाया जा रहा था। पुलिस ने नोएडा में बिना नंबर की एक ब्रेजा गाड़ी को पकड़ा है, जिसमें भारी मात्रा में अवैध हथियार और उन्हें बनाने का सामान बरामद हुआ है। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## आदिवासी-वनवासी के पीछे दो अलग-अलग विचारधारा : राहुल



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : सिवनी पहुंचे राहुल गांधी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आप सब यहां दूर-दूर से मेरी बात सुनने आए हैं। यहां आदिवासी वर्ग के काफी सारे लोग मौजूद हैं, कांग्रेस पार्टी आपको आदिवासी कहती है, दूसरी ओर बीजेपी, पीएम मोदी और अमित शाह आपको वनवासी कहते हैं।

राहुल ने कहा कि इन शब्दों के पीछे दो अलग-अलग विचारधारा है। आदिवासी शब्द का मतलब, वो लोग जो इस देश के इस जमीन के पहले मालिक थे। उन्होंने कहा कि अगर आप पहले मालिक थे, तो जमीन, जल, जंगल, देश के धन पर आपका हक बनता है। वहीं वनवासी का मतलब वो लोग जो जंगलों में रहते हैं, वनवासी शब्द के पीछे एक विचारधारा है।

सबसे पहले आपका जो इतिहास है, आपकी भाषाएं हैं, आपके जीने का जो तरीका है, उसको ये शब्द मिटाने की कोशिश करता है। दूसरी ओर जब हम आपको वनवासी कहते हैं तो उसके अंदर ये छिपा हुआ है कि वनवासियों को ना जमीन का ना जल और ना ही जंगल का अधिकार मिलना चाहिए। क्योंकि वनवासी का मतलब आप जंगल में रहते हो, जंगल में आपको कैसे अधिकार मिलेगा।

## केंद्र-राज्य के बीच नहीं होना चाहिए टकराव : सुप्रीम कोर्ट

*** सूखा राहत राशि से जुड़ी याचिका पर शीर्ष अदालत ने की सुनवाई**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : शीर्ष अदालत ने सोमवार को उस याचिका पर सुनवाई की जिसमें सूखा प्रबंधन के लिए कर्नाटक को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष से वित्तीय मदद जारी करने का आग्रह किया गया है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि केंद्र और प्रदेश के बीच कोई टकराव नहीं होना चाहिए। केंद्र सरकार की ओर से अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता पेश हुए। उन्होंने न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि वे इस मामले में निर्देश प्राप्त करेंगे। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि विभिन्न राज्य सरकारों को अदालत का रुख करना होता है। शीर्ष अदालत ने केंद्र को कर्नाटक की याचिका पर जवाब दाखिल करने को कहा। सॉलिसिटर जनरल मेहता ने शीर्ष अदालत से मामले की सुनवाई दो हफ्ते बाद करने का आग्रह किया और कहा कि वे इस मामले में निर्देश लेंगे। पीठ ने कहा, केंद्र और राज्य के बीच टकराव नहीं होना चाहिए। मेहता ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर करने के बजाय अगर किसी ने इस मुद्दे पर प्राधिकारियों से बात की होती तो समस्या का समाधान हो सकता था। पीठ ने कहा, हमने देखा है कि विभिन्न राज्य सरकारों को अदालत का रुख करना पड़ा है। इस पर मेहता ने कहा, मैं यह नहीं कहना चाहता कि क्यों करना पड़ा है, लेकिन यह प्रवृत्ति बढ़ी है। जब पीठ ने कहा कि वह केंद्र सरकार को नोटिस जारी करेगी तो मेहता ने कहा,आपसे नोटिस जारी न करने का आग्रह है। यह भी खबर बन जाती है।



## लक्ष्मीकांत बाजपेयी पर पुलिस तत्काल संज्ञान लेकर भेजे जेल : सुप्रियो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : झामुमो के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने भाजपा प्रदेश प्रभारी के बयान पर कड़ी नराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि पिछले शनिवार को सरायकेला दौरे के क्रम में यहां बातचीत के दौरान धनबाद लोकसभा सीट से ढुल्लू महतो को पार्टी उम्मीदवार बनाए जाने के सवाल पर बाजपेयी की जुबान फिसलने लगी थी। भाजपा की नजर में मां बहन बेटी की क्या सोच है। यह किसी से छुपा नहीं है। भाजपा प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने जो कहा वह महिलाओं को अपमानित करने जैसा है। लक्ष्मीकांत



बाजपेयी आपकी सोच क्या है। क्या सोच लेकर झारखंड आए है। क्या यही सोच प्रधानमंत्री की भी है। क्योंकि की उत्तर प्रदेश से सांसद है। कुछ दिन पूर्व हमने इसी भाषा का विरोध जताया था। उत्तर प्रदेश से आकर इस तरह की भाषा का प्रयोग करेगे। पुलिस इसपर तत्काल संज्ञान ले और उन्हें जेल भेजे।

**संक्षिप्त खबरें**

### आसेहार में संचालित स्टोन माइंस के संचालक की मनमानी से ग्रामीण परेशान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांकी :** प्रखंड के आसेहार पंचायत के स्टोन माइंस के संचालक के खिलाफ आसेहार सागलीम मुख्य पथ के ग्रामीणों ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की है, मौके पर मौजूद महुगांई गांव के ग्रामीण दुखन राम, राजेश्वर रवि, सत्येंद्र सहित अन्य ने बताया कि आसेहार में दो स्टोन माइंस संचालित है लेकिन माइंस संचालकों के द्वारा नियमित रूप से सड़कों पर पानी का छिड़काव नहीं किया जा रहा जिससे पूरे दिन सड़कों से धूल उड़ रहा है जिससे उनके समक्ष अनेक परेशानियां उत्पन्न हो गई है धूल के कारण ग्रामीणों को एक और जहां स्वास्थ्य संबंधित परेशानियां उत्पन्न हो रही है वहीं दूसरी तरफ धूल के कारण फसल भी बर्बाद हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि माइंस से प्रतिदिन सैकड़ो पत्थर एवं चिप्स लदा हाईवा गुजरता है जिस कारण रोड की स्थिति अत्यंत जर्जर हो गई है सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं।

## मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के अर्न्तगत सोमवार को जिले के डंडई, चिनिया एवं मेराल में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान स्वीप कार्यक्रम के अर्न्तगत रंगोली बनाई गयी साथ ही मतदाता जागरुकता रैली भी निकाली गयी। इस दौरान क्षेत्र के मतदाताओं से 13 मई को मतदान अवश्य करने की अपील की गयी। विभिन्न कार्यक्रम के अर्न्तगत डंडई प्रखंड कार्यालय द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत रंगोली एवं मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस दौरान क्षेत्र के मतदाताओं से 13 मई को मतदान अवश्य करने का अपील किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड-सह-अंचल के पदाधिकारी, कर्मी, जेएसएलपीएस के सभी पदाधिकारी, कर्मी, महिला समूह की दीदी, समाजसेवी, गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए। कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता रथ का स्वागत भी किया गया। जिसके पश्चात मतदाता जागरूकता के नारों के साथ हार्ट बाजार, टोला में भ्रमण किया गया और मतदान करने की अपील की गई। वहीं चिनियां प्रखंड कार्यालय द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस दौरान क्षेत्र के मतदाताओं से 13 मई को मतदान अवश्य करने का अपील किया गया। जबकि मेराल प्रखंड में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस दौरान मतदाता प्रतिज्ञा दिलाते हुए क्षेत्र के मतदाताओं से 13 मई को मतदान अवश्य करने का अपील किया गया।

## हिंदूवादी संगठनों ने मनाया शहादत दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** हिंदूवादी संगठन ने पूण्य तिथि पर छोटू साव व बिनोद यादव को श्रधांजलि दी.हिंदूवादी संगठनों ने दोनों के पुण्य तिथि को शाहदत दिवस के रूप में मनाया.यहाँ उल्लेखनीय है कि सात अप्रैल 2006 को रामनवमी जुलुस के दौरान हुई पुलिस फायरिंग में छोटू साव व बिनोद यादव की मौत हो गयी थीद्ध तब से हिंदूवादी संगठन प्रत्येक वर्ष सात अप्रैल को शहादत दिवस के रूप में मनाते है.इसके अलावा श्रधांजलि सभा का भी आयोजन करते है.रविवार को हिंदूवादी संगठनो ने विश्रामपुर वर मुहल्ला स्थित छोटू चौक के पास श्रधांजलि सभा का आयोजन किया। श्रधांजलि शभा में हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओ के अलावा स्थानीय लोगो ने भी छोटू व बिनोद के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया.छोटू व बिनोद के सम्मान में लोगो ने 2 मिनट का मौन भी रखा.श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता बजरंग दल के संयोजक मोनू गुप्ता व संचालन पंकज कुमार लाल ने किया। मौके पर पुष्प रंजन मेहता, राजकुमार मेहता सुरेश ठाकुर,अमित गुप्ता, शशि ठाकुर, स्व छोटू साह के पिता राजू साह, खुटुल ठाकुर, सुरेंद्र मेहता, कृष्णा केशरी, प्रदीप बिश्वकर्मा, शिंकू जी, सत्यनरायण सोनी रामनावमी पूजा समिति अध्यक्ष मुनु कुमार, कन्हाई मेहता सहित कई लोग मौजूद थे।

## सभी प्रधानाध्यापकों की बैठक बीईईओ की अध्यक्षता में हुई सम्पन्न



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्लस टू उच्च विद्यालय के सभागार में सोमवार को प्रखंड के सभी मध्य,उत्क्रमित मध्य, प्राथमिक, उत्क्रमित प्राथमिक व नव प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापकों की बैठक प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में बीईईओ ने सभी प्रधानाध्यापकों को विद्यालय में प्रयास कार्यक्रम को गम्भीरता से लागू करने का निर्देश दिया।उन्होंने प्रयास कार्यक्रम के उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी देते हुये कहा कि हाउस का निर्माण करते हुए विद्यालय पोषक क्षेत्र के प्रत्येक टोले के नामांकित बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें। ट्रांजिशन, प्रोजेक्ट इंपैक्ट, पुस्तकालय, प्रयोगशाला आदि विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर विद्यालय में लागू करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए बूथ वाले सभी विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो इसे सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि बिजली, पानी, शौचालय की व्यवस्था दुरुस्त रखें तथा विद्यालय परिसर को स्वच्छ रखें।उन्होंने कहा कि विद्यालय में नहीं आने वाले बच्चों के घर जाकर अभिभावक से मिलकर बच्चों को विद्यालय भेजने का आग्रह करें। उन्होंने ई विद्या वाहिनी में सभी बच्चों का नियमित उपस्थिति दर्ज करने, एमडीएम का एसएमएस प्रतिदिन करने का निर्देश दिया। उन्होंने सीआरसी स्तर पर कॉपी का मूल्यांकन करते हुये आगामी 30 अप्रैल तक परीक्षा फल तैयार कर अभिभावकों व विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों की उपस्थिति में वितरण करने का निर्देश दिया। बैठक में बीआरपी श्रीकांत चौबे, प्रकाश कुमार सिंह, सीआरपी संजय कुमार सिंह, प्रशांत कुमार देव,सुबोध कुमार, शोभा पांडेय, शक्तिदास सिन्हा, बिरेन्द्र प्रजापति, एमडीएम प्रभारी अमित कुमार विश्वकर्मा, प्रधानाध्यापक अनिल कुमार विश्वकर्मा, राजनाथ राम, अरुण कुमार, सुधीर चौबे, नित्यानंद तिवारी, नरेंद्र श्रीवास्तव, रागिनी रवानी, संजीता कुमारी, बिनोद ठाकुर, अलीम अंसारी, मदन राम, मुनेश्वर मेहता, संजय मेहता, रूबी कुमारी, अनूप विश्वकर्मा सहित सभी प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

## ईदु उल फितर को लेकर केतार थाना में हुआ शांति समिति की बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** थाना परिसर केतार में आगामी ईदु उल फितर व रामनवमी को लेकर बीडीओ सह सीओ सावित्री कुमारी के अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक प्रखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोगों के साथ किया गया। साथ ही मुस्लिम धर्म के लोगो ने बताया कि ईद की नमाज आगामी 11 अप्रैल दिन के 9 बजे अदा की जाएगी। इस दौरान थाना प्रभारी रोशन कुमार बरनवाल ने बताया कि धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले किसी भी प्रकार की तथ्यहीन, भर्मक, हिंसक, आपत्तिजनक अथवा भड़काऊ मैसेज वह वीडियो, फ़ोटो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब पर पोस्ट एवं शेयर ना करें। जिसे प्रखंड क्षेत्र में शांति व्यवस्था एवं विधि व्यवस्था खराब होने की संभावना हो। गढ़वा पुलिस सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखी हुई है। ताकि शांति व्यवस्था विधि व्यवस्था प्रभावित ना हो। प्रभावित करने वाले भर्मक सूचना फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करने वाले व्यक्ति को सीधे तौर पर जिम्मेवार ठहराते हुए सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं बीडीओ सावित्री कुमारी ने क्षेत्र के लोगों से यह अपील किया है कि किसी भी तरह का अफवाह पर ध्यान ना दें तथा अफवाह फैलाने वाले लोगों की सूचना बिना विलंब किए हुए संबंधित थाना के पुलिस को दें। समाज में शांति व्यवस्था कायम रखने में प्रशासन को मदद करें। इस मौके पर मुखिया प्रमोद कुमार, मूंगा साह, मुन्नी देवी, श्याम सुंदर बैठा, मनोरंजन प्रसाद गुप्ता, प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह, त्रिपुरारी सिंह, सुशील चौबे, उदय प्रसाद, हकीमुद्दीन अंसारी, अली हुसैन अंसारी, हेमंत पाठक, रामविचार साहू सहित अन्य लोग शामिल थे।

## नवाहपरायण महायज्ञ को लेकर रेहला में निकला भव्य कलश शोभा यात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** बिश्रामपुर नगर परिषद के मुख्य कस्बा रेहला में श्रीरामचरित मानस नवाहप्रयाण महायज्ञ सह अठरहवां मानस महाअधिवेशन को लेकर सोमवार को 501 कलश के साथ भव्य शोभायात्रा निकला गया। कलश शोभा यात्रा की शुरुआत रेहला (गढ़वा रोड) स्थित प्रसिद्ध सिद्धपीठ बाबा योगीबीर देव स्थल प्रांगण से हुआ। कलश शोभा यात्रा को मुख्य अतिथि पलामू संसद बी डी राम विशिष्ठ अतिथि भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी, एसएस सतीश कुमार, वरीय कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला, कथावाचक स्वामी कृष्णानंद शास्त्री जी महाराज, बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित व महायज्ञ समिति के अध्यक्ष श्याम



चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से भगवा झंडा दिखा कर रवाना किया.कलश शोभा यात्रा गाजे बाजे के साथ और जयघोष के बीच रेलवे स्टेशन,थाना चौक होते कोयल नदी तट पहुचा जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में जल भरा गया.इसके बाद नगर भ्रमण करते हुये यात्रा वापस योगिबिर बाबा यज्ञशाला परिसर पहुंचा.जहां पूरे विधि विधान से कलश की स्थापना करायी गयी। कलश शोभा यात्रा में राजद लोस प्रत्याशी ममता भुइयां, डॉ बी पी शुक्ला, खैरा विकाश मंच के संस्थापक अध्यक्ष ललन प्रसाद पांडेय, डॉ डी पी शुक्ला,सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, यज्ञ कमिटी के संरक्षक नरेंद्र सिंह, समाजसेवी ज्वाला गुप्ता, पंकज मिश्रा, आलोक पाठक, संजू सिंह, प्रमोद दीक्षित, भरदुल पासवान, प्रमोद पासवान, विकाश चौबे उर्फ मिंटू चौबे, विवेक शुक्ला, ईश्वरी पांडेय सहित दर्जनों गांव के सैकड़ों श्रद्धालु शामिल थे।

## पूर्वमंत्री के निधन पर पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य ने किया गहरा शोक व्यक्त



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्वमंत्री लालचंद महतों के निधन पर पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रामचन्द्र केशरी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करते हुये उन्होंने कहा कि स्व0 लालचंद महतों एक प्रसिद्ध समाजवादी नेता थे। उनके निधन की खबर से मैं काफी मर्माहत हूँ। उन्होंने कहा है कि स्व0 महतों उनके खास इष्ट मित्रों में से एक थे.पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के मंत्रिमंडल में हम दोनों साथ में मंत्री थे.स्व0 महतों हमेशा गरीबों की बात किया करते थे.वे पिछड़ो की लड़ाई क्षेत्र से न्यायालय तक लड़ते रहे। श्री केशरी ने स्व0 महतों के दिवंगत आत्मा की शांति तथा उनके परिवार को कष्ट सहने की शक्ति प्रदान करने के लिये ईश्वर से प्रार्थना किया है।

## सिगसिगी में ग्रामीणों की हुई बैठक रामनवमी पूजा कमेटी गठित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** प्रखंड के सिगसिगी ग्राम पंचायत में ग्रामीणों की एक बैठक हुई। बैठक में श्री रामनवमी पूजा महोत्सव के आयोजन का निर्णय लिया गया। इसके अलावा रामनवमी जुलूस निकालने और आकर्षक झांकी प्रस्तुत करने का फैसला लिया गया. रामनवमी पूजा महोत्सव के सफल संचालन हेतु एक कमिटी का गठन भी किया गया। नवगठित कमेटी का अध्यक्ष पंकज कुमार कुशवाहा को मनाया गया। वहीं राहुल कुमार गुप्ता, रविंद्र विश्वकर्मा, राजमुनि चौधरी व राम अयोध्या तिवारी को उपाध्यक्ष, अनुज कुमार चौधरी को सचिव, दिनेश कुमार गुप्ता को उपसचिव, सुधांशु कुमार को कोषाध्यक्ष तथा धीरज प्रसाद गुप्ता को उप कोषाध्याय मनोनित किया गया। इसके अलावा 51 सदस्यीय कार्यकारणी का भी गठन किया गया.जिसमे संजय मेहता रमेश कुशवाहा, उदय कमलापुरी, रामराज मेहता, संतोष गुप्ता, योगेंद्र पासवान, शिव शंकर चौधरी ,चंद्रदेव विश्वकर्मा, श्याम सोनी, राजकुमार चौधरी, धर्मेंद्र राम, सुरेंद्र मेहताविजय कुमार गुप्ता, पंकज गुप्ता, पप्पू चौधरी, छोटू शर्मा, अजीत चौधरी, रंजीत विश्वकर्मा, निखिल कुमार, हिमांशु मालाकार, अनुज कुमार, सुनील चंद्रवंशी आदि को शामिल किया गया है। बैठक में काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## गहोरा में कलश यात्रा के साथ रामनवमी पूजा का शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा (पलामू) :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के पंचायत बभन्डी के ग्राम गहोरा में भव्य कलश यात्रा के साथ रामनवमी पूजा का शुभारंभ हुआ। इस विराट रामनवमी पूजा महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि के रूप मे कर्नल संजय सिंह एवं विनोद कुमार सिंह पहुंचे थे। वही कलश यात्रा में प्रखंड प्रमुख विक्रांत सिंह यादव एनसीपी जिला अध्यक्ष संदीप पासवान जिला परिषद दद्दन पासवान हरि यादव राजकुमार गौतम पिंटू सिंह उमाशंकर सिंह सहित प्रखंड के अन्य गण्यमान लोग भी मौजूद थे. नवयुवक संघ के अध्यक्ष चंदन कुमार सिंह सचिव अनिमेष सिंह कोषाध्यक्ष आलोक कुमार उपाध्यक्ष छोटू यादव राहुल विश्वकर्मा भीम यादव दिलीप सिंह सहित अन्य लोगों के अथक प्रयास एवं मेहनत से यह कार्यक्रम का आयोजन हो पाया है.कलश यात्रा में सैकड़ो की संख्या में महिलाएं एवं पुरुषों ने भाग लिया. जय श्री राम के नारा चारों ओर गूंज रहा था. दिन मंगलवार से रात्रि में रामलीला का आयोजन भी रखा गया है।

## स्वीप टूर्नामेंट कप पर पंचायती राज विभाग ने जमाया कब्जा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पड़वा (पलामू) :** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत पड़वा में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया. इसमें पंचायती राज पलामू की टीम ने सेमी फाइनल में पलामू पुलिस टीम को शिकस्त देकर फाइनल में पहुंची. फाइनल मैच में फेयर माइन कार्बन प्राइवेट लिमिटेड को हरा चमचमाती कप पर कब्जा जमा लिया. पंचायती राज की टीम ने टॉस जीतकर पहले बालेबाजी करने उतरी. निर्धारित 10 ओवर में छह विकेट खोकर 119 रन का लक्ष्य दिया. जवाबी पारी खेलने उतरी फेयर माइन कार्बन प्राइवेट लिमिटेड की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 8 विकेट खोकर 78 रन ही बना सकी. पंचायती राज के हिमांशु ने 65 रन बनाकर मैन आफ द मैच का खिताब जीता. विजेता और उप विजेता टीम को पड़वा बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद और सीओ हलधर सेठी ने संयुक्त रूप से दोनो टीमों को ट्राफी दिया. बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने कहा लोकतंत्र का महापर्व चुनाव है ऐसे में वोटरों को जागरूक करने के लिए आयोजन किया गया था. जनता देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपने वोट की ताकत को समझे और अपना मत देकर लोकतंत्र को मजबूत बनाएं. वोट देने जरूर जाए. सीओ हलधर सेठी ने कहा की लोकतांत्रिक व्यवस्था में हमे अपना मत देकर अपना सरकार बनाने का अधिकार मिलता है. जिसका उपयोग सभी वोटरों को अवश्य करना चाहिए. इससे पूर्व फैंसी मैच का भी आयोजन किया गया।

## रामचरितमानस नवाह परायण यज्ञ समिति महावीर भवन के द्वारा निकाला गयाा कलश यात्रा



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महावीर मंदिर प्रबंधन समिति के तत्वधान में विगत 3 वर्षो से होने वाले रामचरित मानस नवाह यज्ञ समिति के द्वारा सोमवार 2024 दिन सोमवार को सुबह 7:00 बजे निकला गया। कलश यात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए देवरी सोनभद्र नदी में जल भरकर वापस महावीर मंदिर जपला पहुंचा। कलश यात्रा अंबेडकर चौक मधुशाला रोड, पुरानी बाजार,रविदास नगर,लंबी गली, गांधी चौक, जेपी चौक होते हुए सोनभद्र नदी पहुंचा। यज्ञ आचार्य देवव्रत पांडे एवं मंदिर के पुजारी गोपाल पाठक ने वैदिक मंत्रोच्चारन के साथ सभी कलश धारीयो को विधिवत्त पूजा अर्चना कराया। वहीं कलश धारी श्रद्धालुओं ने कलश में जलभरी कर यज्ञ मंडप महावीर भवन, जपला पहुंचे। प्रबंधन समिति के द्वारा इस अवसर पर महाप्रसाद की व्यवस्था की गई जहां सभी श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद भी ग्रहण किया। मंगलवार से चैत शुक्ल पक्ष के प्रथम दिन कलश स्थापना कर 9 दिनो के लिए मानस पाठ का प्रारंभ किया जाएगा। इस कलश यात्रा में मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी, भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह, कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष रामेश्वर राम उर्फ छठनराम, मंदिर उपाध्यक्ष कामाख्या नारायण सिंह, राजेंद्र पाल, पप्पू सोनी, कोषाध्यक्ष संजय कुमार सोनी, सचिव उत्तम कुमार सहसचिव राजीव कुमार ठाकुर, कृष्णामुरारी अग्रवाल, अरविंद ओझा, संतोष गुप्ता, राजेंद्र प्रसाद, राजेश कुमार सिंह, शशि कुमार उर्फ काजू, सचिन कुमार आनंद, मन्नू कश्यप, मंतोष चौधरी, पंकज गुप्ता, सनी चंदेल, किशन कुमार सहित कई अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

## रामनवमी व ईद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक थाना परिसर में संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** रामनवमी एवं ईद उल फितर पर्व को लेकर नगर उंटारी थाना परिसर में सोमवार को शांति समिति कि बैठक पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक में दोनों समुदायों के गणमान्य लोग मौजूद थे। बैठक में आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्वक पर्व को मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में पर्व के दौरान आयोजित जुलूस में शांति बहाल करने पर चर्चा किया गया। बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए लोगो को संबिधित करते हुए पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह ने कहा कि रमजान का त्यौहार चल रहा है।इसी दौरान रामनवमी पर्व भी है। हम सब इस तरह त्योहार मनाएं कि किसी दूसरे को परेशानी ना हो। उन्होंने कहा कि पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड़ में है। हर साल की तरह



इस बार भी प्रखंड क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहेगी। उन्होंने ने थाना क्षेत्र वासियों को रामनवमी एवं ईद पर्व की अग्रिम बधाई देते हुए दोनों पर्व आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की है। थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक ने कहा कि रामनवमी एवं ईद पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए पुलिस प्रशासन तात्पर्य है। उन्होंने उपस्थित लोगों से अफवाह पर ध्यान नहीं देने एवं किसी प्रकार की सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन को सूचित करने को कहा। ताकि किसी अप्रिय घटना से पूर्व प्रशासन उसे पर अंकुश लगा सके। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वालों को किसी भी हाल में नहीं बक्शा जाएगा।उन्होंने कहा कि इस दौरान शराब पीकर गाड़ी चलाते हुए पकड़े जाने पर गाड़ी सीज कर लिया जाएगा। पर्व के दौरान शरारती व असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। पर्व के उत्सव की भावना को खराब करने की कोशिश की तो उन्हें कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। शराब के कारण किसी भी कीमत पर माहौल नहीं बिगाड़ना चाहिए। किसी भी डीजे संचालक या कार्यक्रम आयोजन को आपत्तिजनक, भड़काऊ और अश्लील गाने नहीं बजाना चाहिए। बैठक में बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शैलेश चौबे, उप प्रमुख गणेश प्रताप दे०, पूर्व प्रमुख रविन्द्र पासवान, डॉ कैशर आलम, समाज सेवी हजारी प्रसाद, मुखिया रेखा कुमारी, पूर्व मुखिया पंकज प्रताप दे०, मुश्ताक अहमद शेख,भाजपा नेता लक्ष्मण राम, रघुराज पांडेय, राकेश चौबे, ओमप्रकाश गुप्ता, झामुमो नेता अमर राम, अमर नाथ पांडेय, वीरेंद्र प्रसाद, राजकुमार राम, भगवान राम, शमीम खान,सदर सलाउदीन खान, नीरज कुमार, नसीम अंसारी, गुलाब चंद्रवंसी, शरद कुमार, राम पवन गुप्ता सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## रामनवमी पर्व, सरहुल तथा ईद को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिशुनपुरा :** सोमवार को बिशुनपुरा थाना परिसर में आगामी रामनवमी तथा ईद उल फितर पर्व को देखते हुए बिशुनपुरा अंचलाधिकारी संदीप मद्धेशिया की अध्यक्षता में हुई शांती समिति की बैठक। बैठक का संचालन विधायक प्रतिनिधि कृष्णा विश्वकर्मा द्वारा किया गया। वहीं शांती समिति बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बिशुनपुरा थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया की रामनवमी के दिन डीजे(साउंड बाजे) कम साउंड में बजेंगे एवं भड़काऊ गाना नहीं बजाने की अपील कि। वहीं उन्होंने कहा कि जुलुस को ससमय तथा शांति व्यवस्था कायम रखते हुए संपन्न किया जाए। वहीं रामनवमी को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहेगी। वहीं पुलिस अफवाह पर अपनी पैनी नजर रखेगी। अगर कोई समस्या होता है तो आप तत्काल पुलिस से संपर्क कीजिए जिसका त्वरित निवारण किया जाएगा। वहीं उन्होंने कहा कि जुलुस कार्यक्रम में सड़क बाधित किए बिना जुलुस कार्यक्रम



किया जाए। वहीं शांति समिति की बैठक को संबोधित करते हुए बिशुनपुरा अंचलाधिकारी संदीप मद्धेशिया ने आगामी लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की लोगों से आग्रह किया। वहीं उन्होंने ईद उल फितर तथा रामनवमी पर्व पर सभी लोगों को मिल जुल कर त्योहार को सम्पन्न करने की बात कही तथा रामनवमी के हर अखाड़ा में लगभग दस वॉलिंटियर रखने की बात कही। उन्होंने तपती धूप गर्मी को देखते हुए जुलुस में जलपान की व्यवस्था रखने की बात कही। वहीं उन्होंने रामनवमी जुलुस में मोटरसाईकिल नहीं चलाने की अपील की तथा रामनवमी जुलुस निर्धारित मार्ग से ही जुलुस निकली जायेगी जिसका अनुपालन करना होगा। वहीं रामनवमी पर्व को देखते हुए प्रसाशन की शोशल मीडिया पर पैनी नजर रखेगी। जिससे गलत अफवाह संदेश फैलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं जुलुस में शराबियों पर नजर रहेगी तथा पकड़े जाने पर उनपे कड़ी कार्रवाई की जायेगी। वहीं शांती समिति की बैठक में लोगों ने प्रखंड मुख्यालय के पतिहारी देवी धाम पूजा पाठ करने का स्थल की बात कही। जिसे तुरंत संज्ञान में लेकर अंचलाधिकारी ने शाम चार बाजे वहां के लोगों के साथ बैठकर उस समस्या पर बात करने की बात कही। वहीं शांती समिति की बैठक में बिशुनपुरा अंचलाधिकारी संदीप मद्धेशिया, थाना प्रभारी राहुल सिंह, जेएसआई अमित प्रशांत, एएसआई संजय महतो, गढ़वा जिला धर्माचार्य राधेश्याम पांडेय, विहिप के प्रखंड अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप देव, प्रमुख प्रतिनिधि चंदन कुमार मेहता, सांसद प्रतिनिधि पुल्तसय शुक्ला, जयसवाल मेडिकल के प्रोपराइटर दीपक जी, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा विश्वकर्मा, जितेंद्र दीक्षित, बिशुनपुरा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि प्रवीण यादव, अमहर पंचायत मुखिया ललित नारायण सिंह, पिपरी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि अशोक पासवान, पतिहारी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि मुन्ना अंसारी, बिशुनपुरा पंचायत पूर्व मुखिया प्रतिनिधि बलराम पासवान, युवा समाजसेवी आलम बाबु, व्यवसाई संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, बिशुनपुरा पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि भुनेश्वर राम,अभिजीत सिंह, जितेंद्र कुमार, राजू ठाकुर, जितेंद्र गुप्ता सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा का काम ही है गाली दो, लोगों को धमकाओ ताकि कोई हिसाब ना मांगे, कुछ ना पूछे : सुप्रियो

**रांची।** भाजपा के झारखंड प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेयी का एक वायरल हो रहे ऑडियो पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कड़े तेवर दिखाए हैं। उन्होंने कहा कि लक्ष्मीकांत बाजपेयी उत्तर प्रदेश से झारखंड में आकर महिलाओं के साथ गली गलौज कर रहे हैं। उन्होंने लक्ष्मीकांत बाजपेयी को महिला विरोधी बताया। सुप्रियो ने कहा कि इस कृत्य को पुलिस संज्ञान में ले और तुरंत लक्ष्मीकांत बाजपेयी को कारागार में डालने का काम करें। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 10 साल का रिकॉर्ड क्या है, ये बताएं। जब देश जानना चाह रहा है कि 10 साल में क्या हुआ है तो भाजपा की ओर से ऐसे लोगों को भेजा जाता है जो गाली गलौज करता है। भाजपा का काम ही है गाली दो, लोगों को धमकाओ ताकि कोई हिसाब ना मांगे, कुछ ना पूछे।

### हत्या करने के दोषी को आजीवन कारावास

**रांची :** अपर न्यायायुक्त एस बिरुआ की अदालत ने सोमवार को प्रेम प्रसंग में महिला की हत्या करने के दोषी संजीव कुमार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उसपर 20 हजार जुर्माना भी लगाया है। हत्या का यह मामला वर्ष 2019 का है। बताया जाता है कि आरोपित संजीव और मृतका के बीच प्रेम प्रसंग था। लेकिन आरोपित संजीव किसी दूसरे महिला से विवाह रचाने जा रहा था। जबकि उसकी प्रेमिका उसपर शादी के लिए दबाव पर बना रही थी। रास्ते से हटाने के लिए संजीव ने अपनी प्रेमिका की हत्या कर उसका शव मधुपुर रेलवे ट्रैक पर फेक दिया था।

# 12 अन्य वैकल्पिक दस्तावेज दिखाकर किया जा सकता है मतदान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में रांची लोकसभा क्षेत्र में आगामी 25 मई 2024 को मतदान होना है। ऐसे में मतदाताओं को मतदान से पहले (मतदाता फोटोयुक्त पहचान पत्र) प्रस्तुत करना है। किसी कारणवश मतदाता मतदान केंद्र में इपीआईसी प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं तो वो वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान पत्र दिखाकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं।



### ईपीक के अलावा वो कौन-कौन से हैं 12 अन्य मान्य दस्तावेज

आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड,बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड, एनपीआर अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट,फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज,केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार। मतदान के लिए रांची लोकसभा क्षेत्र के छूटे हुए योग्य नागरिक 25 अप्रैल 2024 तक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए बीएलओ के माध्यम से फॉर्म-6 या ऑनलाइन माध्यम से आवेदन दिया जा सकता है। नागरिक वोटर हेल्पलाइन ऐप्प डाउनलोड कर आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# निरीक्षण के दौरान गुमला के 23 शिक्षकों को शोकॉज नोटिस जारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** प्रयास सह प्रोजेक्ट इम्पैक्ट (एनईपी) के जमीनी कार्यान्वयन के लिए राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन के निर्देशानुसार गठित राज्यस्तरीय अनुश्रवण दल की ओर से विभिन्न जिलों में सरकारी स्कूलों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। 24 पदाधिकारियों के नेतृत्व में गठित तीन सदस्यीय दल द्वारा लापरवाही बरतने वाले स्कूलों, शिक्षकों, एचएम के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की गयी है। सोमवार को राज्य के कई सरकारी स्कूलों में टीम द्वारा औचक निरीक्षण कर स्कूल में शैक्षणिक वातावरण, शिक्षकों एवं बच्चों की उपस्थिति, स्कूल की आधारभूत संरचना, लैब, हाउस आदि की समीक्षा कर टीम ने राज्य शिक्षा परियोजना को अपनी रिपोर्ट भेजी। अनुश्रवण दल ने कई स्कूलों में शिक्षकों एवं प्रधानाध्यापकों को लापरवाही बरतने एवं राज्य शिक्षा परियोजना परिषद के आदेशों की अवहेलना करने के मामले में दोषी पाया। टीम ने गुमला के 23 शिक्षकों को ई-विद्यावाहिनी पोर्टल में नियमित बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज नहीं करने के मामले में शोकॉज नोटिस जारी किया गया है। इन शिक्षकों को तीन दिन के अंदर जवाब देने का निर्देश दिया गया है। साथ ही संतोषजनक जवाब ना मिलने की स्थिति में इनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने की अनुशंसा की गयी है।

जिन शिक्षकों को शोकॉज किया गया है उनमें शशी तिर्की, किरण प्रसाद, पिंटू बारा, अशोक साहू, प्रियंका कुमारी, मोहम्मद असलम, संगीन मिंज, उज्वला मिंज, श्वेता पांडे, जाकिर हुसैन, पुनीत मिंज, फिलसिता टोप्पो, सुधा लका, अनुपमा केरकेट्टा, शांता जोज्वार, रश्मी तिग्गा, ब्रिजेट कुजूर, अभिषेक लका, महादेव साहू, मुनमुन लका, हेमंत महतो, नैंसी प्रिया और लेना कुजूर के नाम शामिल हैं।

**गुमला एवं पलामू के एक-एक स्कूलों के शिक्षकों और एचएम की रुकेगी सैलरी:** गुमला एवं गढ़वा निरीक्षण के लिए गए अनुश्रवण दल ने इन जिलों के एक-एक स्कूलों को लैब कार्यशील नहीं रहने एवं कम अटेंडेंस के मामले में दोषी पाया है। गुमला के कामडारा स्थित कुरकुरा राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय और पलामू के पाटन के राजकीयकृत प्लस टू हाई स्कूल के शिक्षकों और प्रधानाध्यापक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए इन दोनों स्कूलों के शिक्षकों और एचएम की सैलरी रोकने का आदेश दिया गया है।

आरके प्लस टू हाई स्कूल के अटेंडेंस पर टीम ने जताई नाराजगी अनुश्रवण दल के पदाधिकारियों ने गढ़वा के रमना स्थित आरके प्लस टू हाई स्कूल में बच्चों की कम उपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक को रिपोर्ट भेजी है। टीम ने पाया कि स्कूल में कुल बच्चों के अनुपात में प्रार्थना सभा में बच्चों की उपस्थिति बेहद कम थी। टीम ने स्कूल से इस मामले में स्पष्टीकरण मांगा है।

# फर्जी कॉल से मतदाताओं को भ्रमित करने वालों के खिलाफ आजसू ने दर्ज की शिकायत




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यालय सचिव बनमाली मंडल ने अरगोड़ा थाने में आवेदन देकर मोबाइल नंबर 8069167870 से कॉल करने वाले अज्ञात लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। आवेदन में कहा गया है कि उक्त मोबाइल नंबर से गिरिडीह लोकसभा के मतदाताओं को कॉल करके गलत जानकारी देकर दिग्भ्रमित किया जा रहा है। यह व्यक्ति भारतीय जनता पार्टी कार्यालय से कॉल करने का दावा करते हुए लोगों को गिरिडीह लोकसभा प्रत्याशी चन्द्र प्रकाश चौधरी को वोट नहीं देने की बात कह रहा है। विकृत मानसिकता के लोग चंद्र प्रकाश चौधरी की छवि खराब करने के लिए अनैतिक और गैर कानूनी उपाय अपना रहे हैं।बनमाली मंडल ने कहा कि इस तरह के कॉल से न सिर्फ चन्द्र प्रकाश चौधरी और हमारे गठबंधन की छवि ही धूमिल नहीं हो रही रही है बल्कि मतदाताओं को भी प्रभावित किया जा रहा है। इस तरह के आपराधिक मानसिकता वाले लोग निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया को भी बाधित कर रहे हैं।एफआईआर दर्ज होने के बाद अरगोड़ा थाना प्रभारी ने दोषियों पर जल्द से जल्द कार्यवाई का भरोसा दिलाया है।

# एक सप्ताह के अंदर एएमएफ की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 63-राँची सह अनुमंडल पदाधिकारी, सदर उत्कर्ष कुमार ने राँची शहरी क्षेत्र के वैसे सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक की, जहाँ आसन्न लोक सभा चुनाव 2024 हेतु मतदान केन्द्र स्थित हैं।बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक अभियंता, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, राँची एवं विद्यालयों के प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।बैठक में सर्वप्रथम निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 63-राँची द्वारा विद्यालयवार मतदान केन्द्रों पर न्यूनतम सुविधा उपलब्ध कराने (सुनिश्चित न्यूनतम सुविधा) से संबंधित विवरणी की विवेचना की गई।



साथ ही विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों से विहित प्रपत्र में प्राप्त प्रतिवेदन पर विद्यालयवार सभी बिंदुओं पर गहन समीक्षा की गई।

**इस संबंध में निम्नवत निदेश दिये गये :**बैठक में सभी प्रधानाध्यापकों को स्पष्ट रूप से निदेशित किया गया कि अपने-अपने विद्यालयों में जहाँ मतदान केन्द्र स्थित है, वहाँ न्यूनतम सुविधा (सुनिश्चित न्यूनतम सुविधा - एएमएफ) एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# अस्त्र शास्त्र चालान प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** श्री महावीर मंडल थड़पखना रांची के तत्वावधान में 13 अप्रैल 20 24 रात्रि 10-30 बजे से एक भव्य अस्त्र शास्त्र चालान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है । उपरोक्त जानकारी देते हुए मंडल के मुख्य आजीवन संरक्षक राजा सेनगुप्ता एवं अध्यक्ष रवींद्र वर्मा ने बतलाया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंडल के द्वारा एक भव्य शास्त्र चालान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जो न्यूनियन क्लब रांची के सामने होगा । इस प्रतियोगिता में महावीर मंडल के अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू चैती दुर्गा पूजा के अध्यक्ष शंकर दुबे,रांची महानगर श्री महावीर मंडल के अध्यक्ष कुणाल अजमानी, श्री शनि देव मनोकामना मंदिर रांची के मुख्य संरक्षक किशोर साहू, चंद्रशेखर आजाद क्लब के अध्यक्ष रमेश सिंह, श्री महावीर मंडल पूर्वी क्षेत्र के अध्यक्ष रमेश सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग वर्मा, यजस्वी शंकर तिवारी ,कुमार राजा, उज्जवल तिवारी, राजेश महतो ,अभय शंकर दयाल अधिवक्ता एवं आशीष कुमार मुख्य रूप से उपस्थित होकर प्रतियोगिता की शोभा बढ़ाएंगे। इस आयोजन में सुचरित्र चौधरी राजेन वर्मा अशोक लोहरा बबलू चोपड़ा पप्पू वर्मा, दिलीप यादव पप्पू चौधरी ,बबलू चोपड़ा, जीतू लोहरा, जयंत मंडल, गोपाल कर्मकार बबलू चोपड़ा सूचित चौधरी दीपक यादव, मोती ठाकुर सहित अन्य सदस्य श्री रामनवमी धूमधाम से मनाने के लिए लगे हुए हैं।

# पुलिस ने घटना की योजना बना रहे तीन युवकों को किया गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** एसएसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि रांची गुमला एन एच 43 मुख्य सड़क पर टोल प्लाजा के करीब 3 से 400 मीटर पहले कुछ अपराधी हथियार के साथ आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। इसकी सूचना के सत्यापन के लिए थाना प्रभारी नगड़ी अभिषेक राय के नेतृत्व में छापेमारी दल गठन किया गया। उक्त घटनास्थल पर छापेमारी के लिए पुलिस जब पहुंची तो देखा वहां पर स्विफ्ट डिजायर



कर खड़ी है। पुलिस अपनी गाड़ी को कर के सामने खड़ी कर दी । पुलिस की गाड़ी को अपनी गाड़ी के सामने खड़ा देख कर से तीन युवक कार से बाहर निकले तथा भगाने का प्रयास करने लगे । पुलिस सभी को खदेड़ कर पकड़ लिया और सब की तलाशी ली गई । एक युवक पैंट के सहारे बांई कमर में खोसा हुआ एक देसी कट्टा मिला और उस व्यक्ति ने अपना नाम कैफ अंसारी बताया। इसके अलावा नुरुल अंसारी, रियाज अंसारी से भी पूछताछ की गई। इसके बाद उसे भी गिरफ्तार किया गया ।

इन के पास से एक देसी कट्टा ,शिफ्ट डिजायर कार ,जेएच 01 इजे2286 जप्त किया गया है। इस छापेमारी दल में नगरी थाना प्रभारी अभिषेक राय,देवानंद यादव , संजय कुमार निर्मल उरांव , सुबोध कुमार, ललन सिंह शामिल थे।

# जिया हरसाए एलबम में नृत्य करती नजर आएंगी विधायक अंबा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** कुहूं कुहूं गाये आंबा डारे कोयल, कुहूं कुहूं गाये,हाय रे हाय ,जिया हरसाय......ये झारखंडी लोक गीत को स्वर दी है कांग्रेस से बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद ने, गीत लिखे हैं मंगल और निर्देशित किया है मोनू राज ने। कांग्रेस से बडकागांव की विधायक और इन दिनों ईडी की छापामारी से चर्चा में आई अंबा प्रसाद ने अपनी राजनीतिक पारी में काफी व्यस्त हैं और इसी व्यस्तता के बीच समय निकाल कर उन्होंने जिया हरसाए÷ म्यूजिक वीडियो एल्बम में गाना गाते और डमकच नृत्य करती




नजर आ रही है। सोमवार को द रांची प्रेस क्लब में उन्होंने पोस्टर लांच किया। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक पर्व सरहुल के अवसर पर जिया हरसाए म्यूजिक वीडियो एल्बम गाने में खुद अभिनय करती नजर आयेंगी ।एल्बम में गाना गाती और नृत्य करते दिख रही हैं। आगे बताया कि यह गाना विशेष तौर पर झारखंड के पारंपरिक एवं प्राकृतिक पर एवं सरहुल के अवसर पर आधारित है और यह न केवल हमारे राज्य बल्कि हमारे पूरे देश भर में इस गाने की धूम मचेगी,आगे भी इसी तरह की तैयारी है।

# पेयजल उपलब्ध कराने के लिए निगम ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भीष्म गर्मी को देखते हुए रांची नगर निगम अपने निगम क्षेत्र के लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए तैयार है। निगम ने करीब 75 मोबाईल वाटर टैंकर जलापूर्ति के लिए लगाए है। स्वच्छ जलापूर्ति से संबंधित किसी भी शिकायत, सुझाव व जानकारी के लिए नगर निगम ने एक कंट्रोल रूम बनाया है। निगम के इस फोन नंबर 9431104429 पर कॉल कर सकते हैं । नगर निगम ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपने निजी जीवन में जल की बर्बादी न करें तथा जल का उपयोग अपने दैनिक जरूरतों के हिसाब से उचित प्रकार से करें। आगे बताया गया कि प्रत्येक टैंकर की क्षमता 4000 लीटर की है। वर्तमान में कुल पांच स्थलों से सरफेस वाटर को ट्रीट कर जलापूर्ति की जा रही है। गोंदा, हातमा हिल, सिमलिया , आईटीबीपी एवं सिरम टोली से जलापूर्ति कर प्रतिदिन 2 लाख लीटर भूगर्भ जल दोहन होने से बचाया जा रहा है। लोगों से ये भी अपील की गई है कि अपने घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग पद्धति अपनाए एवं वर्षा जल संचयन कर भूगर्भ जल लेवल बढ़ाने में सहयोग करें। साथ ही औरों को भी जल बचाने के लिए जागरूक करें।

### रिकॉर्ड रुम से चोरी हुई कागजात को लेकर जिला प्रशासन ने की छानबीन

**रांची।** सोमवार को अचानक कचहरी स्थित रिकॉर्ड रुम में जांच करने रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा और सिटी एसपी राज कुमार मेहता पहुंचे। बीते दिनों 4 अप्रैल को कचहरी स्थित रिकॉर्ड रूम में चोरी की घटना की सूचना प्राप्त हुई थी। जिसके बाद कोतवाली थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गयी। इसी मामले को लेकर छानबीन की जा रही है। उपायुक्त और सिटी एसपी ने रिकॉर्ड रुम के कर्मचारियों से पूछताछ की है। रिकॉर्ड से जुड़े कागजों को देखा गया। इसके साथ ही जिस जगह से जमीन से संबंधित दस्तावेज चोरी हुई है, उस जगह के फोटो और फ्रिंगर प्रिंट लिए गए हैं।

# बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में औचक निरीक्षण, खाली हाथ लौटी पुलिस प्रशासन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची चंदन सिन्हा के संयुक्त नेतृत्व में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार, रांची का औचक निरीक्षण किया गया।इस टीम में अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था, रांची-राजेश्वर नाथ आलोक, अनुमंडल पदाधिकारी, सदर, रांची- उत्कर्ष कुमार, पुलिस उपाधीक्षक, नगर-के.वी. रमन, पुलिस उपाधीक्षक, मुख्यालय-2- अरविंद कुमार, पुलिस उपाधीक्षक, सदर- संजीव कुमार बेसरा के अतिरिक्त 06 थाना




प्रभारी-सह- पुलिस निरीक्षक - कोतवाली, सदर थाना, लोअर बाजार थाना, बरियातु थाना, सुखदेव नगर थाना तथा यातायात थाना प्रभारी कोतवाली भी शामिल थे। उक्त पदाधिकारियों के अतिरिक्त 140 पुरुष तथा 20 महिला आरक्षी भी शामिल रहे। अलग-अलग 16 टीम बनाकर सभी वार्ड, महिला वार्ड, सेल तथा अस्पताल आदि की जांच की गई। निरीक्षण के क्रम में कोई भी आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई। निरीक्षण के दौरान केंद्रीय कारा के जेलर एवं जेल सुपरीटेंडेंट उपस्थित रहे, जिनसे उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने केंद्रीय कारा की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, अस्पताल की व्यवस्था, रसोई घर तथा कैदियों से मुलाकाती की व्यवस्था आदि की जानकारी ली।उक्त निरीक्षण आगामी लोकसभा आम चुनाव- 2024 के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न करने के भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के संदर्भ में किया गया। भविष्य में भी केंद्रीय कारा में औचक निरीक्षण किया जाता रहेगा।

# कांग्रेस ने देश के साथ कभी न्याय नहीं किया, जनता से मांगे माफी : मरांडी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला है। मरांडी ने कहा कि कांग्रेस ने देश के साथ कभी न्याय नहीं किया है। उसने झारखंडवासियों के साथ पूरे देश के साथ अन्याय किया है। कांग्रेस को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता में कहा कि कांग्रेस के समय गांव तक सुविधाएं नहीं पहुंची थीं। गांव में सड़कें नहीं थीं, बिजली नहीं थी और चिकित्सा व्यवस्था का हाल बुरा था। कांग्रेस ने कभी गांव की चिंता नहीं की। कांग्रेस नेता गांव की बात रोज करते थे पर उन्होंने गांव के लिए कोई काम नहीं किया। मरांडी ने कहा कि कांग्रेस को क्षमा




मांग कर न्याय पत्र निकालना चाहिए। मरांडी ने कहा कि आज गांव में सड़क है, बिजली है, चिकित्सा की सुविधा है। एक समय कांग्रेस ने पूरे देश में संकट पैदा कर रखा था। कांग्रेस के शासनकाल में शहरों में भी गैस सिलेंडर नहीं मिलता था। आज हर गरीब के घर गैस चूल्हा है। भाजपा के शासनकाल में बैंकों को गरीबों की चौखट तक पहुंचाया। लोगों का खाता खुलवाया। ग्रामीणों को सारी सुविधाएं उनके खातों में पहुंचा रहे हैं। भारत आज आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर मारता है। कांग्रेस के राज में दंगा चरम पर था, पर आज चारों ओर शांति है। देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है। देश आज आर्थिक रूप से आगे बढ़ता जा रहा है। भारत आज विश्व की पांचवीं आर्थिक महाशक्ति बन गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य 2047 तक भारत को विकसित बनाने का है और इस दिशा में तेजी से कार्य हो रहे हैं।

# महिलाओं को आत्मस्वबलंबी बनाने के लिए सिलाई कटाई प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** आरसेटी जामा में महिला सिलाई कटाई प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ ।इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी जामा, दुमका में महिला सिलाई कटाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि अग्रणी जिला प्रबंधक चंद्रशेखर पटेल, नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक शुभेन्दु बेहरा, आरसेटी के निदेशक पंकज कुमार चौधरी, महिला प्रशिक्षका अनिता शर्मा,संकाय सदस्य एवं प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि एलडीएम चंद्रशेखर पटेल ने सिलाई के रोजगार के बारे में सभी प्रशिक्षणार्थियों को विस्तार पूर्वक बताया और कहा कि इसको सीख कर कैसे आप लोग अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकते है। नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक शुभेन्दु बेहरा ने कहा कि आरसेटी की ओर से चलाये जा रहे विभिन्न प्रकार के स्वरोजगार से सम्बंधित कार्यक्रमों की सराहना की। आरसेटी के निदेशक पंकज कुमार चौधरी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले महिलाएं अपने घर पर रहकर ही रोजगार से जुड़ सकते है। यह संस्थान लगभग 11 वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार युवक व युवतियों को प्रशिक्षण देकर हुनरमंद बनाती रही है। इस मौके पर संकाय सदस्य उत्पल कुमार लाहा व अमरदीप कुमार, कार्यालय सहायक अभिषेक कुमार व मनोज कुमार सिंह, एफएलसी बप्पी सेन,संजय सोरन अन्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### सदान विकास पार्टी ने की लोकसभा चुनाव उम्मीदवार की घोषणा

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सदान विकास पार्टी की एक प्रेस कॉन्फ्रेंस दिनांक 7/ 4 /2024 को होटल शिवानी इंटरनेशनल हिनू रांची में लोकसभा चुनाव उम्मीदवार की घोषणा को लेकर की गई



।आज की प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी के पदाधिकारी, सदस्य गण एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजेंद्र प्रसाद साहू जी के नेतृत्व में की गई। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 आर0 पी0क्षसाहू जी ने कहा कि आज लोकसभा प्रत्याशियों की घोषणा करने का दिन रखा गया था जो आज हम पुर्ण रूपेण आए हुए चतरा लोकसभा उम्मीदवार श्री संजय ठाकुर जी का हम सभी पदाधिकारी गण एवं कॉन्फ्रेंस में उपस्थित सदस्य गण तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, प्रिंट मीडिया, एवं टीवी चैनल को हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं। डॉक्टर आर0 पी0 साहू जी ने अपने वक्तव्य में यह भी कहा कि श्री संजय ठाकुर जी जो चतरा लोकसभा सीट के सदान विकास पार्टी के उम्मीदवार है। वो एक कर्मठ एवं सुयोग्य शिक्षक उम्मीदवार है और ओबीसी से आते हैं।

### भूमि सुधार कार्य में हो रही परेशानी को लेकर हुई बैठक

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लुपुंग पंचायत सचिवालय में नागरिक अधिकार संघर्ष मंच द्वारा भुमि सुधार कार्य में हो परेशानी को लेकर बैठक बुलाई गई।जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान तुलसी मुंडा



ने की। बैठक में ज्योति प्रसाद साहू ने बताया भु अभिलेखो का डिजिटलाइजेशन प्रशंसनीय और महत्वपूर्ण समझा जा रहा था। पर जब आम आदमी को अवलोकनार्थ सार्वजनिक किया गया तो पता चला कि यह बिल्कुल अभिशाप बन गया है। ऑनलाइन प्रविष्टि में त्रुटियां ही त्रुटियां पाई गई ।रैयत का नाम पता जाति ,खाता संख्या ,प्लॉट संख्या, रकबा, खतियान एवं पंजी 2 से रैयत का नाम गायब हो गया, जमीन गायब हो गया ,रसीद गायब हो गया लगन अप्रत्याशित रूप से वृद्धि हो गई। इन सभी मुद्दों को ही लेकर आज हमें एकजुट होकर ऑनलाइन भूमि सुधार के कार्य को सरकार के खिलाफ में विरोध दर्ज करना है और इसके लिए हमें सभी नागरिकों से अपील है हम सभी व्यक्ति उपस्थित होकर सब सम्मति से इसके निदान का उपाय को ढूंढेंगे और विरोध करेंगे। इस कार्य के लिए सिर्फ प्रशासन ही दोषी है क्योंकि आम व्यक्ति ऑनलाइन सुधार के लिए कई वर्षो से अंचल के कार्यालय में परिक्रमा कर रहे हैं परंतु कोई भी काम बिना सेटिंग का नहीं होता है इसलिए जनता को न्याय नहीं मिल पा रहा है। इसी मुद्दे पर हेमंत कुमार सिंह रिटायर वरिष्ठ नागरिक ने अपनी बातों को रखा कि आज ड्यूटी आज भु सुधार डिजिटाइजेशन जनता के शोषण का प्रतीक बन गया है ।इसी तरह उपस्थित सभी नागरिक अपने-अपने विचार रखें। विचार रखने वालों में ठाकुरदास माझी, दिनेश कुमार साहू ,अमूल्य रत्न बेदिया, देवेन्द्र नाथ महतो, पद्मलोचन महतो, सुरेंद्र प्रसाद माझी, विकास मुंडा, जगदीश गोराई, शुक्राचार्य महतो ,शंकर महतो, पुरानचंद माली, भुवनेश्वर बेदिया, मनोज कुमार भगत, महेश्वर मंडल उपस्थित रहे।

### टाटीसिलवे थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टाटीसिलवे थाना परिसर में राम नवमी, सरहुल व ईद त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी मनोज कुमार ने



किया। वहीं सर्वप्रथम विभिन्न अखाड़ों से उपस्थित लाइसेंस धारियों की उपस्थिति देखी गई तथा पंचायत वार अखाड़े के लाइसेंस धारियों ने अपनी - अपनी बातों को रखा।वहीं उपस्थित लोगों ने पर्व को शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने तथा एक दुसरे को सहयोग करने की बात कही। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने कहा की पर्व के दौरान हुड़दंगियों पर शासन की पैनी नजर रहेगी ।इंटरनेट,मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट नहीं करेंगे व अफवाह पर ध्यान नहीं देंगे। किसी तरह का अफवाह या असामाजिक तत्व की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें ।पर्व के दौरान शराब का सेवन नहीं करेंगे तथा गाइडलाइन के अनुसार शोभा यात्रा हेतु मार्ग में परिवर्तन नहीं होगा । मौके पर टाटी पुर्वी मुखिया कृष्णा पहान ,सिल्वे मुखिया नूतन पाहन,बड़ाम मुखिया कृष्णा लोहरा, टाटी पुर्व मुखिया किरण पहान , नामकुम पुर्व प्रमुख माधुरी देवी बिगना महतो , ब्रजेश सिंह, के डी शर्मा ,गिरधर मिश्रा राजन शाहू सोहन मुंडा चतरा पुर्व मुखिया, क्रिस्टो कुजुर चतरा ग्राम प्रधान, राजेश मिश्रा, अमित मिश्रा, रामकीस्टो महतो, विनोद महतो संजीव कुमार सिंह,अरविंद सिंह सनील जाय इत्यादि के साथ एस आई भवेश कुमार , स्वेता कुमारी, अरुण कुमार, दीनबंधु दुब्बे,रवि कुमार, मनीष कुमार, राजकुमार यादव समेत क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद

## ईद, सरहुल व रामनवमी को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी :** ईद, सरहुल व रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक सोमवार को थाना परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी शशि नीलिमा डुंगडुंग की अध्यक्षता में हुई। बैठक में शांति और सौहार्द और भाइचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की गई। सरहुल जुलूस और रामनवमी मेला के दौरान चिकित्सा सेवा व पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की गई।



मौके पर अंचल अधिकारी विजय कुमार ने कहा की आचार संहिता को ध्यान में रख हम सभी को त्योहार मनाना है, वही थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने कहा की पर्व के दौरान अफवाहों से दूर रहें, शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखी जायेगी साथ ही अशांति फैलाने वालों पर कड़ी से कड़ी करवाई की जाएगी। बैठक का संचालन अजीत केशरी के द्वारा किया गया । बैठक में पूर्व जिप सदस्य लाल रामेश्वर नाथ शहदेव, बिंदे भगत, सलीम अंसारी, नंदलाल महतो,कार्तिक महतो, बलराम गोप, सुका उरांव, सुधीर उरांव, पंचम महतो,जगमोहन महतो, ऐतो भगत, प्रकाश, मुदिन मंसूरी, गुलजार अंसारी, लाला खान, सहित अन्य शामिल थे।

## बेड़ो थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** थाना परिसर में सोमवार को आगामी ईद, सरहुल और राम नवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक किया गया। बैठक पुलिस उपनिरीक्षक अखिल नितिश कुजूर की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में जनप्रतिनिधि,गणमान्य व शांति समिति सम्मानित सदस्य उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए पुलिस उपनिरीक्षक अखिल नितिश कुजूर ने कहा कि ईद हो या सरहुल हो या रामनवमी सभी लोग आपसी भाईचारा बनाए। उन्होंने आगे कहा कि



रामनवमी व ईद के समय लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू रहेगी । उसको कायम रखते हुए सरकार द्वारा बनाए गए नियमों का पालन करें। थाना प्रभारी नकुल साह ने कहा कि किसी भी तरह का विवाद होने पर तुरंत थाना से सम्पर्क करें। पुलिस आपलोगो की सेवा में तत्पर रहेगी। बैठक में धनंजय कुमार राय, राकेश भगत, मोद्दसिर हक, करमा उराँव, जुगेश उराँव, नवदीप महतो, विश्वनाथ गोप, बबलु खान, रंजन अधिकारी, बली सिंह, मंटा खान, मुखिया सुशांति भगत, कुआंरी भगत, पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा, नकुल राम महथा सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## सरहुल पूजा को लेकर पिपरवार के बेंती में हुई ग्रामीणो की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती खेल मैदान स्थित ईमली पेड़ के समीप ग्रामीणो की एक आवश्यक बैठक हुई।इस बैठक की अध्यक्षता राहुल गंझु और संचालन रामबालक गंझु ने किया।बैठक मे प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बेंती गांव मे सरहुल पूजा धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया।सरहुल पूजा को लेकर आयोजन समिति का भी गठन किया गया है।जिसमे अध्यक्ष रचित कुमार गंझु,सचिव शंकर गंझु,उप सचिव रामबालक गंझु, कोषाध्यक्ष दिलिप गंझु,उप कोषाध्यक्ष प्रेम ठाकुर को बनाया गया।वहीं संरक्षक में रोहण गंझु,गणेश भुईयां, राहुल गंझु,कृष्णा गंझु,सेवक गंझु को बनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टंडवा दक्षिणी जिला परिषद सदस्य नेहा उरांव,अर्जुन गंझु सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल होंगे।

## डॉ अमित कुमार ने तीसरा मोर्चा के पदाधिकारियों को किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** तीसरा मोर्चा स्वतंत्र सिल्ली विधानसभा स्तरीय एक आवश्यक बैठक प्रधान पार्टी कार्यालय पोगड़ा में संपन्न हुई । इस बैठक की अध्यक्षता तीसरा मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह संरक्षक डॉक्टर अमित कुमार ने की तथा सभा का संचालन पार्टी के केंद्रीय महासचिव श्री जगबंधु महतो ने किया। इस बैठक में मुख्य रूप से संगठन को विस्तार करते हुए तीसरा मोर्चा के पदाधिकारी को पार्टी के विचारधारा से अवगत कराया गया,



साथ ही नये पार्टी पदाधिकारी को तीसरा मोर्चा के संरक्षक द्वारा शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। तीसरा मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष द्वारा यह भी निर्देश दिया गया कि ग्राम कमेटी पंचायत कमेटी, और प्रखंड कमेटी, म ई /जून तक कमेटी गठित करने को कही गयी। इस बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय कोषाध्यक्ष श्री हब्लू मुंडा, केंद्रीय उपाध्यक्ष अजीत पुराण, अर्जुन महतो , केंद्रीय सचिव दुर्गा साहू, केंद्रीय संगठन सचिव जगतपाल महतो, पूर्ण चंद्र महतो ,अमूल्य ह।जम, केंद्रीय सचिव अनुसूचित जनजाति मोर्चा कार्तिक मुंडा, संगठन सचिव सि ल्ली उत्तम कुमार महतो, केंद्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा राकेश कुमार महतो, केंद्रीय सचिव युवा मोर्चा मैनेजर पुराण, गौतम लोहार गौतम लोहार, संगठन सचिव र।हे दल गोविंद महतो युवा मोर्चा संगठन सचिव सोनाहातू शैलेश्वर महतो प्रदुम महतो, मीडिया प्रभारी संतोष कुमार महतो मुख्य रूप से बैठक में शामिल हुए।

## रनिया में हाथियों का उत्पात जारी, एक ही रात चार मकानों को किया क्षतिग्रस्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** रनिया प्रखंड के जयपुर पंचायत अंतर्गत गड़सीदम गांव में रविवार रात को एक विशालकाय गजराज ने विचरण करने के दरमियान अपनी भूख मिटाने के लिए उत्पात मचाते हुए एक ही रात में चार घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया उन में गड़सीदम निवासी लालधर दास जितपाल दहंगा डिम्बु दहंगा मार्ग्रेट पूर्ति के मकानों को तोड़ कर घर मे रखे अनाज को अपना



निवाला बनाया जब ग्रामीणों को इसकी भनक लगी तो भागने का प्रयास किया पर गजराज अडिग रहे इसकी सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग को दिए और विभाग के प्रभारी वनपाल नितेश केसरी अपने दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और समस्याओं से अवगत हुए और भुक्तभोगी को यथाशीघ्र मुवावजा दिलाने का आश्वासन दिए वहीं इससे पहले शनिवार को पिडुल गांव निवासी सोमा कंडुलना के घरों को भी नुकसान पहुँचाया इसको लेकर जयपुर मुखिया प्रतिमा कंडुलना ने विभाग से हाथी भागने वाली सामग्री बितरण करने के लिए मांग की है।%

## हाकेदाग पंचायत के रोजगार सेवक व स्वयंसेवक को बदलने खिलाफ वीडियो को सौंपा ज्ञापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुरी :** हाकेदाग पंचायत समिति सदस्य और वार्ड मेंबरों ने लिखित रूप से वीडियो के नाम पर पंचायत सेवक और स्वयं सेवक को बदलने के संबंध में ज्ञापन दिया है। रोजगार सेवक के संबंध में कहा गया है कि पंचायत के अंदर जो भी काम होता है उनमें डिमांड पेपर बिना मेट और बिना वार्ड मेंबरों को पूछे पर कार्य करते हैं ।वहीं स्वयंसेवक विष्णु चरण महतो पर प्रधानमंत्री आवास और अबुआ आवास पर जिओ टेक के बाद पैसा लेने का आरोप लगाया



है।उनके इस कार्य को ही लेकर पंचायत प्रतिनिधियों ने वीडियो से बदलने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है पंचायत समिति सदस्य नीति देवी ,वार्ड मेंबर आशा देवी, सरस्वती देवी ,लखीमनी देवी, सुनीता देवी आदि है

## बुढ़मू थाना परिसर में सरहुल ईद और रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बुढ़मू :** बुढ़मू थाना परिसर में सरहुल, ईद और रामनवमी, बैसाखी, पर्व सभी इसी महीने में है। विधि व्यवस्था बेहतर रहे इसको लेकर बुढ़मू थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक के अध्यक्षता खलारी डीएसपी आर एन चौधरी ने किया। बैठक का नेतृत्व थाना प्रभारी ने किया साथ में कहा की अगर किसी प्रकार का कोई गुंडागर्दी हुई तो हर हाल में जेल भेज दिया जाएगा, इसलिए किसी प्रकार का भड़काऊ भाषण गाना बजा और दंगा हुआ तो इसका जिमेदार जुलूस के अध्यक्ष, सचिव, कोशाअध्यक्ष, को जिमेदारी दी गई,और उनका नाम गांव और मोबाइल नम्बर भी डायरी में लिखा गया।और अगर जुलाश में लड़ाई झगड़ा होता है तो जेल भी जाना पड़ सकता है, सभी ने अपने अपने क्षेत्रों में होने वाली समस्याओं से अवगत कराया। इस मौके पर खलारी डीएसपी आर एन चौधरी ने कहा कि रमजान महीना अब खत्म के होने को है, और साथ में सरहुल भी एक साथ है इसके बाद भाई साहब और रामनवमी पर्व है जो इसी महीने में है इसलिए किसी तरह से कोई भी शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करेगी तो उस पर तुरंत कार्रवाई होगी, बैठक में बुढ़मू अंचल अधिकारी धीरज कुमार ने कहा की कोई भी बदमाश क्रिमिनल अपराधी या ऐसे व्यक्ति जो मोहल्ले में शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करती है तो वह यह ना समझे कि पुलिस उसे नहीं जानती है या नहीं पहचानती है, पुलिस को हर गतिविधियों की जानकारी होती है इसलिए सतर्क रहें। थाना प्रभारी रामजी कुमार ने कहा कि अगर कोई भी मोहल्ले में बस्ती में गुंडागर्दी करता है या विधि व्यवस्था भंग करता है या किसी प्रकार का सोशल मीडिया में गलत अफवाह फैलाया तो वह सोच ले की चुनाव आयोग का सख्त निर्देश है वैसे बदमाश लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस बैठक में एसआई संतोष कुमार यादव, एसआई संजीव कुमार एएसआई आशीष रंजन, एएसआई रामवृक्ष उरांव, एएसआई रविरंजन कुमार, जिला परिषद मनोज बाजपेई, पश्चिमी जिला परिषद रामजीत गांझू, समाज सेवी हरदेव साहु, समीम बरिहार,पूर्व मुखिया हरिचंद्र पहान,याकूब अंसारी, सहित सभी ग्रामीण और बजरंग दल के लोग उपस्थित थे।

## पिपरवार के बचरा मे सरहुल पूर्व संध्या मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र बचरा श्रमिक क्लब में सोमवार को सरहुल पूर्व संध्या मिलन समारोह का आयोजन किया गया।इस समारोह के मुख्य अतिथि अशोक परियोजना के खान प्रबधंक संजय कुमार सिंह और विशिष्ट अतिथि मे कार्मिक प्रबधंक शिशिर गर्ग, अनुप भगत,मनीष कुजूर,रवि रंजन कुजुर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।कार्यक्रम मे सभी अतिथियो का स्वागत बुके एंव अंग वस्त्र देकर किया गया।जिसके बाद अतिथियों ने सामूहिक रुप से दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।समारोह की अध्यक्षता आनन्द मुंडा और संचालन उमेश उरांव ने किया।कार्यक्रम मे प्राकृतिक पर्व सरहुल पर प्रकाश डाला गया।अतिथियो ने कहा कि हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है।पूर्वजो से चलती आ रही पर्व त्योहार आज भी हमलोग उत्साह के साथ मनाते आ रहे है।प्राकृतिक पर्व सरहूल राज्य की प्रमुख त्योहार है जिसे आज भी हम सभी उत्साह के साथ मनाते आ रहे है।आज सभी को प्राकृतिक की रक्षा के लिए संकल्प लेने की जरूरत है।सरहुल पर्व झारखंड की संस्कृति है और झारखंड की संस्कृति हमारी पहचान।इसे कायम रखने के लिए सभी को आगे आने की जरूरत है।कार्यक्रम के दौरान मादंर की थाप पर अतिथियो द्वारा पारंपरिक नृत्य किया गया।वही समारोह मे रंगारंग सास्कृंतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमे बाहर से आये कलाकारो के द्वारा नृत्य व गीत प्रस्तुत किया गया,जिसे उपस्थित लोगों ने खूब पंसद किया।इस अवसर पर आयोजन समिति के आनंद मुंडा,जीतू तिर्की, राजकिशोर मिस्त्री,धनेश करमाली, जयप्रकाश तिग्गा,उमेश उरांव,मुनेश्वर उरांव,सदानंद टोप्पो, मंगू उरांव, भोला मुंडा,गौरव हेंब्रम, विक्रांत मुंडा,मनोहर उरांव, राजेंद्र भगत,सेवा उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

## तमाड़ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ थाना क्षेत्र में रामनवमी, ईद, सरहुल एवं चैत त्यौहारों को शांति से सम्पन्न कराने को लेकर सोमवार कोतमाड़ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी अमित कुमार ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि रामनवमी का झांकी पुराने मार्ग से ही ले जाया जायेगा।। और शांतिपूर्ण ढंग से अखाड़ा धारी द्वारा अपने खेल का प्रदर्शन करते हुए पुन अपने-अपने अखाड़े में आकर झांकी संपन्न की जाएगी। इसी तरह सरहुल महोत्सव भी पुराने मार्ग से ही गुजरेगी। एवं सरहुल का जुलूस तमाड़ हाई स्कूल मैदान से शुरू होकर हिंडिबा



तक जाएगी।

साथ ही ईद का त्यौहार भाईचारे के साथ मनाया जायेगा। एवं पंच परगना का प्रसिद्ध चैत पव भी धूमधाम के साथ शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाएगा। इस दौरान डीजे में कहीं भी भड़काऊ गाना नहीं बजाया जाएगा।

साथ ही शराब की बिक्री पर पाबंदी लगाई जायेगी। इस मौके पर तमाड़ राजा सत्येंद्र नाथ शाहदेव,संजू जैन ग्राम प्रधान विमल पातर मुखिया सोनाराम मंडा, ललित कृष्णा मुंडा,मोहम्मद सत्तार,आनंद सोनी,घासीया उरांव,रमन सोनी, अतीक अंसारी, नंन्दा नायक समेत गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## तोरपा में भाजपा के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस का थामा दमन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** कांग्रेस पार्टी तोरपा के तत्वाधान में एक बैठक आवासीय कार्यालय कनक लोया में प्रखंड अध्यक्ष अजय गुप्ता के अध्यक्षता में संपन्न हुआ बैठक में मुख्य रूप से खूंटी जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा अल्पसंख्यक प्रदेश महासचिव कैसर खान आदिवासी सेल प्रदेश उपाध्यक्ष विल्सन टोपनो अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष इमरान खान उपस्थित थे ।

बैठक में भाजपा के सैकड़ो कार्य कर्ता राहुल गांधी के विचारों से प्रेरित होकर कांग्रेस पार्टी का दामन थामा जिसमें विनोद कुमार गुप्ता रामबरन नायक रंथु मांझी बृजेश सिंह सेबे भेंगरा देवेंद्र महतो दुर्गानंद पांडे परशुराम दास लादु मुंडा माथु मुंडा जय मसीह सुरीन वंदना मुंडा गणेश साहू हरिश्चंद्र सिंह हीरा सिंह राजकुमार गुप्ता दिनेश कुमार गुप्ता



शिवकुमार गुप्ता जगन्नाथ कुमार गुप्ता महेश्वर महतो चक्रधारी गुप्ता प्रवीण भगत करमचंद सिंह विष्णु प्रसाद सिंह अनूप भूं इया राजकुमार महतो प्रकाश प्रमाणिक समेत सैकड़ो कार्य करता उपस्थित थे सभी नए कार्यकर्ताओं को जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा महासचिव कैसर खान सुरेंद्र गुप्ता विल्सन टोपनो नमन टोपनो और अजय गुप्ता ने फूल माला एवं पट्टी पहनाकर सभी का स्वागत किया इसके पूर्व जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि इस चुनावी माहौल में भाजपा द्वारा तरह-तरह का अफवाह फैलाया जाएगा एवं जाति धर्म मंदिर मस्जिद के नाम पर बरगलाया जाएगा लेकिन इनकी बातों को नहीं सुनना है और कांग्रेस के कालीचरण मुंडा को ही चुन ना है प्रदेश महासचिव कैसर खान ने कहा कि विगत 5 वर्षो से खूंटी लोकसभा के सांसद द्वारा एक भी विकास का काम नहीं किया गया है और जनता को ठगने के लिए आचार संहिता लगने के दो दिन पहले खूंटी में बायपास रोड का शिलान्यास कराया गया जनता सब देख रही है कि किस तरह जनता को ठगने का काम भाजपा द्वारा किया गया है इस बार जनता बाहरी मुंडा नहीं लोकल मुंडा को जिताने का काम करेगी प्रखंड अध्यक्ष अजय गुप्ता ने कहा कि विकास शिक्षा बिजली स्वास्थ्य बेरोजगारी और महंगाई की बात करने वाला कांग्रेस पार्टी को प्रचंड बहुमत से खूंटी लोकसभा से जिताना है विल्सन टोपनो सुरेंद्र गुप्ता नमन टोपनो सलीम टोपनो ने भी संबोधित किया इस मौके पर अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष इमरान खान रजत गुप्ता पवन गुप्ता जीवन टोपनो बसंत महतो समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे मंच का संचालन कैसर खान एवं धन्यवाद ज्ञापन गुंजन टोपनो ने की।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय* । *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## सरायकेला पुलिस ने मोबाइल चोरी मामले में 2 और अभियुक्त गिरफ्तार



**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विगत 9/10 मार्च 2024 की रात सरायकेला गैरेज चौक स्थित डे इलेक्ट्रॉनिक्स मोबाइल दुकान में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़ कर मोबाइल चोरी की घटना को अंजाम दिया था। दुकान संचालक निरंजन डे के सूचना पर सरायकेला थाना कांड संख्या 30/ 24 दिनांक 10/3/ 24 को कांड दर्ज किया गया था। मामले के उद्भेदन हेतुपुलिस अधीक्षक द्वारा एसडीपीओ सरायकेला के नेतृत्व में एक टीम गठन किया गया, जिसमें अब तक पुलिस को काफी सफलता मिली है।अपने कार्यालय कक्ष में सोमवार को प्रेस वार्ता कर एसडीपीओ सरायकेला संतोष कुमार मिश्रा ने जानकारी देते कहा अनुसंधान एवं छापामारी के क्रम में विगत 22 मार्च नाजीर अंसारी को गिरफ्तार का न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। साथ ही कांड में संलिप्त अन्य अभियुक्त एवं मोबाइल की बरामदगी हेतु आसूचना संग्रह एवं छापामारी कर 07/04/24 को दो अपराधकर्मी शाहबाज जावेद एवं साहब खान के निशानदेही पर 19 मोबाइल बरामद कर विधिवत गिरफ्तार किया गया है। इस कांड में संलिप्त अन्य शेष बचे अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त शाहबाज जावेद, साहब खान बिहार का है। अभियुक्त साहब खान को पूर्व में कोठी थाना गया बिहार से मोटरसाइकिल एवं मोटर चोरी के आरोप में जेल जा चुका है। इनके निशानदेही पर 18 एंड्राइड मोबाइल एवं एक आईफोन की बरामदगी की गई है।

## पटमदा के शिक्षक का व्हाट्सएप हुआ हैक, गंदी वीडियो किया वायरल

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोड़ाम थाना क्षेत्र अंतर्गत रसिकनगर पंचायत के शुक्ला गांव निवासी परितोष महतो व्हाट्सएप हैक का शिकार हो गए हैं। वह पटमदा के गेंगाड़ा उत्क्रमित मध्य विद्यालय में सहायक अध्यापक हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार को उनका व्हाट्सएप को किसी ने हैक कर लिया। हालांकि उन्होंने न तो किसी लिंक पर क्लिक किया था और न ही कोई ओटीपी शेयर किया था इसके बावजूद वह कैसे इसका शिकार हो गए, समझ नहीं पा रहे हैं। बताते हैं कि वे जब स्कूल में थे तो करीब साढ़े 11 बजे एक व्यक्ति ने कॉल करते हुए कहा कि आपने हमारे ग्रुप में अश्लील वीडियो क्यों शेयर किया, आप एक शिक्षक होकर भी अपने फोन पर इस तरह की अश्लील वीडियो (बीएफ) रखते हैं और उसे ग्रुप में शेयर करते हैं। इस बात को सुनने के बाद शुरू में तो लगा कि शायद वह मजाक कर रहे हैं फिर लगातार उनके फोन पर कॉल आना शुरू और कई लोगों ने उनसे वही सवाल किया तो उन्होंने जब अपने फोन पर व्हाट्सएप को खोलने का प्रयास किया तो खुलना बंद हो गया। उन्होंने ऐप को अन इंस्टॉल करने के बाद दुबारा इंस्टॉल किया लेकिन चालू नहीं हो सका, तब उन्हें अहसास हुआ कि उनका व्हाट्सएप अकाउंट को किसी ने हैक कर लिया है और कुछ ही देर के अंदर पता चला कि वे जितने भी ग्रुप में जुड़े हैं सभी ग्रुपों में वही मैसेज भेजा गया। स्कूल छुट्टी होने के बाद उन्होंने सबसे पहले पटमदा के जाल्ला स्थित बीआरसी में बीपीओ शकुंतला महतो से मिलकर बीईईओ के नाम एक आवेदन देकर जानकारी दी है।

## लोकतंत्र का महापर्व में नुक्कड़ नाटक का मंचन



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मानगो नगर निगम द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत, गीता थिएटर के कलाकारों ने लोकतंत्र का महापर्व नामक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। यह नाटक मतदान के महत्व को जनता के बीच पहुंचाने का प्रयास करता है। कार्यक्रम में उपस्थित नुक्कड़ नाटक के मुख्य दर्शकों में एसडीओ पारूल सिंह और डीडीसी मनीष कुमार रहे। उन्होंने गीता थिएटर के अध्यक्ष गीता कुमारी को सम्मानित किया और टीम की श्रेष्ठ प्रस्तुति की सराहना की। नुक्कड़ नाटक में गीता कुमारी के नेतृत्व में के0 दिव्या, अन्नत सरदार, महेंद्र बिहारी बाबु, अभिरंजन कुमार, के0 काव्या, प्रिया कुमारी, तुषार ने अभिनय किया।

## सीयूईटी के परीक्षार्थियों को फ्री कोचिंग कराएगा अभाविप

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जमशेदपुर महानगर की ओर से सीयूईटी परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग दी जायेगी. सीयूईटी के परीक्षार्थियों के लिये परिषद की ओर से हेल्पलाइन नम्बर जारी किया गया है। हेल्पलाइन नंबर 9304201302, 8340182832, 6205290174, 7004373787, 9631891265 है। अभाविप के अमन ठाकुर ने कहा कि संगठन राष्ट्रीय शिक्षा नीति का समर्थन करता है. ऐसे में सीयूईटी के माध्यम से स्नातक में दाखिला लेने के निर्णय स्वागत करता है. हालांकि पहली बार इस नियम के लागू होने की वजह से छात्रों को सीयूईटी के बारे में कम जानकारी है. ऐसे में अभाविप उन छात्रों को मदद करेगा, जो 12वीं की परीक्षा दे रहे हैं और स्नातक में दाखिला लेने वाले हैं. नगर मंत्री यश अग्रहरि ने कहा कि परिषद द्वारा सभी विश्वविद्यालय और महाविद्यालय परिसर में हेल्प डेस्क लगाया जाएगा और सीयूईटी परीक्षा तक प्रत्येक शनिवार और रविवार को निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था की जाएगी. इस दौरान परिषद के बापन घोष, विशाल वर्मा, अमन ठाकुर, यश अग्रहरि एवं अभिषेक कुमार उपस्थित थे।

## मतदाता जागरूकता को लेकर बनी लघु फिल्म छुट्टी का प्रदर्शन हुआ

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मतदान एक महत्वपूर्ण लक्ष्य है और इसकी महत्वता को समझाने के लिए छुट्टी नामक एक लघु फिल्म जमशेदपुर के युवा रंगकर्मियों द्वारा बनाई गई है। यह फिल्म झारखंड के मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देने वाले अभियान को बल देने के उद्देश्य से निर्माण कि गई है। छुट्टी फिल्म का निर्देशन जमशेदपुर के युवा रंगकर्मी प्रेम दीक्षित ने किया है, जो गीता थिएटर के सचिव, एक प्रतिष्ठित लघु फिल्म निर्माता और निर्देशक हैं। इसे लिखा सुरज धीबर ने जो जमशेदपुर रंगमंच मे उभरता कलाकार है जिस ने अपने लेखन से महत्वपूर्ण संदेश को पेश करने की कोशिश कि हैं। लघु फिल्म में बतौर कलाकार झारखण्ड रत्न सम्मान से सम्मानित गीता कुमारी, के दिव्या, श्यामली धीबर, आलोक लकडा और अन्य कलाकारों ने शानदार अभिनय करते हुए अपनी-अपनी भूमिका निभाई है। इस लघु फिल्म का निर्माण डीडी एसोसिएशन लघु फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले किया गया है। यह संगठन उत्कृष्ट फिल्मों का निर्माण एवं कला संस्कृति एवं समाज मे जागरूकता कार्य करने के लिए जाना जाता है। छुट्टी इसका एक प्रमुख उदाहरण है। मतदान के महत्व को समझाने के लिए इस फिल्म में अद्भुत कहानी, शानदार अभिनय, और संदेश को लेकर एक व्यापक प्रयास किया गया है। यह फिल्म समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने के लिए यूट्यूब पर उपलब्ध है, जिससे मतदान में लोगों की भागीदारी में वृद्धि हो सके।

### धनबाद से भाजपा प्रत्याशी के कानूनी नोटिस के जवाब में विधायक सरयू राय ने कहा

# हिम्मत है तो ढुल्लू महतो मुझपर मानहानि का मुकदमा कर दें

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** धनबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के घोषित प्रत्याशी और बाघमारा विधानसभा चुनाव में 800 वोटों से जीतकर विधायक बने ढुल्लू महतो ने जमशेदपुर पूर्वी विधायक सरयू राय को एक धमकी भरा कानूनी नोटिस भेजा है। यह जानकारी स्वयं विधायक सरयू राय ने सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। विधायक सरयू राय के अनुसार ढुल्लू महतो द्धारा भेजा गया कानूनी नोटिस घटिया दर्जे का है, जवाब देने लायक नहीं है। रद्दी की टोकरी में फेंकने लायक है। मैंने (सरयू राय) इसे फाड़कर रद्दी की टोकरी में फेंक दिया है। नोटिस का जवाब नहीं देने पर कानूनी कारवाई करने की धमकी देने वाले ढुल्लू महतो की यदि हिम्मत है तो सीधे न्यायालय का दरवाजा खटखटायें और मुझपर (सरयू राय) मानहानि का मुकदमा कर दें। सरयू राय का कहना हैं कि मुझे कानूनी नोटिस भेजना इनकी चुनावी चाल है। अपने ऊपर के आपराधिक मुकदमों से जनता का ध्यान भटकाने की साजिश है। मैं (सरयू राय) यह साजिश सफल नहीं होने दूँगा। इसका पर्दाफाश करूँगा। कानूनी नोटिस में ढुल्लू महतो ने मुझे सामंति मनोवृत्ति का बताया है और पिछड़ी समुदाय एवं गरीब लोगों का विरोधी मानसिकता का बताया है। यदि श्री महतो को शक है कि मैंने (सरयू राय) जो आरोप उनपर लागाए हैं, उससे धनबाद लोकसभा क्षेत्र के लोगों को अवगत होना चाहिए तो मैं इसका पंपलेट और पोस्टर बनवाकर धनबाद लोकसभा क्षेत्र के चौक चौराहे पर लगवा दूंगा। मैं उन घटनाओं का भी उल्लेख पोस्टर में कर दूँगा जिनमें महतो ने न केवल पिछड़े वर्ग बल्कि अपने सजातीय समुदाय के ऊपर धृणित अत्याचार किया है और उनकी हकमारी करते रहे हैं। भाजपा के प्रदेश प्रभारी सहित अन्य नेताओं को भी इसकी जानकारी होनी चाहिए की ढुल्लू महतो पर 46 मुकदमे होने की जानकारी स्वयं धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक ने झारखण्ड उच्च न्यायालय को पत्र लिखकर दिया है। इनमें से 4 मुकदमों पर सजा हो चुकी है, शेष 4 मुकदमे धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक के द्वारा झारखंड उच्च न्यायालय को लिखे गए पत्र के बाद दर्ज हुए हैं। मैं पुनः दोहराना चाहता हूँ कि ढुल्लू महतो ने अपने ऊपर अपराधिक मुकदमे दर्ज होने का अर्द्धशतक बनाया है।

## प्रोफेसर राजीव भूषण ने आईआईटी एनआईटी और आईआईएम में व्यावसायिक शिक्षा पर प्रकाश डाला




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** एक्सएलआरआई द्वारा आयोजित डॉक्टरल कॉलोक्वियम 2024, जो इसके प्लैटिनम जुबली उत्सव का हिस्सा है, इसकी शुरुआत बहुत ही लाजवाब तरीके के साथ शुरू हुआ। जैसा कि निर्देशक, फादर सेबास्टियन जॉर्ज ने इसे उद्घाटन किया। साथ ही कई प्रतिष्ठित अतिथिओं, शिक्षकों और अनुसंधान छात्रों के साथ। फादर सेबास्टियन ने कहा कि कॉलोक्वियम के विषय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और स्थायित्व शब्द आपस में प्रतिरोधी लगते हैं, लेकिन हमारी सफलता इन दो अवधारणाओं को मिलाने पर निर्भर करेगी, ताकि हम आगे की ओर तेजी से प्रगति कर सकें।मुख्य वक्तव्य वितरण करते हुए, एनआईटी जमशेदपुर के प्रोफेसर राजीव भूषण ने प्रमुख सरकारी संस्थानों जैसे आईआईटी, एनआईटी और आईआईएम जैसे प्रतिष्ठित सरकारी संस्थानों में व्यावसायिक शिक्षा की स्थिति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ये संस्थान, तकनीकी और प्रबंधन क्षेत्रों में उनकी उत्कृष्टता के लिए मान्य हैं, हमारे राष्ट्र के भविष्य के नेता और नवाचारकों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। लेकिन इन संस्थानों में एक उद्यमी पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने और व्यावसायिक अध्ययन में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। साथ ही उद्योग एकेडमिया सहयोग को तीव्र करने की।

## कांड्रा के एक स्कूल में चोरी का असफल प्रयास लोग चिंतित, एसपी से मिलने की बात




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** बीते रविवार की रात चोरों द्वारा एक बार फिर कांड्रा स्थित एचटी इंग्लिश स्कूल का ताला तोड़ कर चोरी का असफल प्रयास किया। इससे पूर्व भी विगत माह चोरों द्वारा उंक्त स्कूल का ताला तोड़कर चोरी का प्रयास किया था जिसमे वे असफल रहे थे। इससे पूर्व बीते 20 मार्च को चोरों द्वारा कांड्रा के एक शराब दुकान का ताला तोड़कर नकद समेत लाखों रुपए के शराब के बोतलों की चोरी की गई। क्षेत्र में इस प्रकार बढ़ती चोरी की घटनाओं से कांड्रा कॉलोनी के लोगों में चिंता व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने कांड्रा पुलिस को सामूहिक रूप से पूर्व में भी आवेदन देते हुए बताया कि असामाजिक तत्वों द्वारा की जा रही इस प्रकार की वारदातों पर अंकुश लगाने की मांग की थी। कॉलोनी वासियों ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए अब पुलिस अधीक्षक से मिलने की बात बताई है।

## एस एस प्लस टू हाइस्कूल पटमदा के केंडल जलाकर किया मतदाताओं को प्रेरित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** जिले के उप विकास आयुक्त एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर सोमवार को एस एस प्लस टू हाइस्कूल पटमदा में प्रधान शिक्षक डॉ मिथिलेश कुमार के मार्गदर्शन में ईएलसी क्लब के नॉडल शिक्षक कौशेलेन्द्र कुमार के देखरेख में विद्यार्थियों ने केंडल जलाकर मतदाताओं को जागरूक किया। इस संबंध में प्रधान शिक्षक डॉ मिथिलेश कुमार ने बताया कि केंडल जलाकर बच्चों के माध्यम से अपने अपने अभिभावकों तक मतदाता जागरूकता संदेश पहुंचाने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन के निर्देश पर लगातार कार्यक्रम किया जा रहा है। मौके पर डोली दे, श्रीमंत प्रमाणिक, स्नेहासिष चटर्जी, सुबोध प्रसाद सिंह समेत ई एल सी क्लब के विद्यार्थियों उपस्थित थे।

## स्कूल में गबन के मामले से तीन आरोपी साक्ष्य के अभाव में बरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मानगो के उलीडीह स्थित आदिवासी जनकल्याण समिति हाई स्कूल के 19,600 रूपए गबन मामले में सुनवाई कर रहे प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी आलोक कुमार की अदालत ने सोमवार को मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी स्कूल के संस्थापक मनोहर कुमार घोष, शिक्षक रमण कुमार घोष एवं एकाउंटेंट बीर सिंह कुंडल को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। मामले में एक की हुई गवाही। स्कूल के सचिव ने शिकायतवाद में आरोप लगाया था कि स्कूल के बैंक खाते से रूपए की निकासी गलत ढंग से की गई थी। रूपए की निकासी की बात तब सामने आई जब हिसाब- किताब उनके द्वारा किया गया। जिसमें करीब 19,600 रूपए की कमी पाई गई थी। स्कूल के संस्थापक ने बताया कि उन्हें अदालत से न्याय मिली हैं। क्योंकि उन्हें स्कूल के सचिव ने गलत आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराई थी।

## आधुनिक पावर में शपथ दिलाकर कर्मचारियों को किया गया मतदान के प्रति जागरूक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**गम्हरिया :** जिले के पदमपुर स्थित आधुनिक पावर एंड नेचुरल रिसोर्सेज लिमिटेड की ओर से आगामी लोकसभा चुनाव में अत्याधिक मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कंपनी परिसर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान कर्मचारियों को जागरूक करने के साथ-साथ मतदान अवश्य करने की भी शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर कंपनी परिसर में मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण कुमार मिश्रा ने कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए एक-एक वोट का महत्व है। इसलिए मतदान करना हर देशवासी का अधिकार और कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि मताधिकार का प्रयोग कर हम देश और प्रदेश के लिए अच्छे प्रतिनिधि का चुनाव कर सकते हैं। ऐसे में अपने मताधिकार का उपयोग जरूर करें। इससे पूर्व कंपनी के अधिकारी कमलेश कुमार और संजीत सिन्हा ने उपस्थित सभी कर्मचारीयों को मतदाता शपथ दिलाई। उसके उपरांत कंपनी के पदाधिकरियों और कर्मचारियों ने मतदाता जागरूकता बोर्ड पर हस्ताक्षर कर अभियान को सफल बनाया। स्वागत भाषण मनजीत सिंह ने दिया जबकि धन्यवाद ज्ञापन एसके परवेज ने किया। इस अवसर पर कंपनी के अधिकारी एसएम खुसरू ने मतदान करने के लिए प्रेरित करती एक कविता का पाठ किया। कार्यक्रम के दौरान कंपनी के पदाधिकारी, कर्मचारी और सभी संवेदक उपस्थित थे।

## जुगसलाई फायरिंग मामले में पुलिस ने 2 को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशदपुर :** जुगसलाई थाना क्षेत्र के गरीब नवाज कॉलोनी गौरी शंकर रोड के पास ईदगाह मैदान में 6 अप्रैल को मोहम्मद अफजल को गोली मार दी गई थी. यह घटना मुखबिरी के शक में हुई थी. मोहम्मद अफजल के मुंह में गोली लगी थी. पुलिस ने फायरिंग के इस मामले के दो आरोपियों मोहम्मद हसन और मोहम्मद सरफराज उर्फ तिल्ली को गिरफ्तार कर लिया है. दोनों आरोपी जुगसलाई थाना क्षेत्र के गरीब नवाज कॉलोनी के रहने वाले है. सूत्र बताते हैं कि आरपीएफ ने मोहम्मद अफजल के घर पर छापामारी की थी. आरपीएफ को शक था कि मालगाड़ी से एफसीआई का जो चावल आता है, उसको कुछ लोग जुगसलाई में उतार लेते हैं. इसी शक में मोहम्मद अफजल के घर पर छापामारी हुई थी. मोहम्मद अफजल को यह संदेह हुआ कि यह छापामारी मुखबिरी कर सरफराज ने कराई है. इसके बाद मोहम्मद अफजल और उसके कुछ साथियों ने सरफराज के साथ मारपीट की और उसे ले जाकर घर में बंद कर दिया.घटना की जानकारी मिलने के बाद सरफराज का छोटा भाई मोहम्मद हसन पिस्तौल लेकर मोहम्मद अफजल के घर पहुंचा और मोहम्मद अफजल को गोली मार दी और अपने भाई सरफराज को छुड़ाकर वापस लाया. पुलिस ने मोहम्मद हसन और मोहम्मद सरफराज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. एसएसपी किशोर कौशल ने सोमवार को एसएसपी ऑफिस में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि घटनास्थल से एक खोखा बरामद हुआ था. मोहम्मद हसन के पास से फायरिंग में प्रयुक्त पिस्तौल बरामद कर लिया गया है.

## करीम सिटी कॉलेज में वोट महोत्सव का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिले में लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए पूर्वी सिंहभूम जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल, डीडीसी सह वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग मनीष कुमार ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाने का निर्देश सभी स्कूल व कॉलेज में निर्वाचन साक्षरता क्लब के मध्यम से अलग-अलग विषय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलने का निर्देश दिया है। इसी आलोक में स्वीप के मार्गदर्शन में करीम सिटी कॉलेज, जमशेदपुर के द्वारा वोट महोत्सव का आयोजन 7 अप्रैल से 9 अप्रैल 2024 तक किया जा रहा है। इस वोट महोत्सव में करीम सिटी कॉलेज के 300 छात्र - छात्राओं के बीच में चुनाव आवेदन पत्र 6 ए का वितरण किया गया। इसी कड़ी में महाविद्यालय के प्रांगण में 1500 दीए जलाये गए। साथ ही मतदाता शपथ, सेल्फी पॉइंट , पोस्टर मेकिंग, रील्स मेकिंग मोबाइल स्टीकर, स्लोगन लेखन, रंगोली, महेंदी, प्रश्नोत्तरी, मानव श्रृंखला आदि गतिविधियो के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान कॉलेज प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज़, डॉ. आले अली एवं नोडल अफसर डॉ सईद साजिद परवेज़ के मार्गदर्शन में हो रहा है। साथ ही इसमे कैंपस एंबेसडर मानव घोष एवं एनएसएस स्वयंसेवकों का योगदान रहा है।

## किसी भी आयोजन व प्रचार-प्रसार के लिए पूर्वानुमति लेना जरूरी : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आदर्श आचार संहिता को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में बैठक आयोजित की गई । उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, पीडी आईटीडीए दीपांकर चौधरी, एडीएम (एसओआर) महेन्द्र कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव व राष्ट्रीय तथा राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त दलों के जिला स्तरीय प्रतिनिधि उपस्थित थे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि पूरे चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए हम सभी का दायित्व है कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अनुपालन हो और सभी अपनी-अपनी जिम्मेदारी से अवगत हों तथा उसको निभाएं। रैली, जुलूस आदि आयोजनों के लिए निर्धारित समय से आवेदन करें ताकि ससमय अनुमति दी जा सके। उन्होंने कहा कि कोई भी निर्वाचन संबंधित कार्य बिना अनुमति के नहीं किया जाए, जिससे कोई समस्या उत्पन्न हो । जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने यह भी अवगत कराया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर प्राप्त होने वाले दिशा निर्देशों से भी अवगत कराया जाता रहेगा । जिससे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न होने पाए । 07 से 09 अप्रैल तक चल रहे वोट महोत्सव की जानकारी देते हुए कहा कि नए मतदाताओं को बीएलओ या ऑनलाइन माध्यम से फॉर्म 6 भराने के लिए सहयोग करें। मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक करें जिससे मतदान प्रतिशत अधिक से अधिक बढ़ सके । जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि पानी टैंकर, मोक्ष वाहन, एंबुलेंस हो या कोई अन्य चलंत वाहन किसी भी प्रकार से राजनीतिक दलों अथवा उम्मीदवारों के प्रतीक चिन्ह अथवा तस्वीर, नाम, स्लोगन आदि से प्रचार-प्रसार किए जाने की अनुमति नहीं होगी।

## नौ दिवसीय बाबा नाम केवलम अखंड संकीर्तन में अंतिम दिन उमड़े श्रद्धालु

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पटमदा :** आनंद मार्ग प्रचार संघ की ओर से पटमदा प्रखंड के बांगुड़दा स्थित मैदान में आयोजित नौ दिवसीय अखंड बाबा नाम केवलम संकीर्तन महायज्ञ के अंतिम दिन रविवार को हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इसमें आनंद मार्ग से जुड़े विभिन्न प्रांतों से आए सैकड़ों अनुयायियों ने बारी -बारी से संकीर्तन में हिस्सा लिया और विश्व शांति हेतु प्रार्थना की। इस दौरान प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने कीर्तन सुनने के पश्चात प्रसाद के रूप में खिचड़ी व दाल, चावल, सब्जी ग्रहण किया। इस संबंध में गुणाधीश गोराई ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर आसपास के लोगों में काफी उत्साह देखा गया और लोगों ने स्वेच्छा से नकदी के अलावा चावल, दाल व हरी सब्जियां दान करते हुए भोग लगाने में सहयोग किया। इसमें विभिन्न आश्रमों में रहने वाले साधु- संतों ने भी सक्रिय भूमिका निभाते हुए नौ दिनों के कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया। इसमें गांव के लोगों ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इससे वातावरण भक्तिमय हो गया। मौके पर आस्तिक महतो, स्वपन कुमार महतो, मनोज महतो, नकुल महतो समेत हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्वनाथ कुंभकार, विश्वनाथ गोराई, गयासागर महतो, नूतन हेंब्रम, दयासागर माझी, परितोष महतो, अरुण महतो आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## बिष्टुपुर मिलानी हॉल में झारखंड स्टेट योगसना स्पोर्ट्स चैंपियनशिप संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**जमशेदपुर :** वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन (डब्ल्यूएफएफ) ऑफ योगासना स्पोर्टस इंडिया के झारखंड चैप्टर द्वारा बिष्टुपुर मिलानी हॉल में झारखंड स्टेट योगसना स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन किया गया, जिसमें राज्यभर के 400 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए. सुबह उद्घाटन सत्र संपन्न होने के बाद प्रतियोगिता शुरु हुई तथा संध्या तक चलने के बाद पुरस्कार वितरण समारोह हुआ, जिसमें विजेताओं को अतिथियों ने पुरस्कृत किया. प्रतियोगित का उद्घाटन फेडरेशन के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम भादौरिया तथा सम्मानित अतिथियों में झारखंड सरकार जैप आईटी के सीईओ के अधिकारी राज कुमार गुप्ता तथा टाटा स्टील के उपाध्यक्ष (शेयर्ड सर्विस) प्रोबाल घोष मौजूद थे. वहीं पुरस्कार वितरण समारोह में फेडरेशन की महासचिव रितु रावत, समय कंस्ट्रक्शन के निदेशक राजेश सिंह, योगा फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव संजय कुमार झा, दिलीप पोद्दार, अर्जुन शर्मा, पूरोबी घोष, डा. लोकनाथ नाथ तथा फेडरेशन के टेक्नीकल निदेशक राजेश एम आचार्य शामिल हुए.प्रतियोगिता में 12 अलग-अलग श्रेणी में प्रतिभागी शामिल हुए तथा अपने योग प्रदर्शन से पुरस्कार जीतने में सफल रहे. निर्णायक के रुप में शहर के अलावा रांची, नेतारहाट, चाईबासा, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक आदि स्थानों से योग के कुल 18 विशेषज्ञ मौजूद रहे, जिन्होंने प्रत्येक ग्रुप के प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेताओं का चयन किया. प्रतियोगिता में जहां पांच वर्ष के बच्चे शामिल हुए, वहीं 60 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गो ने भी एक से बढ़कर एक योगा का प्रदर्शन कर सबको चौंका दिया. प्रतियोगिता में चैंपियंस ऑफ चैंपियन का खिताब महिला श्रेणी में श्रेया साव जबकि पुरुष वर्ग में आशीष रंजन को प्रदान किया गया. इस दौरान मॉम्स केटेगरी में भाग लेनेवाली महिलाएं भी पीछे नही रही और बेहतर प्रदर्शन के पुरस्कार जीते.मौके पर अतिथियों ने स्वस्थ रहने के लिये योग को कारगर बताया. इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत फेडरेशन के इंडिया अध्यक्ष सह सरकार योग एकेडमी के संस्थापक अंतर्राष्ट्रीय योगगुरु अंशु सरकार व उनकी धर्मपत्नी स्मिकी सरकार ने किया. कार्यक्रम का संचालन उदय चंद्रवंशी तथा धन्यवाद ज्ञापन स्मिकी सररकार ने किया. पूरे कार्यक्रम का संचालन कर्नाटक से आये फेडरेशन के टेक्नीकल डायरेक्टर राजेश एम आचार्य ने किया. आयोजन को सफल बनाने में सपन साव, मुन्ना शर्मा सहित कई लोग सक्रिय रहे।

संपादकीय

## सांसद को जमानत

**दिल्ली** के शराब घोटाले में आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को जमानत मिलना उनकी बेगुनाही का प्रमाण-पत्र नहीं है। जमानत का वैधानिक, तकनीकी आधार भी है और न्यायाधीशों के विवेक का विशेषाधिकार भी है। संजय सिंह अब भी आरोपित हैं। मुकदमा जारी रहेगा और देश को अंतिम निष्कर्ष की प्रतीक्षा रहेगी, लेकिन धनशोधन निरोधक अधिनियम में 181 दिन के बाद ही जमानत मिलना आश्चर्य भी है। आश्चर्य यह नहीं है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जमानत का विरोध क्यों नहीं किया? बल्कि जमानत के लिए अपनी सहमति भी क्यों दी? जिन्होंने अदालत की कार्यवाही नहीं देखी अथवा कानून की परिधियों से वाकिफ नहीं हैं, वे ऊल-जलूल टिप्पणियां कर रहे हैं और ईडी की पराजय आंक रहे हैं। दरअसल सर्वोच्च अदालत के तीन न्यायाधीशों की खंडपीठ ने ईडी की मर्यादा और गरिमा का ख्याल रखा और आरोपित संजय सिंह के मानवाधिकारों का भी सम्मान किया। 'आप' सांसद बीती 4 अक्तूबर से ईडी की हिरासत और बाद में तिहाड़ जेल में बंद थे। उन पर कई आरोप हैं, लिहाजा उनकी जमानत याचिकाएं खारिज भी की गईं, लेकिन इस पूरे अंतराल में रिश्वत का कोई पैसा बरामद नहीं हुआ। कुछ जब्ती बगैरह भी नहीं की गई। मनी ट्रेल भी साबित नहीं की जा सकी, लिहाजा इस बार संजय सिंह ने याचिका दाखिल की, तो कमोबेश जस्टिस संजीव खन्ना ने कुछ सवाल किए। पीठ में जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस पीबी वराले भी शामिल थे। बहरहाल सवाल किया गया कि यदि कोई रिश्वत लेता है, तो क्या पीएमएलए में आपराधिक कार्यवाही शुरू करने से पहले रिश्वत की राशि कुर्क होनी चाहिए? न्यायिक पीठ की निर्णायक टिप्पणी यह थी कि याचिकाकर्ता लगभग 6 महीने से जेल में है। तथ्य यह है कि दिनेश अरोड़ा के पहले 9 बयानों में कुछ नहीं है। क्या अब भी संजय सिंह की हिरासत की जरूरत है? यदि केस की मेरिट पर जाएं, तो यदि हमें लगता है कि निर्देशों की आवश्यकता है, तो हम जरूर देंगे, लेकिन ध्यान रखें कि हमें कानून की धारा 45 के अनुसार याची के पक्ष में निरीक्षण करना है। इसके निहितार्थ को समझें। यह सुनवाई का ऐसा मोड़ था, जहां पीठ ने ईडी को चेतावनी दी थी। उसके बाद लंच का समय हो गया। दरअसल अदालत ने कहा था कि यदि ईडी जमानत का विरोध करता है, तो वह पीएमएलए के तहत अर्जी पर विचार करेगी। ऐसे में यदि अदालत जमानत देती है, तो शराब नीति का पूरा केस कमजोर हो जाता है। लिहाजा लंच के बाद ईडी के वकील एसवी राजू ने मेरिट पर गए बिना ही कह दिया कि संजय सिंह को जमानत देने में ईडी को कोई आपत्ति नहीं है। न्यायिक पीठ ने भी जमानत दे दी, लेकिन यह भी कहा कि यह आदेश 'मिसाल' के तौर पर नहीं है। चूंकि संजय सिंह राजनीति से जुड़े व्यक्ति हैं, लिहाजा वह अपनी राजनीतिक गतिविधियां जारी रख सकते हैं, लेकिन इस केस से जुड़ा बयान न दें। बहरहाल 'आप' जश्न के मूड में है और इस न्यायिक फैसले को 'सत्य की जीत' करार दे रही है। संजय सिंह उस वक्त जेल से बाहर आए हैं, जब दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और पूर्व मंत्री सत्येन्द्र जैन तिहाड़ जेल में कैद हैं। वे सभी 'आप' के संस्थापक और शीर्ष नेताओं में शामिल हैं। अब संजय सिंह जेल से मुक्त हुए हैं, तो कहा जा सकता है कि पार्टी पर एक बड़े नेता का साया और संरक्षण रहेगा। यह महत्वाकांक्षा भी जाग सकती है कि संजय खुद को पार्टी के 'नंबर दो' नेता के तौर पर स्थापित करे। 'आप' में सत्ता-संघर्ष भी छिड़ सकता है। संजय सिंह खुद को लोकसभा चुनाव का 'स्टार प्रचारक' भी घोषित कर सकते हैं। फिलहाल मुख्यमंत्री केजरीवाल ने दिल्ली उच्च न्यायालय में ईडी को चुनौती दी है और अपनी गिरफ्तारी को गलत करार दिया है। फैसला बुधवार को ही आना था। मनीष सिसोदिया की याचिका पर भी 6 अप्रैल को अदालत में सुनवाई है।

> सांसद संजय सिंह को जमानत मिलना उनकी बेगुनाही का प्रमाण-पत्र नहीं है। जमानत का वैधानिक, तकनीकी आधार भी है और न्यायाधीशों के विवेक का विशेषाधिकार भी है। संजय सिंह अब भी आरोपित हैं। मुकदमा जारी रहेगा और देश को अंतिम निष्कर्ष की प्रतीक्षा रहेगी, लेकिन धनशोधन निरोधक अधिनियम में 181 दिन के बाद ही जमानत मिलना आश्चर्य भी है। आश्चर्य यह नहीं है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जमानत का विरोध क्यों नहीं किया? बल्कि जमानत के लिए अपनी सहमति भी क्यों दी? जिन्होंने अदालत की कार्यवाही नहीं देखी अथवा कानून की परिधियों से वाकिफ नहीं हैं, वे ऊल-जलूल टिप्पणियां कर रहे हैं और ईडी की पराजय आंक रहे हैं। दरअसल सर्वोच्च अदालत के तीन न्यायाधीशों की खंडपीठ ने ईडी की मर्यादा और गरिमा का ख्याल रखा और आरोपित संजय सिंह के मानवाधिकारों का भी सम्मान किया। 'आप' सांसद बीती 4 अक्तूबर से ईडी की हिरासत और बाद में तिहाड़ जेल में बंद थे।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ की जा रही कार्रवाई को लोकतंत्र पर हमला बताते हुए इसी के इर्दगिर्द ही अपनी बातें रखीं

## इंडिया की लोकतंत्र बचाओ महारैली के बेसुरे स्वर

ललित गर्ग

> विपक्षी गठबंधन इंडिया की लोकतंत्र बचाओं महारैली में जुटे 28 दलों के नेता आगामी लोकसभा चुनाव की दृष्टि से कोई प्रभावी संदेश देने में नाकाम रहे हैं। भले ही चुनाव के ठीक पहले विपक्षी दलों ने इसके जरिए अपनी एकजुटता प्रदर्शित करने में कामयाबी हासिल की हो। लेकिन यह एकजुटता भ्रष्ट नेताओं को बचाने की एक मुहिम ही बनकर सामने आयी है। इसमें स्पष्ट रूप से केन्द्र सरकार की भ्रष्टाचार पर गई कार्रवाई की बौखलाहट झलक रही थी। इस रैली में सभी दलों के नेताओं ने देश विकास के मुद्दों, सिद्धान्तों एवं नैतिक तकाजे की बजाय मोटे तौर पर सत्ता पक्ष की भ्रष्टाचार के खिलाफ की जा रही कार्रवाई को लोकतंत्र पर हमला बताते हुए इसी के इर्दगिर्द ही अपनी बातें रखीं।

**दिल्ली** के रामलीला मैदान में विपक्षी गठबंधन इंडिया की लोकतंत्र बचाओं महारैली में जुटे 28 दलों के नेता आगामी लोकसभा चुनाव की दृष्टि से कोई प्रभावी संदेश देने में नाकाम रहे हैं। भले ही चुनाव के ठीक पहले विपक्षी दलों ने इसके जरिए अपनी एकजुटता प्रदर्शित करने में कामयाबी हासिल की हो। लेकिन यह एकजुटता भ्रष्ट नेताओं को बचाने की एक मुहिम ही बनकर सामने आयी है। इसमें स्पष्ट रूप से केन्द्र सरकार की भ्रष्टाचार पर गई कार्रवाई की बौखलाहट झलक रही थी। इस रैली में सभी दलों के नेताओं ने देश विकास के मुद्दों, सिद्धान्तों एवं नैतिक तकाजे की बजाय मोटे तौर पर सत्ता पक्ष की भ्रष्टाचार के खिलाफ की जा रही कार्रवाई को लोकतंत्र पर हमला बताते हुए इसी के इर्दगिर्द ही अपनी बातें रखीं। लोकतंत्र बचाओ रैली से उपजे विचारों ने किन्हीं पवित्र उद्देश्यों के बजाय सत्ता हासिल करने की लालसा को ही उजागर किया, यह निराश करने वाली रैली किसी बड़े बदलाव की वाहक बनती हुई नजर नहीं आयी। इस रैली में भारतीय जनता पार्टी एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शानदार जीत की संभावना से बौखलाए नेताओं की खींच ही ज्यादा सामने आयी है। यही कारण है कि रैली में जो मुद्दा जोरशोर से उठा, वह यह रहा कि यदि भाजपा फिर से सत्ता में आ गई तो लोकतंत्र भी खत्म हो जाएगा और संविधान भी। यह समझना कठिन है कि कोई दल लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल करता है तो उससे लोकतंत्र और संविधान कैसे खत्म हो जाएगा। आम जनता के मतों से जीत हासिल करने वाला दल किस तरह से लोकतंत्र को ध्वस्त करने वाला हो सकता है। विपक्षी एकता का यह महाकुंभ मोदी को कोसने की बजाय किन्हीं ठोस मुद्दों के सहारे कोई प्रभावशाली विमर्श खड़ा करने की कोशिश करता तो वह आम जनता को आकर्षित करता और यही स्वस्थ राजनीतिक परिपक्वता का परिचायक होता। लेकिन ऐसा न होना समूचे देश के विपक्षी दलों की नाकामी, उद्देश्यहीनता एवं राजनीतिक अपरिपक्वता का द्योतक हैं। इस रैली में अनेक मुद्दे



उठे, जिनमें प्रमुख रहा केंद्रीय एजेंसियों का कथित दुरुपयोग और राजनीतिक भ्रष्टाचार। प्रियंका गांधी ने इस रैली में सरकार के सामने पाँच माँगें रखीं। इनमें प्रमुख दो हैं जिनमें चुनाव आयोग से माँग की गई है कि विपक्षी नेताओं पर छापों की कार्रवाई रोकी जाए। दूसरी और महत्वपूर्ण माँग ये है कि गिरफ्तार हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल को तुरंत रिहा किया जाए। इस रिहाई की माँग के पीछे कांग्रेस का उद्देश्य बचे-खुचे संगठनों या पार्टियों को इंडिया गठबंधन से जोड़े रखना है। नीतीश कुमार और ममता बनर्जी जैसे मज़बूत खम्भे पहले ही उखड़ चुके हैं इसलिए जो कुछ बचा है उसे कांग्रेस समेटे रखना चाहती है, यही उसकी विवशता है। वैसे, इंडिया गठबंधन के घटक दलों के आपसी अंतर्विरोध की छाया भी इस रैली दिखी। कांग्रेस की तरफ से कहा गया कि विरोध किसी खास व्यक्ति से जुड़ा नहीं बल्कि मौजूदा सरकार की तानाशाही के खिलाफ केंद्रित है। जबकि इस रैली का मकसद आम आदमी पार्टी की तरफ से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध करना बताया गया। यहां आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस के बीच के अन्तर्विरोध को सहज ही समझा जा सकता है। यह रैली भले ही अठाइस दलों का जमावड़ा बनी, इसे विपक्षी दलों की एकजुटता का प्रदर्शन भी कहा गया है। लेकिन जबसे इंडिया गठबंधन बना है, तब से उसमें टूट एवं बिखराव के स्वर सुनाई दे रहे हैं। विचारभेद के साथ मनभेद भी सामने आये हैं। महाराष्ट्र से लेकर बिहार तक तमाम राज्यों में टिकट बंटवारे के सवाल पर इंडिया गठबंधन से जुड़े दलों की आपसी खटपट की खबरें भी आ रही थीं। भले ही ये विवाद गिनी-चुनी सीटों को लेकर थे, लेकिन संदेश स्पष्ट था कि चुनाव सिर पर आने के बाद भी इंडिया गठबंधन से जुड़े दल एकजुट नहीं हो पा रहे। रामलीला मैदान की रैली के जरिए इन दलों ने यह संदेश देने का प्रयास किया है कि मोदी विरोध एवं भाजपा को सत्ता से दूर करने के मुद्दों पर वे एक स्वर में बोल सकते हैं और लगातार बोलते भी रहे हैं, फिर उसके लिये इस महारैली की क्या जरूरत? निश्चित ही एकजुटता के ये स्वर बेसूरे, असहज एवं बनावटी है, इंडिया गठबंधन के राजनैतिक क्षितिज पर जो वरिष्ठ राजनेता हैं उनकी आवाज व किरदार भारतीय जीवन को प्रभावित नहीं कर रहा है। इंडिया गठबंधन से जुडे.दलों की केन्द्र एवं प्रांतों की सरकारों के शासन-काल में तो अपराध, भ्रष्टाचार और साम्प्रदायिकता के जबड़े फैलाए, आतंकवाद, प्रांतवाद, जातिवाद की जीभ निकाले, मगरमच्छ सब कुछ निगलता रहा है। सब अपनी जातियों और ग्रुपों को मजबूत करते रहे हैं-- देश को नहीं। प्रथम पंक्ति का नेता ही नहीं है जिसे मोदी के मुकाबले में खड़ा किया जा सके। भारत के लोग केवल बुराइयों से लड़ते नहीं रह सकते, वे व्यक्तिगत एवं सामूहिक, निश्चित सकारात्मक लक्ष्य के साथ जीना चाहते हैं। अन्यथा जीवन की सार्थकता नष्ट हो जाएगी। दो तरह के नेता होते हैं- एक वे जो कुछ करना चाहते हैं, दूसरे वे जो कुछ होना चाहते हैं। असली नेता को सूक्ष्मदर्शी और दूरदर्शी होकर, प्रासंगिक और अप्रासंगिक के बीच भेदरेखा बनानी होती है। संयुक्त रूप से कार्य करें तो आज भी वे भारत को विकास की नई ऊंचाइयां दे सकते हैं। लेकिन उन्होंने सहचिन्तन को शायद कमजोरी मान रखा है। नेतृत्व के नीचे शून्य तो सदैव खतरनाक होता ही है पर यहां तो ऊपर-नीचे शून्य ही शून्य है। इंडिया गठबंधन की चोटी से लेकर प्रांत स्तर पर, समाज स्तर पर तेजस्वी और खरे नेतृत्व का नितान्त अभाव है।

दृष्टि कोण

## प्रदेश में भी बने भारत मंडपम

**लगभग** 150 एकड़ क्षेत्र में निर्मित प्रगति मैदान भारत के सबसे बड़े प्रदर्शनी केंद्रों में से एक है और दिल्ली में प्रदर्शनियों और सम्मेलनों के लिए महत्वपूर्ण स्थल है। भारत ने जी-20 के आयोजन के दृष्टिगत वास्तुशिल्प की अनूठी उपलब्धि को जोड़ते हुए प्रगति मैदान, नई दिल्ली में एक नए कन्वेंशन सेंटर भारत मंडपम का निर्माण करवाया है जो आधुनिकता का परिचायक भी है। नई दिल्ली के प्रगति मैदान में भारत मंडपम, आर्कोप एसोसिएट्स और एडास सिंगापुर द्वारा पुनः डिजाइन किया गया एक प्रतिष्ठित भवन है जो देश की वास्तुकला को परिभाषित करता है और उभरती हुई वैश्विक महाशक्ति और ज्ञान केंद्र के रूप में भारत की प्रतिष्ठा को मजबूत करता है। यहां बड़े प्रदर्शनी स्थल और सहायक बुनियादी ढांचे के साथ 4800 यात्री कार इकाइयों (पीसीयू) की पार्किंग सहित अन्य संबंधित सुविधाएं स्थापित की गई हैं। इसी के साथ इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर (आईआईसीसी) एक अत्याधुनिक, विश्वस्तरीय प्रदर्शनी और कन्वेंशन सेंटर बनाने की दृष्टि से भारत सरकार की एक प्रमुख परियोजना है जो आकार और गुणवत्ता में, अंतरराष्ट्रीय और साथ ही राष्ट्रीय बैठकों, सम्मेलनों, प्रदर्शनियों और व्यापार शो के लिए एक कुशल और गुणवत्तापूर्ण आयोजन स्थल की पेशकश करता है। 25703 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से यह परियोजना सेक्टर-25, द्वारका में विकसित की जा रही है और इसे लगभग 303000 वर्ग मीटर के साथ केंद्रीय व्यापार जिले (सीबीडी) के पैमाने पर बनाने की कल्पना की गई है। प्रदर्शनी स्थल का क्षेत्रफल 60000 वर्ग मीटर है, जबकि सम्मेलन क्षेत्र का क्षेत्रफल 50000 वर्ग मीटर है। यहां बहुउद्देशीय क्षेत्र के साथ-साथ खुदरा, वाणिज्यिक कार्यालयों, आतिथ्य उपयोगकर्ताओं के लिए मनोरंजन और जीवन शैली को दर्शाने वाले क्षेत्रों के लिए उपयुक्त स्थान है। यह सुविधा देश में अपनी तरह की पहली होगी जिसमें प्रदर्शनी हॉल में बड़े कॉलम मुक्त स्थान होंगे और बड़े पैमाने पर रक्षा और एयरोस्पेस प्रदर्शनियों की मेजबानी करने की क्षमता होगी। कन्वेंशन सेंटर परिसर में 11000 प्रतिनिधियों के बैठने की क्षमता होगी और 6000 लोगों की क्षमता वाला एक विश्वस्तरीय हॉल होगा। आज आवश्यकता है कि केंद्र सरकार छोटे स्तर पर पर ही सही, भारत मंडपम की तर्ज पर प्रत्येक राज्य के दो-तीन महत्वपूर्ण शहरों में आधुनिक एवं सुविधाओं से परिपूर्ण प्रदर्शनी स्थलों का निर्माण करवाए, ताकि नई दिल्ली में आयोजित होने वाली प्रदर्शनियों की तरह के आयोजनों को राज्यों के नागरिक भी निकटता से देख सकें। पिछले दिनों 7 मार्च से 11 मार्च 2024 तक भारत की एक महत्वपूर्ण प्रदर्शनी 'आहार मेले' का आयोजन प्रगति मैदान, नई दिल्ली में किया गया। आहार खाद्य और आतिथ्य में एशिया का सबसे प्रसिद्ध ब्रांड है। मैं स्वयं इस प्रदर्शनी को देखने के लिए दिल्ली में मौजूद था। हर वर्ष की तरह इस मेले में पहले के मुकाबले कहीं ज्यादा भीड़ देखने को मिल रही है। इस आहार मेले में देश-विदेश के 1800 से ज्यादा एग्जीबिटर्स हिस्सा लेने के लिए पहुंचे थे। आहार प्रदर्शनी में रोजमर्रा की जिंदगी से लेकर बिजनेस की कई महत्वपूर्ण जानकारियां वहां आने वाले लोगों को मिलीं। अलग तरह के चॉकलेट बॉक्सेस से लेकर घर के पर्दे, किचन हैक्स का सामान और विदेशी खानपान भी चखने को मिले। पिज्जा, चाइनीज ड्राइफ्रूट्स, डिजाइनर क्रॉकरी और फूड इंडस्ट्री में इस्तेमाल की जाने वाली अत्याधुनिक मशीनों का भी वहां प्रदर्शित किया गया। कई स्टॉलों में लोगों को कई स्वादिष्ट डिश भी चखने को दी गईं। जिन लोगों को ऐसे इवेंट्स में जाना पसंद हो और समयाभाव के कारण बड़े शहरों का रुख नहीं कर पाते हैं, उनकी सुविधा के लिए छोटे राज्यों में भी प्रगति मैदान की तर्ज पर कम से कम 2-3 हॉल वाले प्रदर्शनी स्थलों का निर्माण आज के दौर की मांग है और वैसे भी दिल्ली जैसे बड़े एवं महंगे महानगर में रहना आम आदमी के बलबूते से बाहर की बात है। यह सर्वविदित है कि सूरजकुंड और दिल्ली हाट जैसे मेला आयोजन स्थलों में भी लाखों की संख्या में लोगों की भागीदारी रहती है। दो वर्ष पूर्व मंडी में एफएसएसएआई द्वारा एक दिवसीय 'ईट राइट' मेले का आयोजन इंदिरा मार्केट की खुली छत पर किया गया था। जाहिर है कि हिमाचल के नित बदलते मौसम के दृष्टिगत खुली जगहों में ऐसे आयोजन में भाग लेने वाले व्यापारियों के साथ-साथ दर्शकों को भी असुविधा होती है। इस मेले में मंडी जिला के विभिन्न स्थानों से आए महिला मंडलों, स्वयं सहायता समूहों ने लोकल खाद्य उत्पादों के स्टॉल लगाए थे और इसके साथ ही विभागीय प्रदर्शनियों को भी लोगों की जानकारी के लिए लगाया गया। इनके जरिए लोगों को अच्छे भोजन के बारे में जागरूक और पौष्टिक भोजन की आदत बारे प्रेरित किया गया। हिमाचल सरकार शिमला में हिमाचल हाट बनाने जा रही है। हिमाचल हाट बनने से शिमला में पर्यटकों और स्थानीय लोगों को प्रदेश के हर जिला का पारंपरिक भोजन हर समय उपलब्ध रहेगा और वह कभी भी इसका आनंद ले पाएंगे। इसी प्रकार हर जिला मुख्यालय पर जगह उपलब्ध करवाने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि वह अपने उत्पादों की वहां बिक्री कर आत्मनिर्भर बन सकें। इसके अतिरिक्त हिमाचली धाम और अन्य पारंपरिक व्यंजनों के पेटेंट के संबंध में भी गंभीरता से विचार किया जा रहा है। वर्तमान दौर में अब भारतीय बड़ी संख्या में भारत के अन्य राज्यों में पर्यटन हेतु आ-जा रहे हैं और विदेशी भी भारत घूमने आ रहे हैं, लिहाजा ऐसे भव्य मंडपों का निर्माण और एक छत के ही नीचे सभी जानकारियों का प्रदर्शन न केवल राज्यों की प्राचीन संस्कृति, इतिहास एवं शिल्पकला आदि को रेखांकित करेगा, अपितु स्थानीय लोगों को भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हो रहे बदलावों से अवश्य ही अवगत और अद्यतन रखेगा।

कुछ अलग

## ढाई आखर प्रेम का

**हमारे** संतों, ऋषियों, मुनियों, मनीषियों ने सीख दी है कि मनुष्यों से ही नहीं, सभी जीव-जंतुओं और पेड़-पौधों तक से प्रेम करो। इस सृष्टि की हर वस्तु से प्रेम और पूर्ण समर्पण और विश्वास के साथ भक्ति, अध्यात्म की महत्वपूर्ण सीढियां हैं। गुरू नानक देव जी, संत कबीर, संत रविदास, भगवान बुद्ध, महावीर स्वामी, योगी राज प्रभु राम लाल जी, गुरुदेव ओम स्वामी जी आदि की शिक्षाओं का सार भी यही है। ये सब दिव्य आत्माएं हमारी प्रेरणा के स्रोत हैं। यह एक कड़वा सच है कि बहुत बार अपने ज्ञान के अभिमान में विशेषज्ञों का नजरिया संकुचित हो जाता है और वे अपनी किताबी सीख से आगे नहीं जा पाते, और जीवन की कई सच्चाइयों को अस्वीकार करके उनसे अनभिज्ञ रह जाते हैं। विज्ञान की बात तो छोड़िए, विभिन्न धर्मों में भी गहरे मतभेद हैं। कोई धर्म जन्म-जन्मांतर की बात करता है तो कोई पुनर्जन्म को ही नहीं मानता। धर्म फिर एक शारीरिक चीज है, कर्मकांड है, अध्यात्म उससे कहीं आगे की बात है। यही कारण है कि ऋषियों मुनियों ने धर्म की नहीं बल्कि अध्यात्म की बात की है। पुनर्जन्म की ही बात करें तो बहुत से धर्म इस विचार को पूरी तरह से नकारते हैं, लेकिन सच यह भी है कि पुनर्जन्म के बहुत से साक्ष्य दुनिया भर में उपलब्ध हैं और उन पर कोई विवाद नहीं है। यही हाल विज्ञान का भी है। यही कारण है कि एक सीमा के बाद विज्ञान आगे नहीं बढ़ पाता, तो फिर हमें अध्यात्म का सहारा लेना पड़ता है। अध्यात्म बहुत सहज है, बहुत सरल है, उसे समझना भी कठिन नहीं है, परंतु आधुनिकता के चक्कर वाले व्यक्ति के लिए उसकी थाह पाना कठिन है। प्रतियोगिता के युग में जी रहा व्यक्ति समझ ही नहीं पाता कि पूजा सिर्फ तभी पूजा है जब हम प्रेममय हो जाते हैं, देश, धर्म, जाति, लिंग, क्षेत्र की बात छोड़कर हर व्यक्ति से प्रेम करने लगते हैं, बिना कारण प्रेम करने लगते हैं, और व्यक्ति से ही नहीं, हर वस्तु से प्रेम करने लगते हैं, हर जड़-चेतन जीवन का सम्मान करने लगते हैं, बिना कारण, बिना लालच, बिना किसी डर के। यह जीवनशैली अपना लें तो मन हमेशा प्रसन्न-प्रफुल्लित रहता है। जब हम प्रेममय हो जाते हैं तो शिकायतें खत्म हो जाती हैं, किसी बात का गिला नहीं रह जाता, क्रोध नहीं रह जाता, पछतावा नहीं रह जाता, इन सबकी जगह कृतज्ञता का भाव आ जाता है, समर्पण का भाव आ जाता है, सेवा का भाव आ जाता है। इस तरह हम अध्यात्म की कई सीढियां चढ़ जाते हैं। हम आध्यात्मिक होते हैं तो ब्रह्मांड से जुड़ जाते हैं, परमात्मा से जुड़ जाते हैं। बस हमें यह समझना जरूरी है कि आध्यात्मिक होने के लिए, बोध पाने के लिए घर, निर्वाण के लिए या परमात्मा को पाने के लिए घर, परिवार, दुनिया छोड़ कर संत बन एकमात्र रास्ता नहीं है। यह कोई नहीं कहता कि संत बन जाना गलत है। यह कोई नहीं कहता कि कर्मकांड गलत है। यह कोई नहीं कहता कि दुनिया छोड़ कर हिमालय पर कठिन तपस्या करना गलत है। पर सच यही है कि बुद्ध हो जाने के बहुत से रास्तों में से यह भी एक रास्ता है। चूंकि बोधिसत्व प्राप्त करने के कई रास्ते हैं, इसलिए किसी अन्य मत की आलोचना नहीं होनी चाहिए। परमात्मा एक है, पर परमात्मा तक पहुंचने के रास्ते कई हैं। 'सहज संन्यास मिशन' के अनुगामी के रूप में मेरा मानना है कि दुनिया माया नहीं है, जीवन सपना नहीं है। हम जीवित हैं, हमें एक शरीर मिला है और हम इस दुनिया में हैं, तो यह भी एक सच है, और इसे झुठलाया नहीं जाना चाहिए। दुनिया में रहकर दुनिया वालों से प्रेम करना, उनकी सेवा करना हमारा उद्देश्य होना चाहिए। जीवन का पाठ यही है। सहज संन्यास के अनुयायियों की एक और मान्यता यह है कि हर व्यक्ति की स्थितियां अलग हैं।

देश दुनीया से

## कोचिंग राष्ट्र बनने की दिशा में देश

> भारत के 14 से 18 वर्ष की आयु के युवाओं के बीच शिक्षा के निराशाजनक परिदृश्य पर रोशनी डालती है। पढ़ने के कौशल में आठवीं कक्षा के 30 फीसदी ग्रामीण छात्र दूसरी कक्षा के मानक पाठ नहीं पढ़ सकते। इसी तरह अंकगणित कौशल में आठवीं कक्षा के 55 फीसदी ग्रामीण छात्र बुनियादी भाग करने में असमर्थ थे। जबकि अंग्रेजी समझ एवं कौशल में, आठवीं कक्षा के आधे ग्रामीण छात्र आसान वाक्यों को पढ़ने में असमर्थ थे और जो पढ सकते थे, उनमें से लगभग एक तिहाई छात्र अर्थ बताने में असमर्थ थे। स्कूली शिक्षा में सीखने के अपर्याप्त परिणामों को देखते हुए समकालीन भारत में कोचिंग संस्थानों का विस्तार होना स्वाभाविक है।

**शिक्षा** की वार्षिक स्थिति रिपोर्ट 2023, ग्रामीण भारत के 14 से 18 वर्ष की आयु के युवाओं के बीच शिक्षा के निराशाजनक परिदृश्य पर रोशनी डालती है। पढ़ने के कौशल में आठवीं कक्षा के 30 फीसदी ग्रामीण छात्र दूसरी कक्षा के मानक पाठ नहीं पढ़ सकते। इसी तरह अंकगणित कौशल में आठवीं कक्षा के 55 फीसदी ग्रामीण छात्र बुनियादी भाग करने में असमर्थ थे। जबकि अंग्रेजी समझ एवं कौशल में, आठवीं कक्षा के आधे ग्रामीण छात्र आसान वाक्यों को पढ़ने में असमर्थ थे और जो पढ़ सकते थे, उनमें से लगभग एक तिहाई छात्र अर्थ बताने में असमर्थ थे। स्कूली शिक्षा में सीखने के अपर्याप्त परिणामों को देखते हुए समकालीन भारत में कोचिंग संस्थानों का विस्तार होना स्वाभाविक है। शिक्षा की वार्षिक स्थिति रिपोर्ट 2022 ने बताया कि कक्षा एक से आठवीं तक के 30.5 फीसदी ग्रामीण छात्र सशुल्क निजी कोचिंग कक्षाएं ले रहे थे। स्कूली शिक्षा में मूलभूत कौशल और गहन सोच कौशल की कमी के कारण निजी कोचिंग पर निर्भरता जरूरी हो गई है। जैसे-जैसे छात्र उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, कोचिंग पर निर्भरता बढ़ती जाती है। भारत एक कोचिंग राष्ट्र में बदल गया है, न केवल महानगरीय शहरों में, बल्कि छोटे शहरों में भी। सरकारी नौकरियों की इच्छा, जो सामाजिक सुरक्षा के साथ आती है, शायद ग्रामीण छात्रों को आगे बढ़ने के लिए यही एकमात्र रास्ता हो। भारत के 91 फीसदी कार्यबल अनौपचारिक रोजगार में है, जिसे सामाजिक बीमा के बिना रोजगार के रूप में परिभाषित किया गया है, अर्थात वृद्धावस्था पेंशन, मृत्यु/विकलांगता बीमा, स्वास्थ्य और मातृत्व लाभ इत्यादि से वंचित रोजगार। वर्ष 2022-23 में स्नातकों के लिए बेरोजगारी दर 13.4 फीसदी और स्नातकोत्तर और उससे ऊपर के लोगों के लिए 12.1 फीसदी रही, जो राष्ट्रीय औसत बेरोजगारी दर 3.2 फीसदी (15 वर्ष और उससे अधिक आयु) से लगभग चार गुना है। भारत में बेरोजगारी की स्थिति एक प्रमुख सामाजिक मुद्दा बनी हुई है। अगर नौकरियां नहीं मिलेंगी, तो छात्र कहां जाएंगे? वर्ष 2017-18 से 2022-23 की अवधि में कृषि क्षेत्र में छह करोड़ श्रमिकों की वृद्धि हुई है! आखिरी पीएलएफएस जुलाई, 2022 और जून, 2023 के बीच भी 80 लाख श्रमिकों को कृषि में जोड़ा गया था। निजी नौकरियों में रोजगार की अनिश्चितता को देखते हुए यह उनकी मजबूरी ही थी। अधिकांश सरकारी नौकरियों के लिए भी परीक्षा में अंग्रेजी कौशल मुख्य घटकों में से एक है। जबकि आबादी की मुख्य भाषा और स्कूली शिक्षा का माध्यम हिंदी बनी हुई है। प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए अंग्रेजी कौशल की आवश्यकता होती है, जिसके लिए कोचिंग अपरिहार्य हो जाती है। माता-पिता की उम्मीदें ऊंची बनी हुई हैं और उम्मीदवारों को प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग लेने के लिए प्रेरित किया जाता है। सफलता और विफलता को परिभाषित करने में कोचिंग एक महत्वपूर्ण कारक साबित हो सकती है। सभ्य गैर-कृषि रोजगार की अनुपलब्धता, रुकी हुई सरकारी नौकरियां और सीमित सरकारी नौकरियों के साथ-साथ उच्च शिक्षा के लिए युवाओं के बीच अभूतपूर्व प्रतिस्पर्धा है, जिसने छात्रों को ट्यूशन और कोचिंग में धकेल दिया है। कुल मिलाकर, शिक्षा का मौलिक अधिकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अधिकार में तब्दील नहीं हुआ है, इसलिए निजी ट्यूशन और कोचिंग संस्थान तेजी से बढ़ रहे हैं। कोचिंग संस्थान लंबे समय तक एक अनियमित बाजार बने रहे, और कई शिकायतों और छात्रों की आत्महत्याओं के बाद ही सरकार कोचिंग सेंटरों को संचालित करने के लिए दिशा-निर्देश लेकर आई है। 'कोचिंग सेंटर का पंजीकरण और विनियमन, 2024' दिशा-निर्देश कोचिंग सेंटरों को भ्रामक वादे करने या सफलता की गारंटी देने से रोकते हैं। हालांकि, इसका उपाय स्कूली शिक्षा, उच्च अध्ययन और प्रतियोगी परीक्षाओं की नींव में सीखने के परिणामों में सुधार करना है। इसके अलावा, हर कोई कोचिंग का खर्च नहीं उठा सकता और सरकारी नौकरी की आकांक्षा नहीं कर सकता। गैर-औद्योगिकीकरण और संरचनात्मक परिवर्तन के उलट होने की स्थिति में जो कुछ बचा है, वह है गिग इकनॉमी, जो बिना किसी सामाजिक सुरक्षा जाल के कार्यबल को केवल निर्वाह प्रदान करती है। इस प्रकार, समकालीन भारत में नौकरियों को पुनर्जीवित करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए।



आप का नजरीया

## कुछ जलवे, कुछ शिकार

**हिमाचल** में लोकसभा चुनाव के साथ नत्थी विधानसभा उपचुनाव की तासीर में या तो जलवे करेंगे कमाल या अति महत्त्वाकांक्षा हो जाएगी शिकार। पहले जलवों का जिक्र करें, तो भाजपा की रणनीति में केंद्रीय ताकत का एहसास, आत्मविश्वास और अपनी संगठनात्मक मशीनरी का प्रदर्शन है। पार्टी कांग्रेस से कहीं आगे संगठन के साथ साज बजा रही है। उसके अधिकांश उम्मीदवार मैदान में उतर चुके हैं। कांग्रेस से आए पूर्व विधायक अपने साथ जो सामान लाए हैं, उसका प्रदर्शन परिचय दे रहा है। धर्मशाला में सुधीर शर्मा का परिचय सम्मेलन अपनी धाक में कांग्रेस की खोपड़ी में प्रश्न पैदा जरूर कर रहा है, क्योंकि पार्टी की हर तह में अब कोई न कोई उम्मीदवार टर्रा रहा है। सदमें में भाजपा के भी कई तीर हैं, लेकिन चुनावी योजना में यह पार्टी जलवों का शृंगार करने में माहिर है। हम इसी आधार पर राजेंद्र राणा के मार्फत सुजानपुर के दुर्ग में हलचल देख सकते हैं। यह दीगर है कि भाजपा के कई गवाह अब कांग्रेस में गोटियां फिट कर रहे, तो यह भी देखा जाएगा कि किस क्षेत्र में कौन अपने जलवे का हल जोत रहा है। बहरहाल जलवे से उम्मीदवारों का चयन संभव है, तो मंडी से भाजपा की उम्मीदवार कंगना रनौत में यह खासियत राष्ट्रीय चर्चा का विषय है। उम्मीदवार घोषित होने से पहले ही कंगना के बयान-कंगना के विवाद, इतने अधीर तो रहे ही हैं कि भाजपा के नाम पर कहीं भी पत्थरबाजी हो जाए। शायद इसलिए बयानों-विवादों का एक मुकाबला उनके और सुक्खू सरकार के लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह के बीच शुरू हो चुका है। जलवा इसी लोकसभा क्षेत्र में वीरभद्र सिंह के परिवार का भी रहा है, लेकिन अब यहां धीरे-धीरे कंगना बनाम प्रतिभा सिंह के बीच पार्टियों के संघर्ष से कहीं अधिक दोनों नेत्रियों के व्यक्तित्व व कृतित्व पर आकर टिकेगा, तो सारी परिपार्टियां फिर से लिखी जाएंगी। कंगना का बड़बोलापन और हाजिरजवाबी पर मतदाता फिदा होता है या वीरभद्र सिंह के परिवार की गरिमा चुनाव के सिर पर सवार रहती है, यह देखना रोचक होगा। कांगड़ा से लोकसभा चुनाव में भले ही कांग्रेस ने पत्ते नहीं खोले, लेकिन भाजपा की ओर से डा. राजीव भारद्वाज की पेशकश में वयोवृद्ध नेता शांता कुमार का जलवा जरूर देखा जा रहा है। यह दीगर है कि अब तक जलवा दिखा चुके त्रिलोक कपूर की दावेदारी पर विराम लगाकर, उनके सदा नजदीक रहे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा नए अवतरण में हैं। प्रदेश के सामर्थ्य में राजनीतिक जलवे का स्वाभाविक पुरुषार्थ मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से आशावान है और अगर वह इन चुनावों में पचास फीसदी भी सफलता हासिल कर पाते हैं, तो कांग्रेस की अग्रिम पंक्ति में भविष्य की अगवाई करते हुए देखे जाएंगे। इन चुनावों में हिमाचल के असली शिकारी का भी पता चलेगा। विधायकों के इस्तीफों के माध्यम से कौन किसका शिकार कर गया, इसका पता भी चुनाव की सारी कसरतें बताएंगी। शिकार की टोह में हिमाचल की राजनीति आज भी जहां खड़ी है, वहां कई चाबुक व तलवार लटके हैं।

**संक्षिप्त खबरें**

## महुआ चुनने वालो ने लगाई आग, पेड़ पौधे जलकर राख



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** एक ओर वन विभाग पर्यावरण को बचाने के लिए हरेक उपाय कर रही है।वन विभाग द्वारा जंगल एंव गांव-गांव में पेड़ पौधे लगाएं जा रहे हैं। वन रक्षा के लिए हरेक तरह उपाय किये जा रहे हैं। पेड़ पौधे जीव जंतु कैसे बचाए जाए। एक ओर कुंदा के जंगलों आग लगाने शुरू हो गया है। आग महुआ चुनने वालो ने लगाई है। महुवा गिरना शुरू हो गया है। कुछ लोग अपने चंद फायदे महुवा चुनने के चक्कर में जंगल को साफ सफाई आग लगा कर अपने घर चले जाते हैं।और आग इतना उग्र हो जाता है कि जंगल के जंगल को जला कर राख कर देता है। उस आग में न जाने कितने वेस कीमती पेड़ के साथ साथ औषधिय पौधे जल जाते हैं न जाने कितने जंगली माशूम जानवर अपनी जान गवा देते है।

# लोकप्रेरणा केंद्र द्वारा किया गया प्रेस वार्ता आयोजित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के सिमरिया चौक स्थित लोकप्रेरणा केंद्र के कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन की गई। जहां पत्रकारों ने द्वीप प्रज्वलित कर आयोजन को सफल बनाया। यह प्रेस वार्ता प्रतिमा कुमारी और रानी कुमारी ने की। वार्ता में इन्होंने बताया कि हमारी संस्था 2014 से कार्य कर रही है। जहां महिला उत्पीड़न हो या बच्चियों को बाल विवाह एवं अन्य समस्याएं हों सभी को लेकर हमेशा ततपर रहती है। आगे जानकारी देते हुए बताई खास कर महिला उत्पीड़न क्षेत्र में ज्यादा होती है इसके लिए पत्रकारों एवं जनप्रतिनिधियों को आगे आने की जरूरत है तभी यह मिशन कामयाब होगा जब हम सभी मिल कर महिला पुरुष या बच्चियाँ को वास्तविक न्याय मिल सकेगा। ऐसे में अभी पत्रकारों को एवं जनप्रतिनिधियों को आगे आकर सहयोग करना होगा तभी आम महिला उत्पीड़न या बच्चियों के साथ होने वाला अत्याचार को रोका जा सकेगा। आगे कहा कि बच्चियों को सशक्त बनाने के लिए खेल हो या पढाई हो या अन्य कार्य सभी को लोक प्रेरणा केंद्र द्वारा टैलेंट नेतृत्व कर्ता के रूप में उसकी पहचान दी गई है। जहां कई बच्चियाँ जगह जगह पर बच्चियों को पढा रही है। या खेल की दुनिया में आगे निकल रही है। इन्हें केवल एक नेतृत्व कर्ता बना कर समाज में रखा जाएगा तो यही बच्चीयां दुशरे बच्चियों को सफल नेतृत्वकर्ता के रूप में सामने लाएगी। मौके पर पत्रकार मोकिम अंसारी, महेंद्र कुमार, बिष्णु कुमार, अरबाज अंसारी,शैलेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, सुबोध शर्मा,अशोक कुमार के अलावे संस्था के कविता कुमारी शामिल थी।

## कुंदा में भाजपाइयों ने बूथ जीतो-चुनाव जीतो को लेकर किया अहम बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंदा :** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को महावीर मंदिर परिसर में बूथ जीतो- चुनाव जीतो कार्यक्रम को लेकर एक बैठक मंडल अध्यक्ष अनिता कुमारी की अध्यक्षता में किया। संचालन सांसद प्रतिनिधि सह युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार यादव ने किया बैठक में पार्टी मजबूती पर जोर दिया गया साथी बूथ जीतो- चुनाव जीतो टास्क पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने चर्चा किया।बैठक में मुख्य उद्देश्य बूथ को सशक्त बनाना और पन्ना प्रमुख को सत्यापित करने का निर्णय लिया गया बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं ने इस बार लोकसभा चुनाव में अबकी बार 400 पार के तर्ज पर कार्य करने का निर्णय लिया गया।बैठक में अतिथियों को अंग वस्त्र दे कर स्वागत किया गया इस मौके पर जिला से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रदीप सिंह किसान मोर्चा पलामू प्रमंडल के प्रभारी भूपेंद्र मिश्रा भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुजीत जयसवाल जिला कार्यसमिति सदस्य संजय पांडेय, लवकुश गुप्ता, रविन्द्र कुमार भारती, प्रमोद गुप्ता, महेंद्र ठाकुर, रवि वर्मा समेत कई लोग उपस्थित थे।

## लोकसभा चुनाव को देखते हुए मतदाताओं का करवाया जा रहा है निबंध



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए अंचल अधिकारी राकेश सहाय ने सोमवार को विभिन्न गांव का भ्रमण किए हैं। तथा गांव के बुथ में स्थित बीएलओ द्वारा मतदाताओं का निबंध करवाना है।जिसका निर्देश अंचलाधिकारी ने सभी बीएलओ को दिए हैं। अंचला धिकारी इस कार्य का घर-घर घूम कर निरीक्षण भी कर रहे हैं। और नए मतदाताओं के घर-घर जाकर इसका सत्यापन करवाया जा रहा है। बताया गया कि 6 से 11 अप्रैल तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। और नए मतदाताओं का नाम निबंधित किया जा रहा है। इस क्रम में प्रपत्र छभरते हुए प्रत्येक दिन इसकी रिपोर्ट निर्वाचन शाखा को देने का निर्देश सभी बीएलओ को मिला है। कार्य में लापरवाही बरतने पर कानून कार्रवाई करने की चेतावनी भी है। अंचला अधिकारी ने बताया कि यह अभियान लोकसभा चुनाव को देखते हुए चलाया जा रहा है। जो प्रखंड के बारियातु, गिद्धौर, द्वारी, बारिसाखी सहित अन्य पंचायत के दर्जनों गांव का भ्रमण किया गया। मौके पर पंचायत के पंचायत सचिव चितरंजन शर्मा के साथ-साथ बीएलओ उपस्थित थे।

## युवक ने फांसी लगाकर दी अपनी जान

**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत सराधू पंचायत के कुंडी गांव निवासी 24 वर्षीय श्याम उर्फ चरकू साव (पिता छेदी साव) ने रविवार की रात फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। इस घटना की जानकारी मिलते ही टंडवा थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अनिल उरांव एवं सराधु पुलिस विकेट प्रभारी राजेश राम दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की विस्तृत जानकारी ली, एवं शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। मृतक श्याम उर्फ चरकु शादीशुदा है एवं अपने पीछे दो बच्चे छोड़ गया है। आत्महत्या के इस कृत्य से परिवार सहित पूरे गांव में शोक व्याप्त है।

## राम नवमी व ईद त्योहार को लेकर पत्थलगडा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** थाना परिसर में सोमवार को राम नवमी त्योहार को लेकर दोनों समुदाय के बीच शांति बनाए रखने के लिए शांति समिति की हुई बैठक। बैठक थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी की अध्यक्षता व संचालन आलोक रंजन चौधरी ने किया। बैठक में थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को आचार संहिता को संज्ञान में रखते हुवे किसी भी प्रकार का सोशल मीडिया से जुड़ी अफवाहो पर ध्यान नहीं देने की बात कही है। वही किसी भी भड़काऊ मैसेज को आगे शेयर न करे ताकि शांति व्यवस्था में किसी तरह विघ्न पैदा न हो।उन्होंने कहा की कहीं अगर किन्ही को भड़काऊ शब्द या नशे में लड़ाई-झगड़ा करते देखते हैं सुनते हैं तो प्रशासन को सूचना करने की बात कही है। बिना विचारे कोई भी मैसेज को अपने ग्रुप में फॉरवर्ड ना करें। प्रशासन की पैनी नजर व्हाट्सएप फेसबुक ट्विटर इंस्टाग्राम जैसे सभी सोशल ऐप पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बैठक में उपस्थित बरवाडीह पंचायत मुखीया संघ अध्यक्ष संदीप कुमार सुमन, नवाडीह पंचायत पूर्व मुखिया मेघन दांगी, सिंघानी पंचायत मुखिया राधिका देवी, नोनगांव पंचायत मुखिया कुमारी संगीता सिन्हा, जिला परिषद भगत जी, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष सतीस कुमार, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष विकास यादव, एवं दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय अम्बाटांड़ इन दिनों पढाई के जगह विद्यालय है बंद

➲विद्यालय बंद, शिक्षक गायब, बच्चे शिक्षा से वंचित, ग्रामीण आक्रोशित

➲विद्यालय से शिक्षक रहते हैं हमेशा गायब, विद्यालय में ताला लटका




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय अम्बाटांड़ के विद्यालय में इन दिनों हमेशा पढाई के समय में ताला लटका रहता है। जिससे आसपास के बच्चे शिक्षा से लेकर खाने तक वंचित हो रहे है। वहीं शिक्षक घर पर एशोआराम कर रहें। विद्यालय में ताला लगा रहने से जहां बच्चे शिक्षा से वंचित हो रहे हैं वहीं बच्चे के परिजन शिक्षकों के गायब और विद्यालय में ताला लगा रहने से आक्रोशित है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार शिक्षा को अग्रसर करने के लिए गांव गांव शहर शहर में विद्यालय खोल मुफ्त पढाई और मुफ्त खाना कपड़ा आदि समान मुहैया करा रही है। इसके लिए करोड़ों रुपये शिक्षकों के तनख्वाह एवं बच्चों पर सभी सुविधाएं को लेकर खर्च कर रही है। बावजूद भी शिक्षकों का रवैया तानाशाह नजर आ रहा है। जहां विद्यालय बंद कर सरकार का तनख्वाह उठाते हक़ीन और अपने घर का निजी काम में मशगूल नजर आ रहे हैं। वैसे में ग्रामीणों ने कहा है कि ऐसे शिक्षकों पर उपायुक्त चतरा और जिला शिक्षा विभाग चतरा को उक्त शिक्षकों पर कार्रवाई करने का आग्रह किया है ताकि बच्चों के जिंदगी से खिलवाड़ ना कर सके।

## पीडीएस में अवैध रूप से सैंकड़ों क्विंटल खाद्यान्न का आवंटन

**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जन वितरण प्रणाली सिस्टम में भ्रष्टाचार की तूती बोलता है। पीडीएस सिस्टम के डीलरों द्वारा कार्डधारियों पर राज चलता है और डीलरों की मनमानी पर कार्डधारी मुकदर्शक बने रहते हैं, इनके हिस्से के अनाज की चोरी इनके सामने ही कर ली जाती है मतलब भ्रष्टाचार खुलेआम है। वहीं प्रखंड बरवाडीह का पीडीएस सिस्टम भ्रष्टाचार से अछूत नहीं है। जहां लगभग 62 पीडीएस दुकानों को प्रत्येक माह लगभग 4 हजार से 5 हजार क्विंटल खाद्यान्न का आवंटन होता है जिसमें सैंकड़ों मृत व्यक्तियों, विवाहित युवतियों और डबल यूनिट के लाभुकों के सैंकड़ों क्विंटल खाद्यान्न का अवैध आवंटन हो रहा है। इस संबंध में विभाग के निर्देशानुसार पीडीएस सशक्तिकरण पखवाड़ा मनाया गया था जिसमें कार्डधारियों के आधार सीडिंग का कार्य कराया जा रहा था। जहां आंकड़े के मुताबिक 6 हजार यूनिट का आधार सीडिंग करना था जिसका कार्य ना के बराबर हुआ या इसे यह भी कह सकते हैं कि विभागीय मिलीभगत से इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। आधार सीडिंग नहीं होने से उक्त यूनिट के खाद्यान्न का आवंटन होता ही जा रहा है और यह आवंटन लगभग सभी दुकानदारों का हो रहा है। वहीं इस संबंध में प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अरविंद रवि ने उक्त लाभुकों की सूची उपलब्ध कराने को लेकर कई हफ्ते पूर्व सभी डीलरों को निर्देशित किया था बावजूद इसके अबतक महज तीन डीलर निजाम खां, यमुना सिंह के अलावा एक अन्य डीलर ने सूची उपलब्ध कराई है।इस संबंध में प्रभारी एमओ ने पुनः पत्र जारी करते दो दिनों के अंदर सूची उपलब्ध कराने को कहा है जिससे कि इनके अनुशंसा पर मृत, विवाहित व डबल यूनिट कार्डधारियों का नाम हटाने का आग्रह किया जा सके।

## बरवाडीह के वाहन मालिकों को ब्लॉक परिसर में वाहन जमा करने का निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** सोमवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी रश्मि रेखा मिंज के निर्देशानुसार प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अरविंद रवि के अध्यक्षता में सभी मुखिया, सभी पंचायत सचिव, रोजगार सेवक और सभी वाहन मालिकों के साथ निर्वाचन कार्य से संबंधित बैठक किया गया। इस दौरान मौजूद वाहन मालिकों को निदेश दिया गया है कि वह अपने वाहन को तत्काल प्रखंड कार्यालय परिसर में जमा कर दें ताकि निर्धारित समय आगामी 13-5-2024 तक सभी वाहनों को लातेहार जिला वाहन कोषांग में भेजा जा सके। बता दें कि कुल 165 वाहनों की सूची तैयार कर जिला वाहन कोषांग को प्रखंड कार्यालय द्वारा भेजा गया था जिसके जिला परिवहन विभाग द्वारा कागजात सत्यापन के बाद कुल 86 वाहनों का सीजर सूची प्रखंड कार्यालय बरवाडीह को भेजा गया है। वहीं बैठक में प्रखंड क्षेत्र के टेंट मालिकों को भी निदेशित किया गया है कि आसन्न लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आगामी 19-- 5-- 2024 को पोलिंग बूथों पर कर्मचारियों के लिए स्ट्रांग रूम में जेनरेटर, गद्दा, पानी टैंकर की व्यवस्था के लिए रिज़र्व रखेंगे। इसे लेकर सभी मुखिया, पंचायत सचिव व रोजगार सेवक को सक्रिय रहने का निदेश दिया गया है।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण की बैठक हुई संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** 8 अप्रैल 2024 को उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण की बैठक का अयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने जिले में राजस्व संग्रहण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की।बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 के तहत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अब तक किए गए राजस्व संग्रहण की विभागवार समीक्षा कर सभी पदाधिकारियों को वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।बैठक में मत्स्य, खनन, वन प्रमंडल, उत्पाद, परिवहन, नगर पंचायत की राजस्व संग्रहण की प्रगति एवं लक्ष्य के अनुरूप संग्रहण बढ़ाने संबंधी कार्यों की समीक्षा कर सभी संबंधित पदाधिकारियों को राजस्व वसूली में किसी तरह की कोताही नहीं बरतने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त के द्वारा, भु-लगान, दाखिल-खारीज, भूमि-सीमांकन की समीक्षा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने जमीनों के दाखिल-खारिज से संबंधित कार्यो की समीक्षा कर सभी अंचलाधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने सभी विभागीय पदाधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर राजस्व संग्रह के शेष लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही राजस्व संग्रहण की धीमी गति वाले विभागों को सुधारात्मक प्रगति लाने व शेष लक्ष्य को ससमय पूरा करने का निर्देश दिया गया। राजस्व संग्रहण में लक्ष्य के विरुद्ध शतप्रतिशत उपलब्धि हासिल करने को कहा गया।बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार कौशल कुमार, जिला भू अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार, निदेशक डीआरडीए प्रभात रंजन चौधरी, जिला खनन पदाधिकारी नदीम सफी, उत्पाद अधीक्षक, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत, अन्य संबंधित पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

## पेड़ से लटका मिला एक युवती का शव

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर थाना क्षेत्र के देमू ग्राम के आंगनबाड़ी केंद्र के पास स्थित महुआ पेड़ से लटका मिला एक युवती की शव। मृतका की पहचान मनीता कुमारी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इसी माह 25 अप्रैल को मनीता की शादी होने वाली थी। कि इधर यह घटना घटीत हो गई ।घटना के पीछे का पहलू अभी साफ अस्पष्ट नहीं हो सका है। हालांकि, प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला लग रहा है। गांव वालों ने मनिता की पहचान कर घटना की जानकारी उसके परिजनों को दी।साथ ही इसकी जानकारी स्थानीय मुखिया और पुलिस प्रशासन को भी दी गई।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया।यह हत्या है या आत्महत्या इसको लेकर पुलिस हर पहलुओं पर जांच कर रही है।बताया जाता है कि मनिता की शादी 25 अप्रैल को होने वाली थी। घर में जोर शोर से शादी की तैयारियां चल रही थीं। इसी बीच सोमवार की सुबह यह घटना घटी। मृतका के भाई किशन ने बताया कि मनीता पिछले एक हफ्ते से मानसिक रूप से परेशान थी। घर पर भी वह चुप रहती थी। वह रात में घर पर सोयी थी, लेकिन आज सुबह यह घटना हो गई। वह कब घर से निकली, किसी को पता नहीं चल सका। **क्या कहते है थाना प्रभारी** इस सबंध में लातेहार थाना प्रभारी प्रमोद सिन्हा ने बताया कि पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर मामले की जांच में जुट गयी है। परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ खुलासा हो पाएगा।

## महावीर मंदिर में हिन्दू धर्मावलंबियों की हुई बैठक, श्री राम जन्मोत्सव एवं नववर्ष प्रतिपदा मनाने का लिया गया निर्णय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के महावीर मंदिर परिसर में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की बैठक जिला मंत्री संजय तिवारी की अध्यक्षता में हुई द्य इस बैठक में श्री राम जन्म महोत्सव सह नव वर्ष प्रतिपदा परम्परा के अनुसार मनाने का निर्णय लिया गया द्य वही इस बैठक के दौरान विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल का बालूमाथ प्रखंड कमेटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष निखिल सिंह ,मंत्री विजेंद्र महतो ,संयोजक मनोज कुमार साव, सत्संग प्रमुख दशरथ पासवान, प्रखंड संरक्षक लालदेव गंझू, सदस्य बलकु महतो, धर्मेंद्र प्रसाद ,अमित साहू ,नागेंद्र यादव, अभिषेक यादव, अनिल कुमार यादव, सुखदेव यादव, चंदन कुमार, दिनेश साव, सुशील कुमार यादव आदि बनाए गए द्य इस बैठक में मुख्य रूप से विभाग सहसंयोजक अरुण कुमार साहू, रविंद्र गुप्ता, अखाड़ा प्रमुख उपेंद्र रंगीला, ईश्वर लाल, राजेंद्र साहू, सूरज कुमार शाह, बंधन साहू, कुंदन कुमार यादव, बृजेश यादव, बबलु लोहार, फूलचंद ठाकुर, मनोज पाठक, राजकुमार यादव, दशरथ पासवान समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों ने निकाला मतदाता जागरूकता रैली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातु :** लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर, शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने को लेकर, विभिन्न प्रकार से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है इसी क्रम में बारियातू मुख्यालय स्थित राजकीय आदर्श मध्य विद्यालय व झारखंड आवासीय विद्यालय के अपने शिक्षको के मार्ग दर्शन व नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रैली निकालकर, मतदान के महत्व, मतदाता के कर्तव्य को लेकर स्लोगन व नारों के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया। विद्यार्थियों का मतदाता जागरूकता रैली प्रखंड मुख्यालय के फुलसु मोड़, बस स्टेन, अम्बाडिह मोड़, बरीयातु बस्ती, गोड़ाडी स्कूल, भुइयां टोली होते हुए वापस विद्यालय पहुंचे। रैली का सफल नेतृत्व शिक्षिका अनिता देवी, सोनम तिग्गा, राजेश्वर सिंह, सानु कुमार व कविता कुमारी ने किया।

## ईद सरहुल व रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक आज



**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र मे रामनवमी, ईद व सरहुल पूजा को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर बैठक मंगलवार 9 अप्रैल को 3:30 बजे से समय निर्धारित की गई है. जानकारी देते हुए थाना प्रभारी राजा दिलावर ने बताया की ईद, रामनवमी व सरहुल पूजा को शांतिपूर्ण व भाई चारगी के साथ मनाने को लेकर बारियातू थाना परिसर मे मंगलवार को दोपहर 3:30 बजे से बैठक आयोजित की गई है. शांति समिति की बैठक मे क्षेत्र के सभी समुदाय के गन्य मान्य व सभी राजनीतीक दल कार्यकर्ताओं, पंचायत प्रतिनिधियों, प्रबुद्ध बुद्धिजीवियों को अधिक से अधिक संख्या मे उपस्थित होकर बैठक सफल बनाने की अपील की है।

## महुआडाड़ थाना क्षेत्र के बोंहटा में मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो लोग घायल

**महुआडाड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के बोंहटा नदी के समीप मुख्य मार्ग पर मोटरसाइकिल दुर्घटना से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। दोनों घायल युवकों को प्रशासन के द्वारा महुआडाड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर रवि कुमार उराँव के द्वारा दोनों युवक का प्राथमिक उपचार किया गया घायल व्यक्ति को नाजुक स्तिथि को देखते हुए डा रवि कुमार उराँव के द्वारा बेहतर इलाज के लिए लातेहार सदर अस्पताल रेफर किया गया। वहीं दोनों घायल लोगों की पहचान रिमिनत नगेसिया ग्राम मायापुर और अमर यादव ग्राम उदालखांड के रूप में हुई है। बता दें कि दोनों युवक महुआडाड बाजार करके अपने घर गांव मायापुर वापस लौट रहे थे इसी बीच आ रहे मोटर साइकिल से आमने सामने दुर्घटना घटी है।

# रामनवमी एवं ईद को लेकर बड़कागांव थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** थाना परिसर बड़कागांव में सोमवार को रामनवमी एवं ईद त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता एसडीपीओ कुलदीप कुमार व संचालन थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने किया। बैठक में उपस्थित रामनवमी पूजा समिति अखाड़े के पदाधिकारीओं ने अपनी अपनी समस्याओं को रखा। इस दौरान एसडीपीओ कुलदीप कुमार ने रामनवमी और ईद से संबंधित कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक सुझाव दिए। प्रखंड में संचालित रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष सचिव से रामनवमी की झांकी व जुलूस मार्ग की जानकारियां प्राप्त की। मौके पर बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल, एसडीपीओ कुलदीप कुमार, थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने लोगों को आगाह करते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा निर्धारित नियम कानून का अवहेलना नहीं करें, त्योहार शांतिपूर्वक मनाए। किसी प्रकार शिकायत का मौका नहीं दें। अफवाह पर लोग ध्यान नहीं देंगे। जो भी सोशल मीडिया में भड़काऊ मैसेज डालेंगे उन पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी सीधे उन्हें जेल भेजा जाएगा। जुलूस लाइसेंस के आधार ही निर्धारित मार्ग से ही जुलूस निकाली जाएगी, इसके अलावा किसी प्रकार कोई नया मार्ग का प्रावधान नहीं है। वहीं बड़कागांव का मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार ने रामनवमी में बिजली, पानी, चिकित्सा की व्यवस्था और विशेष ध्यान देने की मांग प्रशासन से की है और त्यौहार में एक दूसरे को सहयोग करने की अपील की है। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, प्रमुख फुलवा देवी, एस आई आशीष कुमार भगत, अमित कुमार, जिप सदस्य सुनीता देवी, रामनवमी महा समिति अध्यक्ष बिंदु दांगी, पूर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद ,उप प्रमुख वचनदेव कुमार, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, पारसनाथ महतो, वासुदेव यादव, पंसस उपेंद्र प्रसाद, रंजीत चौबे, विशेश्वर नाथ चौबे, आदित्य साहू सोनी, रामसेवक सोनी, सुरेश महतो, संजय महतो, जिप प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम, मुखिया प्रतिनिधि भीखन महतो, बिगल चौधरी, झमन महतो, अशोक सिंह, कृष्णा सिंह, रामसेवक सोनी, अशोक सिंह, संजय महतो, समाजसेवी सोनू इराकी, जांनिसार आलम, सोहन लाल मेहता, किशोर महतो, विक्रम महतो, अजीत प्रसाद, खुर्शीद आलम के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## सांढ़-छपेरवा गांव में बजरंगबली व विश्वकर्मा मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा व कलश यात्रा आज

**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के सांढ़-छपेरवा गांव में बजरंग बली व विश्वकर्मा मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा व कलश यात्रा को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। 9 अप्रैल दिन मंगलवार को सुबह 5ः00 बजे भव्य कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली जाएगी। जिसमें 2100 कलशव्रती के साथ लगभग 5000 हजार श्रद्धालु कलश यात्रा में शामिल होंगे। कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ महावीर व विश्वकर्मा मंदिर से प्रारंभ होकर सांढ़-छपेरवा, सॉंडकडीह, होरम मोड़, ढेंगा, गुरुचट्टी, बड़कागाँव राम जानकी मंदिर होते हुए सिरमा छवानिया, बुढ़वा महादेव डूमारो नदी से जल उठाकर, कांडतरी, मिर्जापुर, सोनपुरा, शिवाडीह होते पुन ः मंदिर प्रांगण पहुंचेंगे।



## मतदाताओं के पहचान हेतु वैकल्पिक दस्तावेजों की सूची जारी

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ऐसे मतदाता जो मतदान के दिन अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा,ये दस्तावेज तभी मान्य होंगे जब मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज हों।वे पासपोर्ट,ड्राईविंग लाइसेंस,राज्य/केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंको डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक,आयकर पहचान पत्र,आधार कार्ड, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के अन्तर्गत आर.जी.आई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड,मनरेगा जॉब कार्डश्रम मंत्रालय की योजना द्वारा जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड,फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज। एमपी/एमएलए द्वारा जारी आधिकारिक पहचान पत्र एवं यूनिक विकलांगता पहचान पत्र में से कोई एक प्रमाणपत्र दे सकते हैं।जिन नागरिकों का मतदाता सूची में नाम किन्ही कारणों से छूट गया है वें अब भी फार्म 6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवा सकते है। बीएलओ के माध्यम से फॉर्म 6 भरें वोटर हेल्पलाइन से ऑनलाइन ऐप के माध्यम से,1950 वोटर हेल्पलाइन से अपना नाम दर्ज करवा सकते हैं।

## हम सबके लिए प्रेरणा स्रोत है मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का संपूर्ण जीवन : मुन्ना सिंह



**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार देर शाम समाजसेवी व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने हजारीबाग रामनवमी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जीतू यादव से अपने आवास मुलाकात की। मौके पर सिंह ने रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष जीतू यादव को चुने जाने पर ढेरों बधाइयां दी एवं कहा कि हजारीबाग की राम नवमी का इतिहास सौ साल पुराना है तथा हजारीबाग के लोगों में इस पर्व का उत्साह काफी अत्यधिक होता है।सिंह ने जीतू यादव से इस महापर्व के सफल आयोजन के लिये उचित परामर्श दिया।मौके पर सुरेश यादव , सुजित सिंह, रविन्द्र कुशवाहा, बबलू सिंह, चानो मुखिया पप्पू यादव समेत कई अन्य उपस्थित थे।

## मुखिया ने कांग्रेस छोड़कर थामा भाजपा का दामन

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के केरेडारी प्रखंड स्थित गर्री पंचायत के मुखिया हित नारायण साव ने पीएम नरेंद्र मोदी और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के कार्यों से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी छोड़कर सोमवार को हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के आवासीय परिसर में अहले सुबह पहुंचकर भाजपा का दामन थाम लिया ।कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले गर्री मुखिया हित नारायण साव ने कहा कि भाजपा राष्ट्रीय हित और जनहित के आदर्शों पर कार्य करती है जिससे प्रेरित होकर मैं भाजपा का दामन थाम रहा हूं और आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल को जिताने में पूरी क्षमता झोंक दूंगा । मौके पर केरेडारी मंडल अध्यक्ष कर्मचारी साव, उपेंद्र सिंह, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष शेर सिंह, युवा अधिवक्ता इंद्र कुमार पंडित, रंजन चौधरी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें ।

## रामनवमी महासमिति अध्यक्ष जीतू यादव ने मनीष जायसवाल से की मुलाकात

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ऐतिहासिक रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष बनने के बाद सोमवार की सुबह जीतू यादव ने अपने समर्थकों के साथ हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल से उनके आवासीय परिसर में मुलाकात की और आगामी रामनवमी को सौहाद्रपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर उनके विशेष चर्चा- परिचर्चा किया। मनीष जायसवाल ने रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष बनने पर जीतू यादव को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया साथ ही उनके नेतृत्व में आगामी रामनवमी के सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने की कामना भी की । मौके पर विशेषरूप से भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, अभाविप के रितेश यादव सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## अं.ब्रा.महासंघ प्रदेश उपाध्यक्ष के पिता के द्वादश श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल हुए कई जनप्रतिनिधि व समाजसेवी

**टाटीझरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष हजारीबाग जिला के आचार्य नगवां निवासी बिरेंद्र कुमार पांडेय के बायो वृद्ध पिता उम्र लगभग 85 वर्ष स्व. जगदीश पांडेय के द्वादश श्राद्ध कर्म में 8 अप्रैल 2024 दिन शुक्रवार को ग्यारह आचार्य पुरोहितों द्वारा विधिवत मंत्रोच्चारण कर मृतक प्राणी की आत्मा के शांति सद्गति हेतु स्व .पांडेय के प्रथम पुत्र बिरेंद्र पांडेय वा द्वितीय पुत्र शैलेंद्र पांडेय दोनो पुत्रो ने नम आखों से अपने पिता का पिंड दान किया । दोनो पुत्रो ने परमपिता परमेश्वर भगवान श्री विष्णु से पिता की आत्म शांति अपने चरणों में स्थान देने के लिए प्रार्थना वन्दना किया। बाद में स्व. जगदीश पांडेय के फोटो पर श्रद्धांजलि अर्पित कर ब्राह्मण ,स्वजाति कुटुंब , भोज करवाया । कार्यक्रम में सदर प्रमुख गणेश प्रसाद,स्थानीय मुखिया विनय कुमार सभी वार्ड सदस्य, समाज सेवीयो में अर्जुन प्रसाद, बब्लू मेहता,अरुण नरेश, राजकुमार,बिनोद, कैलाश, उमेश, अमरदीप,लालजी,बिरेंद्र, लक्ष्मण,रंजित, अजीत, दीपक, प्रदीप, मिथलेश, नुनु, विजय, शंकर, गोपाल ,रूपेश , नीरज,संतोष, अजय ,शिव नारायण ,महेंद्र ,मथुरा पांडेय, जीवलाल पांडेय, शंकर पांडेय, निलेश पांडेय ,समेत अन्य कई सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## आजसू प्रखंड अध्यक्ष ने विष्णुगढ़ थाना प्रभारी के स्थानांतरण की मांग को लेकर मुख्य निर्वाचन आयुक्त को लिखा पत्र

**विष्णुगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ़ आजसू प्रखंड अध्यक्ष सह भेलवारा पंचायत समिति सदस्य अजय कुमार मंडल ने पुनः मुख्य निर्वाचन आयुक्त भारत सरकार, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हजारीबाग एवं पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को पत्र लिखकर एक बार फिर आरक्षी निरीक्षक सह वर्तमान विष्णुगढ़ थाना प्रभारी रामनारायण सिंह के द्वारा लोकसभा चुनाव प्रभावित करने की आशंका के संबंध में पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य के हजारीबाग जिला अंतर्गत विष्णुगढ़ थाना में पदस्थापित थाना प्रभारी रामनारायण सिंह रिकॉर्ड समय 14 जून 2022 से पदस्थापित हैं। लंबे समय से पदस्थापित हैं लिहाजा विभिन्न राजनैतिक दलों से निकटता है, ऐसे में लोकसभा के आम निर्वाचन को प्रभावित कर सकते हैं। आगे उन्होंने कहा कि पूर्व में इसकी जानकारी झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी तथा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हजारीबाग को दी गई है, परंतु फलाफल अभी तक शून्य रहा है, अतः अपेक्षित कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आयोजित हुआ चिकित्सा शिविर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय, बाबू गांव कोर्रा मे रविवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर विद्यालय में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया. कार्यक्रम प्रारंभ वंदना सभा से हुआ। परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने कराया.।विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव राम बहादुर सिंह ने चिकित्सा को अंग देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात् डॉक्टर मधुर मोहन ने विषय प्रवेश कराते हुए ,कहा आज हमलोग इस शिविर मे दाँत सम्बंधित जांच किया जाएगा. फ़िर उन्होंने दाँतो का विकार, दांतो मे सरन, कंकनआहत संभदित जानकारी दीं. इसके बाद इन्होने डेंगू बीमार सम्बंधित बहु मूल्य जानकारी दीं. इस कार्यकर्म. मे डॉक्टर विद्याभूषण सिंह और डॉक्टर अरुण अंशु शामिल हुए. फिर तीनो डॉक्टरों नें भैया बहनो का परीक्षण किया. इस कार्यक्रम से करीब 156 भैया बहन लाभान्वित हुऐ.इस अवसर पर विद्यालय के सचिव राम बहादुर सिंह ,कार्यक्रम प्रमुख सचिन कुमार पाण्डेय,सह प्रमुख राहुल कुमार पाण्डेय, पिंटू कुमार राय, अल्पना सिन्हा, आनन्द किशोर प्रजापति, राज कुमार सिंह, एवं समस्त आचार्य उपस्थित थे।

## बरही के 08 पंचायतों के 22 गांवों में एनडीए उम्मीदवार मनीष ने किया जन संपर्क, मांगा समर्थन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बरही :** लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने सोमवार को बरही विधानसभा क्षेत्र के 08 पंचायतों के 22 गांवों में तूफानी जनसंपर्क अभियान चलाया और भाजपा और अपने पक्ष में लोकसभा चुनाव की तिथि आगामी 20 मई को कमल छाप निशान पर वोट देने की अपील की। सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने बरही प्रखण्ड क्षेत्र के खोड़ाआहर पंचायत स्थित चार माइल से सुबह शुरू किया और समापन देर शाम बेंदगी पंचायत के ग्राम पोडैया में जनसंवाद के साथ किया। इस दौरान क्षेत्र के गोरियाकरमा के गोरिया ग्राम निवासी भाजपा नेता संजय सिन्हा की स्वर्गीय मां और गोरिया ग्राम निवासी स्व.नारायण भुइयां की श्रद्धांजली सभा में शामिल होकर दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की और शोकाकुल परिवारजनों से मिलकर उनका ढांढस बंधाया ।मनीष जायसवाल ने बरही विधानसभा क्षेत्र के खोड़ाआहर पंचायत स्थित चार माइल, रालो लठिया, देवचंदा, गोरियाकरमा पंचायत के गोरिया करमा, निचितपुर, केदारूत पंचायत के खेरोन, कटियोन, केदारुत, करसो पंचायत के ग्राम करसो, डूमरडीह, हरला, बरही पश्चिमी पंचायत स्थित बरहीडीह, पंचमाधव पंचायत के ग्राम जरहिया, पंचमाधव, कोलांगा, पंचमाधव बसरिया, माधोपुर, कारीमाटी, पड़ीरमा, रसोइया धमना पंचायत के ग्राम लश्करी, पुरहारा, धमना, बेंदगी पंचायत ग्राम बेंदगी और पोडैया गांव का तुफानी दौरा कर जनसंपर्क और जनसंवाद अभियान चलाया । मौके पर विधायक सह बरही विधानसभा के संयोजक मनोज कुमार यादव, हजारीबाग जिले के जिला परिषद उपाध्यक्ष किसुन यादव, भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह जिप सदस्य प्रतिनिधि गणेश यादव, सह- संयोजक अर्जुन साव,भाजपा जिला महामंत्री सुनील साहू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा बरही मण्डल अध्यक्ष अमित साहू, जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, खोडाआहर मुखिया प्रतिनिधि खिरोधर यादव ,उप मुखिया रोहित यादव ,भाजपा नेता रंजीत चंद्रवंशी, घनश्याम यादव, रितेश गुप्ता, मुकेश कुमार, अरविन्द कुमार, महेश यादव, आकाश जायसवाल, दिनेश यादव, मनोज यादव, रामप्रवेश यादव ,प्रकाश यादव, युवा अधिवक्ता इंद्र कुमार पंडित, रंजन चौधरी सहित कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## हमारी एकजुटता ही तय करेगा हज़ारीबाग का विकास : संजय मेहता

प्रभात मंत्र संवाददाता



**बरही :** युवा राजनीतिज्ञ एवं हज़ारीबाग लोकसभा के प्रबल दावेदार जेएलकेएम प्रत्याशी संजय मेहता ने अपने जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान सोमवार को हज़ारीबाग सदर प्रखंड पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मसीपीढ़ी, भेलवारा, हरहद - हुपाद, बेस - रेशम, मोरांगी, पौता, गुरहेत, बेहरी, सखिया, ओरिया, सिंघानी, चुटियारो, सिलवार कला, मेरु, अमनारी, बड़ासी, नगवां, सिंदूर, मंडई खुर्द पंचायत का दौरा किया। इस बीच वो लोगों से मिले एवं हज़ारीबाग के विकास पर परिचर्चाएं की। संजय जहां भी गए लोगों का हौसला और आशीर्वाद उन्हें भरपूर मिला।हज़ारीबाग लोकसभा क्षेत्र वासियों के अबतक की अनदेखी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आज जिन बातों को लेकर चुनाव का मुद्दा होना चाहिए वो बातें विमर्श में हैं ही नहीं।आज जो मुद्दे हैं वो सामान्य जन जीवन से जुड़े हैं। हम आजादी के 75 साल बाद भी रोटी, कपड़ा, मकान की लड़ाई लड़ रहे है। ये सब इसलिए हो रहा है क्योंकि जिन्हें हमने अपना प्रतिनिधि बनाया वो किसी और के प्रतिनिधि बनकर उनके लिए काम करने लगे।हर पाँच साल में लोकतंत्र का यह पर्व लोगों को एक मौका देती है। चुनाव के रूप में जनता अपने नेतृत्वकर्ता को चुनते हैं। अपने हित के लिए मतदाता कीमती वोट देते हैं।लेकिन दुर्भाग्य यह है कि पार्टी के हित में कार्य करने वाले ये प्रतिनिधि कभी भी आम जनमानस के बारे में सोचते तक नहीं। वो लोग जनता को सिर्फ अपना वोट बैंक समझते हैं। ऐसे में क्षेत्र के विकास के लिए अपने विकास को प्राथमिकता देनी होगी और अपना विकास अपनी जाति से चुनकर नहीं बल्कि उससे ऊपर उठकर चुनना होगा। ऐसे प्रतिनिधि चुनिए जो आपके हक़ में बोले, आपके हक़ में काम करे। वो जिस दिन चुना जाएगा उसी दिन विकास सुनिश्चित होगी।स्थानीय लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।सोमवार को हज़ारीबाग में जनसंपर्क के दौरान भुनेश्वर यादव, संजय महतो, महेंद्र प्रसाद, सूरज साहू, राजदेश रतन, उदय मेहता, आदित्य कुमार, नीतीश सिंह, रवि कुमार, ख़तियानी दिनेश, प्रेम नायक, लीलावती देवी, प्रियंका कुमारी, कुणाल मेहता, सुनील महतो, सागर सोनी, सुबेन्द्र साहू, श्रवण रविदास, धर्मेंद्र महतो, नंदलाल महतो, कुणाल सिंह, सूरज सिंह सहित भारी संख्या में समर्थक कार्यकर्तागण एवं आमलोग सम्मिलित रहे।

## रामकृष्ण शारदा आश्रम शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में लगाया गया निःशुल्क दंत जांच शिविर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर श्रीनिवास हॉस्पिटल एवं हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में दिन सोमवार को शहर के हुरहुरू स्थित रामकृष्ण शारदा आश्रम शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में निशुल्क दंत चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 63 जरूरतमंद एवं मरीजों को निशुल्क दंत जांच तथा उपचार हुआ। सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग द्वारा लगाया गया। शिविर में चिकित्सकों द्वारा उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श दिया गया। जरूरतमंदों को निःशुल्क दंत परीक्षण के साथ-साथ दवाईयां तथा मुफ्त टुथपेस्ट एवं टुथब्रश का वितरण कर नियमित इस्तेमाल करने की सलाह दी गई। इस दौरान चिकित्सकों द्वारा मौखिक स्वास्थ्य जागरूकता और शिक्षा कार्यक्रम का संचालन किया गया। शिविर में स्क्रीनिंग का उपचार भी निःशुल्क सेवा दिया गया। सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग के डॉ सौम्या राज ने विभिन्न बीमारियों और उनके उपचार पर आवश्यक सलाह दी। मौके पर हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य दिवस को मनाने का उद्देश्य स्वास्थ्य और देखभाल सुविधाओं के प्रति जागरूक करना हैं। उन्होंने कहा कि शिविर का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचना ही मेरा लक्ष्य है। शिविर में जरूरतमंदों का बुनियादी उपचार बिलकुल मुफ्त है। उन्होंने कहा कि शिविर का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुँच रहा है। बुनियादी उपचार जरूरतमंद लाभान्वित हो रहें हैं। मौके पर प्रशिक्षु डॉ अमनदीप, डॉ श्रेया, डॉ रश्मी, डॉ रूबी, डॉ रानीशा, डॉ फरज़ीन, डॉ. दुर्गावती के साथ-साथ विभागीय कर्मचारियों के रूप में राजकुमार दास तथा पुष्पा कुमारी ने शिविर के दौरान अपनी बहुमूल्य सेवाएँ दी।

## मतदाता जागरूकता को लेकर बीडीओ ने रैली के माध्यम से दिया संदेश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय से स्वीप (एस.वी.ई.ई.पी) कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार के नेतृत्व में हाथों में तख्तियां लेकर सैकड़ो की संख्या में बाइक रैली निकाली गई। रैली प्रखण्ड मुख्यालय से होते हुए, विष्णुगढ सातमिल चौक,बंशीधर अखाड़ा चौक से कारोंज मोड़ तक मुख्य स्थानों में भ्रमण करते हुए,संदेश दिया गया कि होने वाले आम चुनाव में मतदाताओं को अपने मत का प्रयोग करते हुए मत डालने की अपील की गई। इस दौरान लोगो को अपनी ओर आकर्षित करते हुए मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से,चुनाव का पर्व देश का गर्व,वोट करेगा विष्णुगढ़ वोट करेगा हज़ारीबाग, नागरिकों की है पहचान सबसे पहले मतदान, रिश्ते नाते खूब निभाओ पर पहले मतदान कराओ,सत्य और ईमान से सरकार बने मतदान से,उम्र अठारह पूरी है,मत करना जरूरी है,भारत भाग्यविधाता हूँ,अब तो मैं मतदाता हूँ,भारत देश महान है,करते सब मतदान,ईवीएम से देंगे वोट कहते है डंके की चोट,अपनी सबकी जिम्मेदारी है आम चुनाव की तैयारी है नारे लगाकर मतदान का महत्व समझाने का भरपूर प्रयास किया गया।साथ ही प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने बताया कि विष्णुगढ का मतदान प्रतिशत कैसे बढ़े इसके लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है।इस मौके पर बीपीओ राजमोहन वर्मा, जनसेवक उमेश कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर शक्ति कुमार दास, सुनील सिंह, मीडिया कोषांग महेश बर्णवाल, विनोद रजक सरकारी विद्यालय के शिक्षक समेत प्रखण्ड कार्यालय कर्मी के अलावे सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पवन मेमोरियल पब्लिक स्कूल मे वार्षिक परीक्षाफल परिणाम घोषित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** पवन मेमोरियल पब्लिक स्कूल में सोमवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन की ओर से परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के बीच पुरस्कारों का वितरण किया गया।वार्षिक परीक्षाफल परिणाम में पवन मेमोरियल पब्लिक स्कूल के कक्षा नर्सरी से कक्षा पाँचवी तक के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।घोषित परीक्षाफल परिणाम में नर्सरी के सिधि सुरेश प्रथम स्थान द्वितीय स्थान श्रीधर भारद्वाज, तृतीय स्थान रितिका कुमारी, एलकेजी में प्रथम स्थान प्रेम कुमार,द्वितीय स्थान सोमिया कुमारी,वंश कुमार,यूकेजी में प्रथम स्थान बंटी कुमार,द्वितीय स्थान सचिन कुमार,तृतीय स्थान परिधि कुमारी,कक्षा एक में प्रथम स्थान अंकित कुमार,द्वितीय स्थान रणवीर कु.यादव,तृतीय स्थान मनोज कुमार,कक्षा दो और तीन में प्रथम स्थान सुशील कुमार,द्वितीय स्थान पियूष कुमार,तृतीय स्थान शिवम कुमार,कक्षा चार में प्रथम दीपक कुमार,द्वितीय स्थान गौतम कुमार,तृतीय स्थान संजम कुमार को पारितोषिक देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई।इस अवसर पर प्राचार्य विकाश कु.पाण्डेय ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही सारे शिक्षकों ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि हमें सभी वर्ग के बच्चों को जागरूक करने के साथ ही शिक्षित करना चाहिए। ताकि वह शिक्षित होकर समाज और देश में नाम रोशन कर सकें।इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित शिक्षक निशांत कुमार, शाबिया मधु कुमारी, ममता कुमारी, लाडली कुमारी, कुंजलाल साव, निर्मल साव, बैजू यादव , बिनोद साव, मुकेश कुमार, खुशबु देवी, पूजा देवी, लक्ष्मी देवी, , संगीता देवी, सोनी देवी, बसंती देवी, ओम प्रकाश साव समेत काफी संख्या में अभिभावकों की उपस्थिति रही।

## झारखंड पार्टी हजारीबाग लोक सभा प्रत्याशी राजकुमार का कटकमसांडी में सघन दौरा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** झारखंड पार्टी हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार कुशवाहा ने कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र का सघन दौरा कर चुनावी जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने बहिमर, बरगड्डा व बेलरगड्डा में प्रखंड अध्यक्ष सपना कुमारी की अध्यक्षता में महिलाओं के साथ बैठक कर जन समर्थन की अपील करते हुए कहा कि महंगाई और भ्रष्टाचार को मिटाना है तो झारखंड पार्टी को भारी बहुमत से विजई बनाना होगा। झारखंड पार्टी ही स्थानीय जन समस्याओं का समाधान कर सकती है। राष्ट्रीय पार्टियों सिर्फ भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है बड़े-बड़े चुनावी वादे करती है और लोगों को भ्रमित कर सत्ता पर काबिज होती है। झारखंड पार्टी झारखंड की माटी की पार्टी है यहां के लोगों के हक अधिकार के लिए जमीनी स्तर पर काम कर रही है। सभी से जन समर्थन की अपील करते हुए कहा कि झारखंड पार्टी का उन्हें हजारीबाग लोकसभा का उम्मीदवारी सौंपा गया है। जिसका निर्णय हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता करेगी यहां की जनता ने मन बना लिया है कि इस बार झारखंड पार्टी को ही जिताना है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष सूरज कुमार, प्रखंड अध्यक्ष सपना कुमारी, नगर सचिव ऋषिकेश, योगेंद्र कुशवाहा सहित दर्जनों समर्थक शामिल थे।

## नरकी में संचालित क्रेशर के प्रदुषण से छात्र व निकट रहने वाले हो रहे बीमार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अंतर्गत नरकी पंचायत स्थित उत्क्रमित विधालय झरना (नरकी खुर्द) के बगल में एक बड़ा क्रेशर संचालित किया जा रहा है। जिसके वजह से बच्चे कठिनाइयों के बीच पढाई करने को विवश हैं। क्रेशर से उत्पन्न हो रहे प्रदुषण के कारण अक्सर बच्चे बिमार हो रहे हैं साथ ही आस-पास मौजूद पेड़-पौधों संग पर्यावरण दूषित हो रहा है। बताया गया है कि क्रेशर अवैध रूप से बिना लिज के संचालित किया जा रहा है, क्योंकि नरकी पंचायत में कही भी क्रेशर लिज नहीं है। नागी पंचायत के जमनीजारा का लिज दिखाकर क्रेशर संचालित किया जा रहा है।जबकि जमनीजारा की दूरी संचालित किए जा रहे क्रेशर से 14 किलोमीटर है। क्रेशर संचालन में बिक्री किए जाने वाले गिट्टी को ट्रैक्टर से बेचा जाता है जो बिना रौयलटी का कच्चा चलान से बेचा जा रहा है। हाइवा या डम्फर से जाने वाले गिट्टी का चालान कटता है, बाकी सरकारी रौयलटी की चोरी की जाती है। आगे बताया गया कि क्रेशर संचालन दिन एव रात में भी किया जाता है। जिसके वजह से क्रेशर से महज 200 फिट दूर स्थित गरीब भोगता( गंझु) परिवार के घर में रहने वाले लोगों की नींद हराम हो जाती है और बच्चों की पढ़ाई लिखाई में बाधा उत्पन्न होती है। यह मामला एक जांच का विषय है, ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों की भविष्य को देखते हुए विद्यालय के बगल में संचालित क्रेशर की निष्पक्ष जाँच कर विधिवत कार्रवाई की जाए ताकि बच्चों का भविष्य सुरक्षित रह सके।

## स्नातकोत्तर अंग्रेजी विभाग में पूर्ववर्ती छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर अंग्रेजी विभाग में पूर्ववर्ती छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन की अध्यक्षता विभागाअध्यक्ष डॉ रिजवान अहमद ने किया। विभागाअध्यक्ष डॉ रिजवान अहमद ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि एक अच्छा अवसर हैं, हम आपस में पुराने छात्र एवम शिक्षक, मिल रहे हैं। आगे कहा कि विभाग की छात्रों की जोड़ने की परंपरा रही हैं। विभागाअध्यक्ष ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती छात्रों ने अपना बहुमुल्य समय दिया अपने व्यस्तता से निकालकर आजसम्मेलनमेंभाग लिया। बैठक में 2010- 12 सत्र के वासुदेव पंडित,2015-2014 बैच के फैज अन्वर, 2016-18 के राजाअग्रवाल, 2017-19 मो बरकत 2018- 20 के शशिकांत, 2019--21 के देवेन्द्र डांगी , 2010 -23 के शांति कुमारी, आदि पूर्ववर्ती उपस्थित थे। इस मौके पर फैज अन्वर, मिथुन , शशिकांत ने अपना विचार और डिपार्टमेंट में बिताए हुए लम्हों को याद किया तथा अनुभवों को साझा किया । इस अवसर पर प्रस्ताव पास किया गया कि हर शनिवार-रविवार को डिपार्टमेंट एक्टिविटी करायी जायगी। व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से पूर्ववर्ती छात्रों को जोड़ जाएगा। आगामी कार्यक्रम लिटरेरी फेस्टिवल का आयोजन गर्मी छुट्टी से पहले किया जाएगा । मंच संचालन अनन्या और प्रतीक्षा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अनन्या , प्रतीक्षा, साक्षी, शिखा अनीशा, संगीता, सिमरन, विकास, कुमार , अनुप्रिया, तनुलता कुमारी, रुचि कुमारी, निर्भय , संजीत, विक्रम, सागर , जयंत सराहनीय योगदान रहा एवं कार्यक्रम में बहुत सारे विद्यार्थी उपस्थित थे।

## सांकुल रामनवमी पूजा समिति अध्यक्ष बने टिंकू सिंह एवं सचिव गणपत साव नियुक्त



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्राम सांकुल के ठाकुर मुहल्ला हनुमान मंदिर के प्रांगण में ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर चर्चा की गई। साथ ही पूजा को सफल बनाने को लेकर सर्वसम्मति से नये समिति का पूर्णगठन किया गया। जिसमें संरक्षक महेंद्र ठाकुर और कारू सिंह,अध्यक्ष टिंकू सिंह, उपाध्यक्ष अखिलेश सिंह,सचिव गणपत साव,उपसचिव संजय सिंह, कोषाध्यक्ष सुनील ठाकुर, उप-कोषाध्यक्ष प्रकाश मिश्रा और लालू सिंह,अखाड़ा प्रमुख धनराज यादव,विक्रम सिंह,सतीश साव और फनु सिंह,इसके अलावा निगरानी पद में राजकुमार राम,राजू साव,गणेश साव,चंद्रदीप साव,शेरू सिंह और नरेश गंझू एवं सदस्यों में कविलाश गंझू,रोहित ठाकुर,आकाश ठाकुर,आकाश मिश्रा,रवि सिंह, खिरोधर साव और गणेश सिंह आदि को चयन किया गया। वहीं समिति अध्यक्ष बने टिंकू सिंह ने कहा कि हर साल की तरह इस साल भी सभी राम भक्त महानवमी के दिन पतरातू अखाड़े में अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे। साथ ही इस बार की झांकी बहुत ही आकर्षक होगी।

## डिस्पेंसरी को स्थानांतरित करने को लेकर राकोमयू ने पीओ के साथ जगह का किया निरीक्षण



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उरीमारी के शनिवार बाजार स्थित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव एवं उरीमारी परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार ने बंद पड़े भुमिगत खान 3-4 के समीप पुर्व में बने कार्यालय का सोमवार को निरीक्षण किया। बता दें कि उरीमारी परियोजना के समीप डिस्पेंसरी को स्थानांतरित कर शनिवार बाजार बंद पड़े खान 3-4 के समीप कार्यालय में अस्पताल खोला जाना है। जिससे उरीमारी क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों को मेडिकल सुविधाएं मिल सके। एवं सडक दुर्घटना में घायल व्यक्ति को ससमय अस्पताल पहुंचाया जा सके। वहीं यह जगह पुरी तरह से सुरक्षित है। वहीं इस मौके पर सीताराम किस्कू,डा जीआर भगत, कानू मरांडी, बाल्मिकी यादव, संजय कुमार यादव,चंदू जयसवाल, राधेश्याम, पप्पू, अनिल,मो अली, सत्यनारायण आदि लोग मौजूद थे।

## नन्हा रोज़ेदार अब्दुल अहद इक़बाल उम्र 6 वर्ष ने अपना पहला रोज़ा रखा

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ के जाने-माने समाज सेवी आरिफ कुरैशी का छोटा भाई इकबाल अहमद का बेटा अहमद इकबाल ने सोमवार को पहला रोजा रखा है। समाजसेवी आरिफ कुरैशी ने बताया कि रोजा रखना हर बालिग मोमिन के लिए फर्ज है लेकिन इस मासूम बच्चे के जज्बे का मैं एहतराम करता हूं जिसने इस धूप की शिद्दतब में भी रोजा रखने का साहस दिखाया और रोजे को मुकम्मल किया। अल्लाह इसे बेशुमार कामयाबियों से नवाजे यही मेरी दुआ है।



## गर्मी के मौसम के मद्देनजर नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गर्मी के मौसम के मद्देनजर रामगढ़ जिले के सभी क्षेत्रों में सरकारी जलापूर्ति योजनाओं के माध्यम से नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर सोमवार को उपयुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा सर्वप्रथम जलापूर्ति योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के अलग में हुए कार्यो की समीक्षा की गई जिसके उपरांत उपायुक्त द्वारा क्षेत्रवार जलापूर्ति योजनाओं के वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। मौके पर उपायुक्त के द्वारा कार्यपालिका अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, अन्य अधिकारियों तथा ऑपरेशनल एंड मेंटेनेंस के तहत चिन्हित सभी संवेदकों को बेहद गंभीरता पूर्वक कार्य करते हुए आम जनों तक जलापूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस दौरान उपायुक्त ने वैसी जलापूर्ति योजनाओं जिनमे पाइपलाइन तो बिछाया गया है लेकिन अब तक कभी भी पानी नहीं गया है उन्हें चिन्हित कर तत्काल रूप से उनके संवेदकों पर एसेंशियल सर्विसेज एक्ट के तहत कार्यवाई करने का निर्देश दिया। वही उपायुक्त ने वैसी जालापूर्ति योजनाएं जो वर्तमान में किसी कारणवश कार्य नहीं कर रही है उन सभी जलापूर्ति योजनाओं को तत्काल रूप से ठीक करते हुए रविवार तक प्रत्येक जलापूर्ति योजना का कार्य करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिले वासियों को नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने तथा प्रभावी तरीके से सभी जलापूर्ति योजनाओं का संचालन सुनिश्चित करने को लेकर उपायुक्त ने नजारत उपसमाहर्ता रविंद्र कुमार गुप्ता को तत्काल रूप से जिले के अलग-अलग पंचायतों में टोलावार पंचायत सचिव/ रोजगार सेवकों की प्रति नियुक्ति करने से संबंधित आदेश निकालने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने जलापूर्ति योजनाओं के नियमित कार्य करने को लेकर किए जाने वाले सर्वे से संबंधित प्रारूप भी तैयार करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने इस कार्य के लिए वरीय पदाधिकारी के रूप में उप विकास आयुक्त के रूप में नामित किया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, सहायक जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, एसएमपीओ, संवेदकों सहित अन्य उपस्थित थे।

## ईद रामनवमी सरहुल को लेकर शांति समिति का बैठक किया गया

**मांडू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले के मांडू थाना में परिसर में शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी रंजीत कुमार यादव अंचल अधिकारी मो. मुदस्सिर मंसूरी ने किया जिसमें वरिष्ठ समाज सेवी शाहिद सिद्दीकी, सोंडिक समाज के प्रदेश सदस्य नवरत्न कुमार, भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अमरेंद्र कुमार गुप्ता मांडू डी के मुखिया बैजनाथ राम मांडू जामा मस्जिद के सचिव मो. मुमताज कुरैशी, समाजसेवी रविंद्र कुमार साहू, पवन कुमार, सहित दर्जनों गण्यमान्य लोग उपस्थित थे। वहीं शाहिद सिद्दीकी ने कहा कि बिजली, रोड पानी आदि समस्याओं को ठीक कराई जाए वही नेशनल हाईवे में रोड का कार्य प्रगति पर होने की वजह से रामनवमी का जुलूस में शामिल लोगों को परेशानी हो सकती है जिसको लेकर जगह-जगह गड्ढे को ठीक करवाने की आवश्यकता है भाजपा के प्रदेश कार्य करने सदस्य अमरेंद्र कुमार गुप्ता ने कहा कि हम तमाम लोगों को ईद रामनवमी वास सरहुल आपसी भाईचारगी के साथ मनाने की जरूरत है ?अंचल अधिकारी मुदस्सिर मंसूरी ने कहा की आदर्श आचार संहिता के तहत 144 रामगढ़ अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा लगाया गया है जिसके ध्यान में रखते हुए ईद रामनवमी सरहुल शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाए और सोशल मीडिया पर कोई अफ़वाना फैलाएं और कोई भी भड़काऊ गाना नहीं बजाए वहीं थाना प्रभारी रंजीत कुमार यादव ने लोगों से अपील किया सुबह के 6ः00 बजे से रात 10ः00 बजे तक लाउडस्पीकर बजाय और रात दास बजे बंद कर दें । और उपद्रव करने वाले लोगों पर प्रशासन की पैनी निगाह बनी रहेगी उन्हें किसी कीमत पर बक्सा नहीं जाएगा।।

# रामगढ़ पुलिस ने एटीएम से छेड़छाड़ कर पैसे चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर एक आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा

### एटीएम से छेड़छाड़ कर रुपए चोरी करने वाले शातिर अपराधी गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ ओवरसीज बैंक शाखा मरार राँची रोड के मैनेजर के द्वारा कुज्जू ओ0पी0 में एक आवेदन दिया गया कि बैंक के एटीएम में दो संदिग्ध व्यक्तियों के द्वारा एटीएम के साथ छेड़-छाड़ किया गया है। इस संबंध में माण्डू (कुज्जु) थाना काण्ड सं0 - 91/2024 , धारा - 467/ 468/ 471/ 420/ 34 भा0द0वि0 के अंतर्गत् प्राथमिकी दर्ज किया गया। इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़ के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उक्त निर्देश के आलोक में गठित टीम के द्वारा त्वरित कारवाई करते



हुए इण्डियन ओवरसीज बैंक, मरार शाखा के एटीएम के पास सत्त रूप से छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया। पकड़ाये व्यक्ति से नाम पता पूछताछ करने पर अपना नाम चंदन कुमार, उम्र करीब 24 वर्ष, पिता सुनिल सिंह, ग्राम-मायापुर, थाना-फतेहपुर, जिला-गया (बिहार) बताया। पकडाये व्यक्ति का तलाशी लेने पर उनके पास से ए0टी0एम0 को खोलने में प्रयोग किया गया चाभी, पेचकस एवं अन्य सामानों को बरामद किया गया।पकड़ाये व्यक्ति को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। बरामद किये गये समान में बटन वाला मोबाईल फोन एक , स्टील का पेचकस एक , फर्जी नम्बर का पेपर एक , स्टील का चाभी तीन , काला रंग का पर्स एक , फेविकोल का छोटा डब्बा एक , नगद 3070/ (तीन हजार सत्तर) रूपया ,अभियुक्त का आधार कार्ड इत्यादि ।पकडे गये अभियुक्त का पुराना अपराधीक इतिहास भी है। इस छापामारी दल में परमेश्वर प्रसाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ पु.अ.नि. रंजीत यादव थाना प्रभारी मांडू पु.अ.नि. दिगंबर पांडेय ओपी प्रभारी कुज्जू, पु.अ.नि. साबीर हुसैन ,स.अ. नि वीरेंद्र कुजूर एवं सशस्त्र बल मौजूद थे।

## इल्म की रौशनी ट्रस्ट ने दिया बेसहारों को सहारा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**वेस्ट बोकारो(रामगढ़) :** इल्म की रौशनी ट्रस्ट के द्वारा बेसहारों को सहारा दिया गया। रमज़ान उल मुबारक जैसी पाक महीने में इल्म की रौशनी ट्रस्ट ने छः गांव में राशन वितरण किया चुम्बा, जमुआ, महुआटांड, ललपनिया, अइयर, कुन्दरु और साथ ही कुछ पैसे नगद दिए। ट्रस्ट सचिव मुहम्मद वसीम कौसर रज़वी ने बताया कि हमारी टीम द्वारा ऐसे परिवार तक मदद पहुँचाया गया जो इस मुबारक महीने में भी अपने बच्चों के लिए पूरी तरह से खुशी नहीं बांट पा रहे थे। बेवाओं और बेसहारों के बीच ऐसे मुश्किल घड़ी में हमारी टीम पिछले तीन साल से खड़ी है और आगे भी यही कोशिश जारी है। बीते कुछ दिनों से हमारी टीम ने कुछ गांव का दौरा किया और उससे ऐसे परिवार को चुना जो माली हालत से बहुत ज़्यादा कमजोर थें। इस्लाम का ये पैगाम लिए हम आगे बढ़ रहे हैं कि दुसरों की हर दुख दर्द को अपना समझ कर उसे ख़ुशी में बदल देना चाहिए और वो ख़ुशी, ख़ुशी ही नहीं जो दुसरों के साथ ना बांटा जाए मौके पर ट्रस्ट मेंबर इक़बाल अन्सारी, दीलशाद अन्सारी, अली बख़्श अन्सारी, इरफ़ान अन्सारी, इसराफिल अन्सारी, मन्ज़र अन्सारी, नियाज़ अन्सारी, अरशद अन्सारी, तुफ़ैल रज़ा, फ़रहान रज़ा आदि के साथ साथ गांव के अन्य लोग शामिल थे।

# 9 अप्रैल को आयोजित भव्य मंगला जुलूस एवं शोभायात्रा हेतु सभी को आमंत्रण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति रामगढ़ की सोमवार को यादव होटल के समीप एक बैठक संपन्न हुई उक्त बातों की जानकारी एक विज्ञप्ति जारी कर महासमिति के मीडिया प्रमुख सत्यजीत चौधरी ने दिया। बैठक में अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने सभी रामगढ़ वासियों से मंगलवार को मंगला जुलूस में शामिल होने का आमंत्रण दिया है जिससे सनातनी एकता का परिचय दिया जा सके उन्होंने कहा की राममलला के विराजमान होने के बाद पहली बार रामनवमी मनाया जा रहा है जो इस बार भव्यता से मनाया जाएगा। दीपक मिश्रा ने कहा की इस अयोध्या में विराजमान श्रीराम लला जी के मूर्ति का प्रारूप बार जुलूस एवं झांकियों का मुख्य केंद्र रहेगा।सिद्धु कान्हु



मैदान से निकलने वाली झांकियों में ताशा,बैंड के साथ विभिन्न प्रकार की झांकियां शामिल रहेंगी जो चट्टी बाजार,थाना चौक होते हुए सुभाष चौक से छावनी फुटबॉल ग्राउंड में सभी रामभक्तों के बीच खिचड़ी महाभोग के वितरण के बाद समापन होगा।वहीं संरक्षक रंजन फौजी ने कहा की इस बार मंगला जुलूस भव्यता और अनुशासित ढंग से निकलेगी जिसमे हम रामगढ़ के तमाम निवासियों को इसमें शामिल होने का आव्हान करते हैं।इस बैठक में संरक्षक राजेश ठाकुर, रंजन फौजी, छोटू सिंह, मीडिया प्रमुख सत्यजीत चौधरी, मनोज सिंह, परशुराम सिंह, दीपक वर्मा, पंकज मंडल, राजेंद्र अग्रवाल, शंभू सिंह, रविंद्र यादव,सचिन चंद्रवंशी इठादी आदि उपस्थित थे।

## भदानी नगर ओ.पी में ईद, सरहुल और रामनवमी को लेकर शांति सह निगरानी समिति की हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** ईद, सरहुल और रामनवमी को लेकर सोमवार को भादानी नगर ओ.पी परिसर में शांति समिति की बैठक किया गया। जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों , गणमान्य नागरिक के अलावा पूजा कमिटी के लोग शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता ने किया।इस दौरान बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि पुराने रूट से ही जुलूस निकाले।रामनवमी , सरहुल पर्व पर आयोजित जुलूस में शांति बहाल करने पर चर्चा किया गया। सभी को अपने अपने त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से धूमधाम से मनाने का की अपील की गई । शांति समिति के दौरान प्रशासन द्वारा निर्देश दिया गया है कि सभी अखाड़ा समिति एक टीम बनाए जो जुलूस के दौरान शांति बहाल कर अश्लील गाने



को बजने में रोक लगाए। शांति समिति की बैठक में शामिल लोगो ने उक्त तीनों पर्व पर प्रशासन से शांति बहाल करने की मांग किया। थाना प्रभारी संजय कुमार रजक ने कहा रामनवमी एवं सरहुल रमजान पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन तत्पर है। उन्होंने उपस्थित लोगों से अफवाह पर ध्यान नहीं देने एवं संदिग्ध परिस्थितियों की सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन को सूचित करने को कहा। ताकि किसी अप्रिय घटना घटने से पूर्व प्रशासन उस पर अंकुश लगा सके। बैठक में मनोज मुर्मू, नूतन तिर्की, पूर्व जिला परिषद मनोज राम, रामफल बेदिया ,राजेंद्र मुंडा, टिकेश्वर महतो, सागर दांगी,जगदीश बेदिया ,गोविंद राम ,विजय राम, शहजादा ताली , रईस अंसारी, मोती नारायण सिंह ,बलदेव राम, आजाद अंसारी, समेत कई लोग मौजूद रहे।

## चिंतपूर्णी स्टील प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा आयोजित स्टील प्रीमियर लीग का हुआ समापन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ के एमएमटी ग्राउंड में आयोजित चिंतपूर्णी स्टील पीवीटी लिमिटेड के द्वारा स्टील प्रीमियर लीग 2024 का समापन हुआ यह प्रीमियर लीग लगभग 10 दिनों तक चलने के बाद इसका फाइनल रविवार को देर रात संपन्न हुआ लगभग 10 दिनों से चलने वाला यह 20 - 20 मैच में 8 टीमों ने भाग लिया जिसमें से फाइनल में सीएसपीएल पावर प्लांट एवं जेएसएपीएल के बीच मैच खेला गया। जिसमें सीएसपीएल पावर प्लांट ने फाइनल मैच को जीता। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में चिंतपूर्णी स्टील पीवीटी लिमिटेड के ओनर बजरंग अग्रवाल और कमल सिंघानिया उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार शील्ड एवं गिफ्ट खिलाड़ियों को प्रदान किया । साथ ही फाइनल जीतने वाले को टीम को 51000 का नगद पुरस्कार एवं शील्ड प्राप्त प्रदान किया । फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच दीवाकर भारती ( चिंतपूर्णी पावर प्लांट के जीएम ) रहे । फाइनल खेलने वाली दूसरी टीम को भी शील्ड प्रदान किया गया । फाइनल खेल रहे सभी खिलाड़ियों को चिंतपूर्णी पावर प्लांट के द्वारा ट्रैकसूट, हाथ घड़ी एवं दीवाल घड़ी प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में दिवाकर भारती, सत्येंद्र सिंह, गौरव निरंजन , चंदन ठाकुर , धर्मेन्द्र कुमार झा, बालेंद सिंह बघेल, बाबू लाल एवम गौरी शंकर? एवं आयोजन के 12 व्यक्ति का इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## मनीष जायसवाल ने नगर परिषद क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जयसवाल का रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र रामगढ़ ग्रामीण के विभिन्न वार्डो एवं पंचायत में जनसंपर्क अभियान एवं स्वागत कार्यक्रम हुआ। कोठार चौक में भव्य स्वागत हुआ लोधमा कुंदरुकला छत्तर कांकेवर रॉब कॉलोनी मरार कोयला डिपो तेलिया टांड बरकाकाना धुटुवा हेहल चैनगडा इत्यादि सभी जगह पर सधन दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया गया। आगामी लोकसभा चुनाव में इस बार 400 पर के नारे लगे और हजारीबाग लोकसभा के प्रत्याशी को प्रचंड बहुमत से जिद दिलाने का भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीण के द्वारा नारा लगाए गए इस कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता आजशो जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी रामगढ़ विधानसभा भाजपा के पूर्व प्रत्याशी धनंजय कुमार उर्फ पिंटू बाबू पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज महतो भाजपा नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी ग्रामीण मंडल अध्यक्ष संजय शाह जिला उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी जय किशोर महतो सुनील प्रसाद साहू विजय जायसवाल अशोक तिवारी उमेश प्रसाद साहू सुरेंद्र रविदास दिलीप सिंह सरदार अनमोल सिंह राजीव जायसवाल सं बृजेश पाठक जय लाल रणधीर गुप्ता अर्जुन अग्रवाल प्रिया करमाली रंजीत कुमार सिंह सर्वेश सिंह कमलनाथ महतो हरी लाल महतो नूतन महतो बिट्टू महतो मुनेश्वर रविदास प्रभु महतो सहित भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता थे।

## स्वीप अंतर्गत वोटर अवेयरनेस को लेकर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की के द्वारा सोमवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आंगनबड़ी सहिया, सेविका(बीएलओ) के द्वारा आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित किया गया यथा रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता सहित कई विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही बनाए गए मतदाता जागरूकता को लेकर पोस्टर के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्र में ÷वोट करेगा रामगढ़, 20 मई÷ ÷चुनाव का पर्व देश का गर्व÷ आई एम रेडी टू वोट थीम के तहत मतदाता जागरूकता के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही उपस्थित सभी मतदाताओं को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में जो रामगढ़ जिलें में 20 मई को मतदान करने हेतु मतदाता शपथ भी दिलाई गई ।इस दौरान बीएलओ द्वारा घर घर घूम कर वैसे मतदाता जिनका अभी तक मतदाता पहचान पत्र नहीं बना है वैसे मतदाताओं को चिन्हित कर फॉम 6 भर कर नया मतदाता पहचान पत्र बनाया जा रहा है ।इस दौरान आंगनबाड़ी सहिया सेविका ने अपने-अपने क्षेत्र में सभी मतदाताओं को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में सभी मतदाताओं को जागरुक करते हुए बिना लोग लालच या दबाव में आए हुए 20 मई को अपने नजदीकी मतदान केदो में जाकर अपना बहुमूल्य मतों का उपयोग को लेकर गांव गांव घूम घूम कर मतदान करने हेतु अपील की।

## झारखंडी बेरोजगार संघर्ष मोर्चा कोयलांचल क्षेत्र का एक आवश्यक बैठक संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** भुरकुंडा हॉस्पिटल कॉलोनी में झारखंडी बेरोजगार संघर्ष मोर्चा कोयलांचल क्षेत्र का एक आवश्यक बैठक रखी गई। जिसका अध्यक्षता मोर्चा के अध्यक्ष किशुन नायक एवं संचालन आजाद भुइया ने किया, बैठक में मुख्य रूप से लोकल सेल में अपने हक अधिकार संबंधित विचार विमर्श किया, कहा पुर्व में मोर्चा द्वारा कई बार सीसीएल प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा गया है लेकिन प्रबंधक मोर्चा को हल्के में ले रही है और अभी तक दिए गए मांग पत्र पर कोई पहल नहीं की गई है। जिसे लेकर बैठक में सभी के सर्वसम्मिति से निर्णय लिया गया कि 20 अप्रेल को बलकूदरा खुली खदान का चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में आजाद भुइयां, लखन पासवान, राजेंद्र करमाली, संजय करमाली, नौशाद हुसैन, मनोज कुमार, सुभाष दास, विनोद पासवान, वीरेंद्र सिंह, रंजीत पांडेय, चुन्नू सिंह, अजय पासवान, पंकज कुमार, श्रवण कुमार, चंदन साव, महेंद्र करमाली, राजू करमाली, अनिल भुइयां, महावीर बेदिया, अविनाश पासवान, सोम कुमार, गोलू मुंडा उपस्थित थे।

## सरहुल पर्व प्राकृतिक सुंदरता को दर्शाता है : संजीव बेदिया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** उरीमारी के गरसुल्ला पंचायत स्थित गरसुल्ला सरना स्थल में सोमवार को प्राकृतिक पर्व सरहुल धुमधाम से मनाया गया। यहा पाहन सुरेंद्र बेदिया ने पुरे विधि विधान के साथ सरना धर्म के अनुसार पुजा अर्चना कराया। वहीं सरहुल पुजा के मुख्य अतिथि झामुमो के केन्द्रीय सचिव सह राज्य परिवहन पदाधिकार समिति के सदस्य संजीव बेदिया रहे। वहीं श्री बेदिया ने कहा कि सखुवा व पराश के पेड़ पर जब नये पत्ते व फूल आने लगते हैं तभी आदिवासी समाज यह प्राकृतिक पर्व सरहुल मनाते हैं। खुशी व उमंग के साथ नाचने गाने लगते हैं। सरहुल पर्व प्राकृतिक सुंदरता को भी दर्शाता है। वहीं पुजा के उपरांत सभी पारंपरिक गीतों पर झूमते गाते नजर आएं।वहीं इस मौके पर उपमुखिया नंदकिशोर बेदिया, ओमप्रकाश सिंह, श्याम बेदिया, नरेश बेदिया, कार्तिक उरांव, संजय मुंडा, बीरेंद्र मुंडा,भरजीत सिंह, नागेश्वर सिंह,लखन बेदिया, बीरबल बेदिया, टिकेश्वर बेदिया, राजेन्द्र बेदिया,सरोज बेदिया,मटरू करमाली, धनेश्वर बेदिया,राजू उरांव आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## युवाओं को रोजगार से जोड़ना हमारा परम लक्ष्य व कर्तव्य : मनीष कुमार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** शम्भावी कन्सलटेंट रामगढ के द्वारा एक स्टार एलुमनी एवं रोजगार मेला का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेला में 30 प्रशिक्षित युवतियों को रोजगार के लिए चुना गया साथ ही पूर्व प्रशिक्षित पाँच लड़कियों विनिता कुमारी, ललिता किस्कु, प्रतिमा कुमारी, उमा कुमारी एवं निशा कुमारी को विवेक, सतेन्द्र एवं निरज के द्वारा पुरस्कृत किया गया। विवेक ने रोजगार के बारे में युवतियों को विस्तार में बताए और साथ ही साथ युवतियों को प्रोत्साहित भी किये। पूर्व में रोजगार प्राप्त लड़कियों ने भी वर्तमान में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके लड़कियो को अपना अपना अनुभव साझा किए मंच संचालन परमानंद ने कियाद्य साथ ही कार्यक्रम का समापन नीरज कुमार ने कियाद्य इस कार्यक्रम में उपस्थित प्रीति कुमारी विनीता कुमारी अनिता कुमारी श्वेता कुमारी रीता कुमारी विवेक विनीता कुमारी आदि उपस्थित थे।

# बिजली विभाग की लापरवाही, 11 हजार वोल्ट तार के नीचे रहता है 25 आदिवासी परिवार

## कई बार तार गिरने से हुई हैं दुर्घटना, भय के साथ गुजरती है रातें



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** गिरिडीह भरकट्टा ओपी अंतर्गत गादी पंचायत के बसगना दलित टोला में के 35 परिवारों के लगभग 250 लोग बिजली विभाग की लापरवाही के कारण 11 हजार बोल्ट तार के नीचे रहना पड़ रहा है। दलित आदिवासी परिवारों के घरों के महज 3 फ़ीट की ऊँचाई से बिजली की तार गुजरी है। इस हाई वोल्टेज तार के गुजरने से सभी लोग भय के साथ रहना पड़ रहा है। ग्रामीण खिरोधर तुरी ने बताया कि तार टूटने से कई बार दुर्घटना हुई है। कई बार लोगों का घर जल गया है। तथा तार के चपेट में आने से कई ग्रामीण झुलस गए। चूंकि तार गिरने के बाद विभाग को सूचित किया जाता है। सूचना के बाद बिजली कर्मीयों को करंट काटने व आने के घंटे लग जाते हैं। तब तक लोगों का काफी नुकसान हो जाता है। चंदवा देवी ने बताया कि 25 दिन पूर्व ही तार के चपेट में आने उसकी 20 वर्सीये बेटी प्रियंका कुमारी की जान बाल-बाल जुलस गई। लेकिन चपेट में आने से हाथ व शरीर के कई जगह जुलस गया। जिसके इलाज में लगभग 15 हजार रुपये खर्च करने पड़े। ग्रामीण बताते हैं कि तार गिरने के बाद कर्मी तार को दूसरे जगह कर देने की बात कह कर चल जाते हैं। कई बार लिखित आवेदन दिया गया । लेकिन तार हटाने कोई नहीं आता है। कहा अगर 11 हजार बोल्ट के नीचे रहने वाले 250 लोग अनहोनी दुर्घटना के आक्रांत में जीवन बिताते हैं लेकिन विभाग इस पर कोई पहल नहीं कर रहा है। गादी पंचायत की मुखिया गुलावती देती ने कहा कि लिखित आवेदन के बाद भी विभाग द्वारा तार हटाने की कोई प्रकिया नहीं करना विभाग की साफ लापरवाही दिखती है। अगर तार नहीं हटाया गया तो किसी दिन बड़ी अनहोनी का सामना दलितों को करना पड़ सकता है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि दिनेश यादव ग्रामीण कुंती देवी, दीपक तुरी, मुंद्रिका देवी, मुनिया देवी, जुली देवी, सुनीता देवी, मंजू देवी, भुना तुरी, सुकर तुरी, कारू तुरी, खिरोधर तुरी, बुधन तुरी, ललिता देवी, जीतन तुरी, भजन तुरी, मनु तुरी, टेली तुरी, फुला देवी, भाकुर तुरी, मंजू तुरी, मंगर तुरी, सरसों देवी, सरस्वती देवी, भुचु तुरी, यमुनी देवी, लूटन तुरी, कलावती देवी, लखन तुरी, अनिता देवी समेत कई लोग उपस्थित थे।

# एसडीओ ने किया आग लगने की घटना का निरीक्षण

## 24 घंटे में जांच प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक ने आज कृषि उत्पादन बाजार समिति प्रांगण में आग लगने की घटना का निरीक्षण किया।

इस संबंध में उन्होंने बताया कि आज दोपहर लगभग 2:00 बजे बरवाअड्डा स्थित कृषि उत्पादन बाजार समिति में आग लगने की घटना हुई है। आग लगने की सूचना मिलने के बाद तुरंत अग्निशमन विभाग ने कृषि उत्पादन बाजार समिति पहुंचकर आज पर काबू पाया।

एसडीओ ने बताया कि घटना स्थल के निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि कृषि उत्पादन बाजार समिति के परिसर में खड़े 6 छोटे वाहन आग लगने के कारण जल गए हैं।



जांच करने और पूछ-ताछ के क्रम में बताया गया कि सभी वाहन बरवाअड्डा थाना द्वारा जब्त कर कृषि उत्पादन बाजार समिति के परिसर में खड़े किये गये हैं।

इस संदर्भ में बरवाअड्डा थाना प्रभारी को आग लगने की घटना के कारणों की जाँच करते हुये एक स्पष्ट जाँच प्रतिवेदन 24 घंटे के अंदर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। साथ ही जब्त वाहनों को परिसर से हटाने के लिए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया है।

निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक के साथ पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय 1) एस. कांती भी मौजूद थे।

## गिरिडीह में वर्ग नवम के छात्राओं का स्वागत के लिए कार्यक्रम का आयोजन

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोमवार को गिरिडीह ज़िले में सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस गर्ल्स गिरिडीह में वर्ग नवम के छात्राओं का स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विकास खतान एवं स्कॉलर बीएड कॉलेज प्राचार्या सलिनी खवाला उपस्थित थी ।कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथियों के द्वारा दीपप्रज्वलन कर विषय प्रवेश करते हुए विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक मो0 अख्तर अंसारी ने विद्यालय की सुविधाओं का जिक्र किया वर्ग 12वीं एवं 10वीं के छात्राओं ने एक से बढ़कर एक संस्कृति कार्यक्रम करके अभिभावकों का मन मोह लिया। वही सरस्वती वंदना, हिंदी कविता, अंग्रेजी नाटक ,सोलो डांस, अंग्रेजी कविता एवं ड्रामा के साथ-साथ नागपुरी नृत्य कर बच्चों ने अपनी प्रतिभा का लोहा बनवाया । मौके पर प्राचार्य मुन्ना प्रसाद कुशवाहा ने नव नामांकित छात्राओं को बधाई और शुभकामना देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## डीएवी मॉडल स्कूल, सीएफआरआई में मनाया गया 'वर्ल्ड हेल्थ डे'

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डीएवी मॉडल स्कूल,सीएफआरआई के बच्चों ने विश्व स्वास्थ्य दिवस को बड़े ही गंभीरता के साथ मनाया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर बच्चों ने अपनी गंभीरता एवं चिंतनभावना को पोस्टर बनाकर एवं स्लोगन बोलकर लोगों को जागृत करने का प्रयास किया। वहीं दूसरी ओर प्राइमरी विंग के विद्यार्थियों ने हेल्दी टिफ़िन प्रतियोगिता में भाग लिया। सभागार को संबोधित करते हुए स्कूल की प्राचार्या महुआ सिंह ने कहा कि हम सभी को दैनिक डाइट में बदलाव कर हेल्दी फूड को शामिल तथा जंक फूड को दूर करना चाहिए, ताकि हम सेहतमंद रह सके। साथ ही व्यायाम को भी दैनिक जीवन में शामिल करने के लिए कहा और चिंता मुक्त जीवन जीने की सलाह एवं सीख उन्होंने बच्चों के साथ साथ शिक्षको को भी दिया। मौके पर स्कूल की सीसीए इंचार्ज मौसमी बनर्जी के साथ साथ समस्त शिक्षक भी मौजूद थे।

## चेन स्नेचिंग के सन्देह में दो महिलाओं को ग्रामीणों ने दबोचा

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखण्ड अंतर्गत बिराजपुर चौक पर सोमवार लगभग 11 बजे टेम्पो पर सवार होकर कई महिलाएं एवं पुरुष आये थे उन्होंने बिराजपुर चौक पर दुकानदारों से पूछा कि मरकोडीह में यज्ञ होने वाला है, कलश यात्रा कब है । दुकानदारों ने पूछा क्या काम है उन्होंने कहा चूड़ी,श्रृंगार आदि सामग्री बेचती हूँ मुझे दुकान लगाना है । दुकानदारों को शक हुआ और आसपास के लोगों को महिलाओं द्वारा यज्ञ स्थल का पता पूछने की सूचना दी फिर क्या था दर्जनों लोग पहुँच गए । तभी कुछ महिलाएं और एक पुरुष मौके से फरार हो गए जब लोगों ने दोनों महिलाओं से नाम,पता पूछताछ करने लगे तभी दोनों महिला भागने का प्रयास करने लगी ग्रामीणों ने सन्देह के आधार पर दोनों को दबोच लिया तथा पूछताछ में दोनों महिलाओं ने अपना-अपना अलग-अलग गलत नाम पता बताने लगी तभी ग्रामीणों को सन्देह और बढ़ गया । दोनों महिलाओं से सख्ती से पूछताछ के बाद अपना नाम (1)ज्योति देवी 45 वर्ष (2)मोसमात निम्तरी 55 वर्ष एवं पता सासाराम डेहरी बिहार बताया । हालांकि इसकी सूचना बिरनी पुलिस को दे दी गई मौके से पुलिस दोनों महिलाओं को थाना ले गई । बता दें कि बीते वर्ष 20 फरवरी को बिराजपुर में 9 दिवसीय यज्ञ का आयोजन हुआ था जिसमें कलश यात्रा के दौरान दर्जनों कलश यात्रियों से चेन स्नेचिंग हुई थी तथा सरिया के केशवारी में उसी दूसरे दिन कलश यात्रा के दौरान चेन स्नेचिंग की गई थी जिसमें तीन महिलाओं को जेल भी भेजा गया था । जानकारी के अनुसार बिरनी के मरकोडीह, गोरडीह, बाराडीह, पन्दनाकला में नौ दिवसीय महायज्ञ प्रारम्भ होगा जिसका मंगलवार को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी । सूत्रों की मानें तो उक्त महिलाएं कलश यात्रा के दौरान चेन स्नेचिंग की घटना को अंजाम देती । हालांकि पुलिस जांच-पड़ताल कर रही है।

### पीडब्ल्यूडी आईकॉन प्रमोद कुमार यादव द्वारा निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

# नगर आयुक्त, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी व सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** पीडब्ल्यूडी आईकॉन प्रमोद कुमार यादव द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर एवं सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग, नियाज अहमद ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में समाज कल्याण के कर्मचारी प्रमोद कुमार व अन्य कर्मी मौजूद थे।

यह जागरूकता रैली रणधीर वर्मा चौक से शुरू हुई जो कि नगर निगम कार्यालय होते हुए सिटी सेंटर चौक, मेमको मोड़ से नए समाहरणालय भवन में समाप्त हुई।



इस जागरूकता रैली में पीडब्लूडी वोटर ट्राईसाईकिल, व्हील चेयर, ट्राई मोटरसाइकिल आदि के साथ सम्मिलित हुए। इस दौरान उन्होंने शहर वासियों से 25 मई के दिन अपने मत का प्रयोग करने की अपील की।

पीडब्ल्यूडी आईकॉन प्रमोद कुमार यादव ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि मताधिकार हमारी सबसे बड़ी ताकत है, हमें मजबूत राष्ट्र व मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान अवश्य करना चाहिए। सभी मतदाताओं को अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए 25 मई को बिना किसी डर और लालच के मतदान केंद्रों पर जाकर अपना मतदान करें।

## अपर समाहर्ता सह सहायक निर्वाची पदाधिकारी ने किया इंटरमीडिएट वज्रगृह का निरीक्षण

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निदेशानुसार दिनांक 08 अप्रैल 2024 को अपर समाहर्ता सह सहायक निर्वाची पदाधिकारी विनोद कुमार द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त बलियापुर प्रखंड के लिए प्रस्तावित इंटरमीडिएट वज्रगृह का निरीक्षण किया गया।

अपर समाहर्ता ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय करमाटांड़, उत्क्रमित मध्य विद्यालय चाँदकुईया, उर्दू मध्य विद्यालय सिंगियाटांड़, उत्क्रमित मध्य विद्यालय मोदीडीह, एवं डीएवी पब्लिक स्कूल रंगामाटी के चिन्हित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी बलियापुर राजेश कुमार सिन्हा भी साथ थे।


कार्यालयः-असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू

जेलहाता रोड़, डालटनगंज, पलामू

ईमेल आई0डीः– civilsurgeonpalamu@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

श्रीमती शालिनी देवी, पति–स्व0 प्रणेश कुमार (पूर्व लिपिक, जिला कार्यालय पलामू) आवासीय पता– रेड़मा राँची रोड़ (पशुपालन कार्यालय के पीछे), पो0–चियाँकी, थाना– मेदिनीनगर, जिला–पलामू, झारखण्ड को सूचित किया जाता है, कि माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड, राँची द्वारा पारित न्यायादेश के अनुपालन में पेंशन/उपादन से संबंधित कागजात पर हस्ताक्षर/अंगुलियों के हस्ताक्षर के निशान हेतु **07 दिनों के अन्दर** अधोहस्ताक्षरी कार्यालय अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू के प्रकोष्ट में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

कृपया इसे अत्यावश्यक समझें।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू

PR 323651 District (24-25)_D


# गिरिडीह मधुपुर रेल लाइन से टकराकर बाइक सवार की हुई मौत, महिला हुई बुरी तरह से घायल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** महेशमुंडा गिरिडीह रेल क्रोसिंग लाइन पार कर रहे 42 वर्षीय बाइक सवार बुधन हांसदा की मौत भंडारीडीह के पास ट्रेन की चपेट में आने से मोके पर ही मौत हो गई।

सूचना मिलने पर गिरिडीह जीआरपी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल की। जबकि इस दुर्घटना में एक महिला गंभीर रूप से घायल हुई है, और एक किशोर बाल बाल बच निकला। मृतक गांडेय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत उदयपुर का रहने वाला है। बताया जाता है, कि बुधन हांसदा गिरिडीह शहर में मजदूरी करता था।वह बाइक से एक रिश्तेदार महिला व किशोर के साथ गिरिडीह की और जा रहा था। तबी बेंगाबाद थाना क्षेत्र के भंडारीडीह के पोल संख्या 12 के बगल में पैदल बाइक रेलवे लाइन पार कर रहा था।

साथ चल रही महिला व किशोर लाइन पार कर रहे बाइक को धक्का देने में सहयोग कर रहा था। इस बीच गिरिडीह से मधुपुर की और जा रही पैसेंजर ट्रेन के चपेट में वह आ गया। जिससे मौके पर ही इसकी मौत हो गई।जबकि महिला झटका से गीर पडी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हुई है।

# महाप्रबंधक ने किया सोनपुर मंडल चिकित्सालय का निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** महाप्रबंधक तरुण प्रकाश द्वारा आज सोनपुर मंडल चिकित्सालय का गहन निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक ने अस्पताल में उपलब्ध विभिन्न चिकित्सा सुविधाओं आदि का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया ।

महाप्रबंधक ने मरीजों से मुलाकात कर चिकित्सा सेवा एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में फीडबैक भी लिया ।

निरीक्षण के दौरान सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विवेक भूषण सूद सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# ब्लास्टिंग में उड़े पत्थर से कई जख्मी स्थानीय लोग दहशत में



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बीसीसीएल के मोदीडीह कोलियरी अंतर्गत तेतुलमुड़ी आउटसोर्सिंग पैच में सोमवार दोपहर हुई ब्लास्टिंग से उड़े पत्थर से तेतुलमुड़ी 22/12 निवासी मो. मिनाज के घर की एडवेस्टस सीट को तोड़कर कमरे में गिरा। इस घटना में मिनाज के पुत्र 22 वर्षीय अय्यान जख्मी चोटिल हो गया, जबकि एडवेस्टस सीट क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना के विरोध में ग्रामीण परियोजना पहुंचे और कुछ देर के लिए कामकाज बंद करा दिया। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और निरीक्षण किया। कतरास के नर्सिंग होम में जख्मी का उपचार कराया गया। भुक्तभोगी ने बताया कि हैवी ब्लास्टिंग से उड़े पत्थर सीट को तोड़ते हुए कमरे में गिरा। पत्थर की चपेट में अय्यान आ गया। उसके सिर पर चोट लगी है। बता दें कि हिल टाप हाइ राइज आउटसोर्सिंग कंपनी के द्वारा तेतुलमुड़ी में कोयला खनन का कार्य किया जा रहा है। तेतुलमुड़ी बस्ती तथा 22/12 बस्ती खनन स्थल से सटा हुआ है।

## गिरिडीह के पूर्व सांसद पुत्र युवा संवाद कार्यक्रम में हुए शामिल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी प्रखण्ड के कमारडीह पंचायत अंतर्गत भोजुडीह गाँव में सांसद प्रतिनिधि भजन साव के आवासीय कार्यालय में गिरीडीह लोकसभा में प्रचंड जीत की आस लेकर निवर्तमान सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी के सुपुत्र पीयूष चौधरी ने युवा संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए 7 इस दौरान उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं में अपनेपन का अहसास कराते हुए पूरी गर्म जोशी एवं आत्मीयता के साथ मुलाकात की। हमारी लोकसभा गिरीडीह संसदीय क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार की समुचित व्यवस्था की जाएगी एयरपोर्ट, स्टेडियम, इंडस्ट्रीज, मेडिकल कॉलेज, गहन चिकित्सा यूनिट को स्थापित करना ही हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी कार्यकर्ताओ को कहा की पिछले पाँच साल में गिरीडीह लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आखिरी गाँव तक उच्च गुणवत्तापूर्ण सड़क पहुंचाने का संकल्प पूरा किया है पर युवाओ से मिलन जुलना कम था अब एसा नहीं होने देंगे आपलोग का जो भी समस्या मुझे बताओ मैं उसका समाधान करने का कोशिश करूंगा मौके पर सांसद प्रतिनिधि भजन साव, रविन्द्र तुरी, विजय महतो, प्रेम कुमार महतो, मनोज महतो, उत्पल मण्डल, राजेश कुंभकार, भुवन पाल समेत कई कार्यकर्ता शामिल थे।


सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता

कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, राँची।

लोक सभा (आम) निर्वाचन 2024

(प्रशिक्षण कोषांग)

प्रेस विज्ञप्ति

लोकसभा (आम) निर्वाचन 2024 के लिए नियुक्त सभी पीठासीन पदाधिकारियों (Presiding Officers)/ सभी प्रथम मतदान पदाधिकारियों (1st Polling Officers)/सभी द्वितीय मतदान पदाधिकारियों (2nd Polling Officers) एवं सभी तृतीय मतदान पदाधिकारियों (3rd Polling Officers) के द्वितीय चरण (2nd Phase) का प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नवत निर्धारित है:–

प्रशिक्षण स्थल :– राजकीय +2 उच्च विद्यालय, काँके राँची

प्रशिक्षण कार्यक्रम

| Training Date | Shift | Time | Duty | Pin Number |
|---|---|---|---|---|
| 13 April 2024 (Saturday) | 1st | 10.30 AM to 01.30 PM | Presiding Officer | 340100008 to 340103364 |
| | 2nd | 02.30 PM to 05.30 PM | Presiding Officer | 340103367 to 340108060 |
| 14 April 2024 (Sunday) | 1st | 10.30 AM to 01.30 PM | Presiding Officer | 340108062 to 340114510 |
| | 2nd | 02.30 PM to 05.30 PM | Presiding Officer | 340114514 to 340121863 |
| 15 April 2024 (Monday) | 1st | 10.30 AM to 01.30 PM | 1st Polling Officer | 340100006 to 340104252 |
| | 2nd | 02.30 PM to 05.30 PM | 1st Polling Officer | 340104253 to 340109445 |
| 16 April 2024 (Tuesday) | 1st | 10.30 AM to 01.30 PM | 1st Polling Officer | 340109450 to 340114334 |
| | 2nd | 02.30 PM to 05.30 PM | 1st Polling Officer | 340114335 to 340121861 |
| 18 April 2024 (Thursday) | 1st | 10.30 AM to 01.30 PM | 2nd Polling Officer | 340100034 to 340105173 |
| | 2nd | 02.30 PM to 05.30 PM | 2nd Polling Officer | 340105181 to 340109738 |
| 19 April 2024 (Friday) | 1st | 10.30 AM to 01.30 PM | 2nd Polling Officer | 340109739 to 340113588 |
| | 2nd | 02.30 PM to 05.30 PM | 2nd Polling Officer | 340113595 to 340119440 |
| 20 April 2024 (Saturday) | 1st | 10.30 AM to 01.30 PM | 2nd Polling Officer | 340119467 to 340121855 |
| | | | 3rd Polling Officer | 340100065 to 340103510 |
| | 2nd | 02.30 PM to 05.30 PM | 3rd Polling Officer | 340103527 to 340107669 |
| 21 April 2024 (Sunday) | 1st | 10.30 AM to 01.30 PM | 3rd Polling Officer | 340107692 to 340113126 |
| | 2nd | 02.30 PM to 05.30 PM | 3rd Polling Officer | 340113140 to 340116181 |
| 22 April 2024 (Monday) | 1st | 10.30 AM to 01.30 PM | 3rd Polling Officer | 340116182 to 340118585 |
| | 2nd | 02.30 PM to 05.30 PM | 3rd Polling Officer | 340118615 to 340121830 |

नोटः–

1. राजकीय +2 उच्च विद्यालय, काँके राँची (सी0आई0पी0 काँके के समीपं) के मुख्य द्वार से प्रवेश करेंगे। विद्यालय के परिसर में ही पार्किंग की व्यवस्था है। कमरावार सिटिंग प्लान प्रशिक्षण स्थल पर अंकित रहेगा। निर्धारित सिटिंग प्लान के अनुसार सभी पीठासीन पदाधिकारी (Presiding Officer)/सभी प्रथम मतदान पदाधिकारी (1st Polling Officer)/सभी द्वितीय मतदान पदाधिकारी (2nd Polling Officer)/सभी तृतीय मतदान पदाधिकारी (3rd Polling Officer) निर्धारित तिथि एवं पाली में ससमय अपना स्थान ग्रहण करना सुनिश्चित करेंगे।
2. प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग नहीं लेने वाले पीठासीन पदाधिकारियों (Presiding Officers)/प्रथम मतदान पदाधिकारियों (1st Polling Officers)/द्वितीय मतदान पदाधिकारियों (2nd Polling Officers) एवं तृतीय मतदान पदाधिकारियों (3rd Polling Officers) के विरूद्ध जन–प्रतिनिधित्व अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत् आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

अपर समाहर्त्ता–सह–
वरीय नोडल पदाधिकारी,
प्रशिक्षण कोषांग, राँची।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–
उपायुक्त, राँची।

PR 323646 Ranchi(23-24)D

# अपराधियों ने युवा व्यवसायी को गोली मार किया हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** अज्ञात अपराधियों ने सेरेंगहातू स्थित संचालित सैलून दुकान में 48 वर्षीय युवा व्यवसायी को गोली मार हत्या कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही सेन्हा थाना पुलिस एवं जिला पुलिस घटना स्थल पहुंच शव को कब्जे में ले अग्रतर कारवाई में पुलिस जुट गई है। सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातू में लोहरदगा भंडरा मुख्य पथ के किनारे रामजतन साहू के मकान में संचालित दीपक ठाकुर के सैलून दुकान में बाल दाढ़ी बनाने सुबह आए युवा व्यवसायी को अज्ञात अपराधियों ने गोली मार फरार हो गये। युवक को गोली लगने के कारण घटना स्थल पर मौत हो गई। मृतक की पहचान लोहरदगा सोबरन टोली निवासी स्वर्गीय राममोहन साहू का 48 वर्षीय पुत्र नरेश साहू उर्फ शिबू साहू के रूप





में किया गया। वही घटना को अंजाम तब दिया गया जब नरेश साहू उर्फ शिबू साहू सैलून में बाल दाढ़ी बनवा रहे थे। अचानक एक अपराधी सैलून दुकान के अंदर घुसा और नरेश साहू के बाएं कनपटी पर पिस्तौल रखकर फायर कर दिया वही बताया जाता है कि मोटरसाइकिल के साथ दो अन्य अपराधी सलून के बाहर सड़क में खड़े थे। गोली की आवाज धीमे होने के कारण आसपास के लोगों को पता भी नहीं चला कि यहां गोली कांड हुई है। घटना के समय दुकान में सिर्फ नाई मौजूद था। जिसे अपराधी आराम से घटना को अंजाम दे घटना स्थल से अपने साथियों के साथ भाग निकला। घटना के बाद सेरेंगहातू ग्राम में अफरा तफरी मच गई। और स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी गोली कांड मामले की सूचना सेन्हा थाना पुलिस को मिलते ही प्रशिक्षु एसपी वेदांत शंकर सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस की टीम ने तत्काल कारवाई करते हुए शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज पुलिस अग्रतर कारवाई आरम्भ कर दी है। वहीं घटना को लेकर स्थानीय लोग काफी हैरान व भयभीत हैं। फिलहाल हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। जबकि सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार नरेश साहू उर्फ शिबू साहू अपने गांव सोबरन टोली में छड़ सीमेंट का व्यवसाय के साथ जमीन खरीद बिक्री का काम करता था। लेकिन इतना स्पष्ट है कि घटना को अंजाम पेशेवार अपराधियों के द्वारा दिया गया है। इस घटना को जिस प्रकार अंजाम दिया गया है उससे स्पष्ट होता है कि घटना के पीछे गहरी साजिश होने का संदेह हो रहा है।

# हाथियों की समस्या का समाधान अविलंब करें वन प्रमंडल पदाधिकारी : विधायक कोलेबिरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा बिधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी अपने विधानसभा छेत्र में जो समस्याओं हैं उनके समाधान के लिए जिले के विभिन्न विभागों का दौरा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को सभी समस्याओं के अविलंब समाधान का निर्देश दिया। इसी क्रम में अपने विधानसभा छेत्र में व्याप्त हाथियों की समस्या के समाधान के लिए वन प्रमंडल पदाधिकारी बिकास कुमार उज्ज्वल से मुलाकात करते हुए उनको निर्देशित किया, कि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करे। कोलेबिरा बिधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने पदाधिकारी को कहा कि मेरे द्वारा विधानसभा में उठाये गए प्रश्न के जवाब मे जो भी बातें कही गई है, उसका अक्चरशः पालन सुनिश्चित किया जाए।जैसे के हाथियों के भोजन की व्यस्था जंगल में ही करने के लिए कई प्रकार के पौधों का रोपण किया गया है, पानी की व्यस्था के लिए जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बिगत 3 साल के अंतराल में 50 से अधिक चेकडैम का निर्माण



किया गया है। पूरे जिले में 30 से अधिक वन समिति का गठन करते हुए उनके माध्यम से हाथी को भगाने की सामग्री का वितरण करते रहना जैसे कई सारे प्रावधानों को बताया गया है। इसके आलोक में बिधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने वन प्रमंडल पदाधिकारी को निर्देशित किया कि यह सभी बातें सिर्फ कागजों पर ही सीमित नहीं रहे बल्कि सरकार द्वारा जो भी सुविधाएं ग्रामीणों को मुहैया करवाई जा रही है उनका लाभ ग्रामीणों तक अवश्य पहुंचना चाहिए। बिधायक नमन बिक्सल कोनगड़ी ने पदाधिकारी से कहा कि सर्वप्रथम ये धयान देना है कि हाथियों से मानव संघर्ष ना हो। अगर ये संघर्ष आकस्मिक हो जाये तो किसी को जान माल का नुकसान ना हो और अगर नुकसान हो ही जाए तो उसका मुवावजा अविलंब भुगतान किया जाए। इस पर वन प्रमंडल पदाधिकारी ने बिधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी को आस्वस्त किया के मैं खुद इन सभी चीजों को व्यक्तिगत तौर से देखूंगा और हमारे बिभाग से जो भी सहयोग होगा उसको करवाने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर बिधायक के साथ उनके दोनों जिला प्रतिनिधि समी आलम और रावेल लकड़ा, जलडेगा प्रखंड अध्यक्ष सुशील जड़िया, अल्पसंख्यक सचिव जमीर अहमद, टी टाँगर बिधायक प्रतिनिधि जॉनसन डांग, ओड़गा पंचायत अध्यक्ष मसिहदास उपस्थित रहे।

## बूथ जीता चुनाव जीता के मंत्र पर कार्य करें कार्यकर्ता : सुशील श्रीवास्तव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरसई :** लोकसभा चुनाव विजय अभियान के निमित्त आज केरसई में भारतीय जनता पार्टी की बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन किया गया। कार्यकर्ता सम्मेलन में स्वागत भाषण करते हुए मंडल अध्यक्ष मानकी लाल ने कहा की सभी कार्यकर्ता अपनी-अपनी जिम्मवेवारी का निर्वहन करते हुए बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त कर मतदाताओं को जागरूक करें । कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सिमडेगा विधानसभा सहसंयोजक सह केरसई मंडल प्रभारी सुशील श्रीवास्तव ने कहा कि लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है सभी कार्यकर्ता कमर कस कर तैयार हो जाएं और प्रधानमंत्री जी ने अबकी बार 400 पार का नारा दिया है उसे चरितार्थ करने हेतु खूंटी लोकसभा से लोकप्रिय प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री श्री अर्जुन मुंडा को भारी मतों से जीता कर केंद्र भेजने का संकल्प लें। कार्यकर्ता बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत कर ज्यादा से ज्यादा भाजपा के पक्ष में मतदान करने का प्रयास करें क्योंकि बूथ जीता तो चुनाव जीता और खूंटी लोकसभा से एक कमल फूल हम लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दे सके आपसी गिले शिकवे भुला कर एकजुट होकर कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में कार्य करें। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष सह केरसई मंडल प्रभारी मानोज साय ने कहा कार्यकर्ता हर घर जाकर केंद्र सरकार के योजनाओं के लाभार्थियों से मिले एवं उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का नमस्कार कहें और भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील करें,साथ ही आपसी गिले शिकवे भुला कर एक झूठ होकर सभी बूथों में भारतीय जनता पार्टी के बढ़त हो इस तर्ज पर कार्य करें। इससे पूर्व अतिथियों द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं बंदे मातरम गान कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई मंच संचालन महामंत्री प्रभु माझी ने किया मौके पर केरसई प्रखंड प्रमुख तरण भोय जिला उपाध्यक्ष प्रणव कुमार जिला मीडिया प्रभारी सह केरसई सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता बासेन मुखिया सत्या देवी किसान मोर्चा अध्यक्ष रामविलास राणा युवा मोर्चा अध्यक्ष गौतम कुमार ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष दिनेश कुमार अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष शंकर प्रधान अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष देवनारायण डेहरी महिला मोर्चा अध्यक्ष बसंती देवी कैलास मेहर सुधीर मांझी सुरेश प्रसाद धीरेंद्र प्रसाद योगेश गुप्ता महेंद्र प्रसाद रामचन्द्र मांझी पीताम्बर होता जुगेश्वर मांझी खिरोधर प्रधान अकलु पासी उदय प्रसाद सोभा देवी सहित सभी शक्ति केंद्र के संयोजक सहसंयोजक बूथ अध्यक्ष आदि मौजूद थे ।

## स्वस्थ शरीर ही जीवन की मूल संपति होता है : डॉ.राजीव कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विद्यालय के वंदना सभागार में सोमवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा के चिकित्सक डॉ. राजीव कुमार द्वारा कार्यक्रम से पूर्व दिप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि अपने शरीर का नियमित साफ सफाई करें और अच्छे खान पान की आदत डालने की आवश्यकता है। साथ ही स्वास्थ्य बल देते हुए कहा जीवन मे स्वास्थ्य शरीर होना सबसे बड़ी सम्पति है। अच्छे जीवन शैली और स्वास्थ्य जीवन के लिये पौष्टिक और प्रोटीन युक्त भोजन की प्राथमिकता सर्वोपरि होती है। साथ ही कहा कि आज के वर्तमान समय मे अधिकांश व्यक्ति उच्च रक्त चाप एवं मधुमेह रोग से प्रभावित हैं। जिसका प्रमुख कारण व्यक्तिगत हाइजीन एवं सामान्य हाइजीन को पालन नही करने के कारण ऐसे बीमारी होता है।कार्यक्रम दौरान विद्यालय के भैया बहनों को लंबाई के अनुसार वजन, उच्च रक्त चाप, सुगर लेवल की विशेष जानकारी दी गई। विद्यालय के प्रधानचार्य बिमलेश कुमार तिवारी ने कहा नियमित व्यायाम करने एवं पौष्टिक आहार लेने से ही जीवन तंदुरुस्त व शरीर स्वस्थ्य होता है। मौके पर प्रतिभा देवी, सुषमा देवी, मीना देवी, मालती देवी, डॉली कविता, संध्या कुमारी, खुशी सहाय, खुशबू कुमारी, निरूपा कुमारी सहित सभी आचार्य आचार्या व भैया बहन उपस्थित थे।

## दिन दहाड़े युवा को मारी गोली सरकार व प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था में उठाए सवाल : मनीर उरांव



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत सेरेंगहातु तोरार गांव के एक सैलून में बाल कटवा रहे कारोबारी नरेश साहू उर्फ सिबु की गोली मारकर की गई हत्या पर भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष मनीर उराँव ने कहा कि झारखंड की सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। इस सरकार ने पूरी तरह से अपराधियों को स्वतंत्र कर दिया है वह जब चाहे किसी कारण कहीं पर अपने षड्यंत्र को परिणाम में परिवर्तित कर सकते हैं इसका जीता जागता और उदाहरण लोहरदगा में घट रही लगातार घटनाएं। अब लोगों का घर के, आसपास, घर के बाहर बैठना एवं अन्य कार्य को करने के दौरान स्वयं से सजग रहने की जरूरत आ पड़ी है क्योंकि झारखंड में प्रशासनिक सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो गई। घटनाओं को व्यावसायिक, रंजिश या अन्य कारण बताकर नजर अंदाज नहीं किया जा सकता है। इस प्रकार की घटनाएं स्थानीय जिला प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर भी प्रश्न चिन्ह खड़े करते हैं कोई अपराधी इतनी आसानी से मृत्यु कारित करने योग्य औजार लेकर कैसे घूम रहे हैं क्योंकि ऐसी घटनाएं तुरंत नहीं होती यदि शहर में सुरक्षा की कड़ी प्रबंध होती तो आज ऐसी घटना देखने को नहीं मिलता। भारतीय जनता पार्टी इस घटना की कड़ी निंदा करता है इस घटना में जो भी अपराधी हैं उसे कड़ी से कड़ी सजा मिले अपराधी कोई दल,धर्म या जाति नहीं होता अपराधी अपराधी होता है। इस अपराधिक घटना के शिकार हुए नरेश साहू जी के परिवार के साथ पूरा भाजपा परिवार खड़ा है।

## स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है : सच्चिदानंद लाल अग्रवाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सरस्वती शिशु मंदिर में आज दिनांक 8.4.2024 दिन सोमवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्वास्थ कर्मियों का आगमन विद्यालय में हुआ । इस अवसर पर शिशुओं का खून जांच कर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर प्रांत प्रमुख श्री सच्चिदानंद लाल अग्रवाल ने कहा स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ जीवन की कल्पना की जा सकती है। अतः शिशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण समय-समय पर होना अति आवश्यक है। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव श्री अजय प्रसाद जी उपस्थित थे। शिशु का स्वास्थ्य परीक्षण सदर अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मी एवलिन कुजूर एएनएम,नम्रता मिंज सी एच ओ,गीता बाखला सी एच ओ,एवं रूपा कच्छप एएनएम द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य से सुरेश चंद्र पांडे ने चिकित्सीय दल के इन सभी सदस्यों को धन्यवाद प्रदान करते हुए कहा हमारे शिशु स्वस्थ रहें ऐसी कल्पना के साथ इस स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी भैया बहन एवं आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित थे।

## पीठासीन पदाधिकारीयों को दो पालियों में दिया गया प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए 391 प्रतिनियुक्त महिला कर्मियों जिसमें पीठासीन पदाधिकारी, प्रथम मतदान पदाधिकारी, द्वितीय मतदान पदाधिकारी और तृतीय मतदान पदाधिकारी शामिल हैं, को आज सोमवार को नदिया हिन्दू प्लस टू उच्च विद्यालय लोहरदगा में दो पालियों में प्रशिक्षण दिया गया। आज प्रशिक्षण में सभी मतदान पदाधिकारियों को मतदान प्रक्रिया के प्रशिक्षण अंतर्गत अपने दायित्वों का बिना चूक निर्वहन करने,अपने सहकर्मियों के साथ बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने, सहयोगियों के बेहतर समन्वय रखते हुए कार्य करने, मतदान सामग्री के बारे जानकारी रखने व मतदान केंद्र में उन सामग्री की व्यवस्था, ईवीएम व वीवीपैट के लिए आवश्यक सीलिंग सामग्री, मतदान के पूर्व की तैयारी, मतदान के दिन की तैयारी, मॉक पोल, मतदान प्रारंभ करने से संबंधित, आवश्यक प्रपत्रों को भरे जाने सम्बंधित विस्तृत जानकारी मास्टर ट्रेनर द्वारा दी गयी। आज के प्रशिक्षण में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी आकाश सिंह समेत अन्य पदाधिकारियों ने महत्वपूर्ण निर्देश मतदान पदाधिकारियों को दिए।

## रफ़्तार का क़हर, दो ट्रक आपस में भिड़े, दो घायल कोई हताहत नहीं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा - राउरकेला नेशनल हाईवे 143 अर्जुन टोली से आगे एनोस एक्का के ईटा भट्ठा से महज़ 100 मीटर पहले आमने-सामने दो ट्रक आपस में भीड़ गये। दुर्घटना में एक ट्रक का ड्राइवर फंसा हुआ था जिसे स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से निकाल कर अस्पताल भेज दिया गया है। नेशनल हाईवे में भी वनवे के वजह से जाम लग हुआ था । सिर्फ छोटी गाड़ियां चार चक्का ही एक छोटे से रास्ते से निकल पा रही थी। ट्रक एवं बस जाम में फंसे हुए थे। हालाँकि जेसीबी की सहायता से दुर्घटना ग्रस्त ट्रकों को किनारे कर दिया गया और यातायात पूर्णरूपेण स्वचालित कर दी गई। आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर पता चला की रावरकेला से सिमडेगा की ओर जा रही ट्रक ने सामने से आने वाली ट्रक में ज़ोरदार टक्कर हुआ। एक ट्रक में दो लोग एक चालक और सह चालक सवार थे और एक में




केवल चालक था । दोनों वाहनों के आपस में टकराने से एक ट्रक चालक को गंभीर चोटें आयी हैं और सहचालक को हल्के फुल्के चोट आयी है एवं दूसरे वाहन के चालक को हल्की चोटें आयी हैं। तीनों वाहन सवार अस्पताल में इलाजरत है ख़बर लिखे जाने तक सभी ख़तरे से बाहर थे एवम् ज़्यादा पूछताछ के हालत में नहीं थे।

## भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष राजू शर्मा की मां के निधन पर भाजपा ने किया अशोक प्रकट



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी भंडरा मंडल के पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री राजू शर्मा की माता जी स्वर्गीय जगनिवास शर्मा जी की पत्नी मातेश्वरी देवी उम्र 78 वर्ष अपने भंडरा गृह निवास पर कल रात्रि 9:45 को अंतिम सांस लीं। इस दुःख के घड़ी में भाजपा परिवार ने शोक जताया। शोक संवेदना प्रकट करने वाले लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत, राज्सभा सांसद व भाजपा लोकसभा प्रत्याशी समीर उराँव, जिला अध्यक्ष मनीर उराँव, पूर्व विधानपरिषद सदस्य प्रवीण सिंह, पूर्व विधायक रमेश उराँव, सधनु भगत, जिला प्रभारी सुनीता सिंह, ओम प्रकाश सिंह, श्री चंद प्रजापति, ब्रज बिहारी प्रसाद, मदनमोहन पाठक, चन्द्रशेखर प्रसाद, राकेश प्रसाद, राजकिशोर महतो ,राजमोहन राम,परमेश्वर साहू विनोद राय, नवीन कुमार टींकू, नीरज कुमार नलिन, सामेला भगत, सूरजमोहन साहू, बालकृष्णा सिंह, राजकुमार वर्मा,जगनंदन पौराणिक, उमेश कास्यकार, त्रिवेणी दास, रामोतार वर्मन, ओम गुप्ता,अशोक चंद्र घोष, छेदी राम,अनिल उरांव, मीना बाखला, अजय पंकज, भारती सिन्हा, सरोज प्रजापति, विश्वजीत शाहदेव, पशुपति नाथ पारस, मनिष शिखर, कलावती देवी, सजल कुमार, विश्वजीत शाहदेव, जितेंद्र महतो, बाल्मीकि कुमार, अमित लोहरा, राज किशोर साहू, धनंजय तिवारी, राजेंद्र महतो, कैलाश महतो, गीता उरांव, अविनाश शाहदेव, केदार महतो, रंजीत यादव, कैलाश साहू, विवेक सोनी, सूरज दसोंधी, भरत किसान,लखन उरांव, सुदामा प्रसाद, राजेश महतो, अमरेश भारती, नवीन कुमार साहू, संजय चौधरी, सूरज साहू, बृजनंदन गोप, मंगल गोप, सहिंत अन्य शामिल है।

**श्री रामनवमी को लेकर क्षेत्रीय बैठक संपन्न, 16 गांवो के प्रतिनिधियों ने बैठक में लिये भाग**

# दशमी को भव्य भरत-मिलाप शोभायात्रा का होगा आयोजन चैत्र नवरात्र पर कलश यात्रा आज : विवेक प्रजापति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 07 अप्रैल रविवार को आगामी त्योहार नवरात्र, श्री रामनवमी पुजा, एवं दशमी को कैरो मुख्यालय मे भव्य भरत-मिलाप शोभायात्रा आयोजन को लेकर कैरो महाबीर मंडल के अध्यक्ष विवेक प्रजापति की अध्यक्षता में कैरो आसपास महाबीर मंडल प्रमुखों की क्षेत्रीय बैठक आहुत की गई। बैठक मे उतका, खन्डा, नरौली, गजनी, महुवरी, टाटी, सढ़ाबे, एडादोन, नदीनगड़ा, बसरी, गुड़ि, हनहट, खरता, इत्यादि कूल 16 गाँवो के प्रतिनिधियों, महाबीर मंडल प्रमुखो, आखाड़ा प्रमुखों, झांकी दल इत्यादी बैठक मे हुये उपस्थित। बैठक मे दूर-दराज से आये प्रतिनिधियों ने बारी-बारी से अपने-अपने क्षेत्र के विषय मे चर्चा की, वही 18 अप्रैल दशमी को भरत-मिलाप शोभायात्रा मे गाजे-



बाजे के साथ पुर्व वर्ष की भांति ही इस वर्ष 2024 मे भी उत्साह और उमंग के साथ कार्यक्रम मे शामिल होने की बात कही। विदित है कि दशमी भरत-मिलाप शोभायात्रा मे राँची, लोहरदगा, गुमला जिले के लगभग 110 अखाड़े अपने गाजे-बाजे व झाँकियाँ के साथ उपस्थित होकर कार्यक्रम की भब्यता लाने की परम्परा वर्षो वर्ष से चली आ रही है। मौके पर कैरो महाबीर मंडल के अध्यक्ष विवेक प्रजापति ने कहा कि विगत वर्ष के भांति ही इस वर्ष 2024 मे भी हर्षोल्लास के साथ नवरात्र कलश स्थापन, श्री रामनवमी पुजा, भरत मिलाप की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली जायेगी, हालाकि इस वर्ष पुरे देश मे लोकसभा चुनाव हो रहे हैं,जिसके चलते चुनाव आयोग ने चुनाव आदर्श आचार संहिता लागू की है, त्योहार के निमित विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजन को लेकर जिला प्रशासन से लिखित अनुमति लेकर कार्यक्रम की जायेगी, वही अध्यक्ष ने कहा कि चैत्र नवरात्र को लेकर कलश स्थापना को लेकर 09 अप्रैल मंगलवार को सुबह भव्य कलश-यात्रा निकाली जायेगी जिसमे सैकड़ो महिला-पुरुष कलश यात्रा मे लेंगे भाग इस कार्यक्रम के निमित भी अनुमति माँग पत्र जिला प्रशासन को 08 अप्रैल को कार्यालय मे दे दी गई है। मौके पर आज के उक्त क्षेत्रीय बैठक मे कैरो महाबीर मंडल अध्यक्ष विवेक प्रजापति,शरत कुमार विद्यार्थी, रामप्रसाद यादव, शंभू सोनी, रामलखन साहू, फलिंद्र रविदास, दीपक साहू, बैकुंठ शुक्ला, जलेश्वर साहू, सुरज मुंडा, दिनेश नायक, पीतांबर साहू, रमेश राम, विदेशी रविदास, ब्रजमोहन मांझी, हजारी साहू, विनोद पांडेय, प्रताप गुप्ता, बजरंग प्रसाद, राजकुमार साहू, रवि प्रजापति, मुरारी सोनी, शिवचरण तुरी, संजय साहू, शैलेश कुमार, अंकित कुमार, कुलदीप सिंह समेत अनेको रामभक्त बैठक मे उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने की हिंदू नववर्ष, ईद और सरहुल त्यौहार को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज सोमवार को जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से हिंदू नववर्ष, ईद और सरहुल त्यौहार के आयोजन को लेकर प्रखण्डवार चर्चा की गई। उपायुक्त, लोहरदगा ने इस मौके पर कहा कि किसी भी शोभायात्रा या कार्यक्रम के आयोजन के लिए अनुमति अवश्य लें। शोभायात्रा के लिए जो भी रूट निर्धारित किया गया हो उसका पालन अवश्य करें। कोई भी अपने दिये हुए रूट से भटके नहीं। आयोजक इसका ध्यान रखें ताकि कोई भी अव्यवस्था उत्पन्न ना हो। आदर्श आचार संहिता लागू है जिसे देखते हुए आप अपने कार्यक्रम की वीडियोग्राफी अवश्य करायें। पर्व-त्यौहारों व निर्वाचन को देखते हुए जिला में सुरक्षा बल पर्याप्त



मात्रा में प्रतिनियुक्त किये हैं। युवा वर्ग को पर्व-त्यौहारों में विशेषकर आदर्श आचार संहिता में अपनी भावनाएं नियंत्रित करने की आवश्यकता है। शांति समिति के सदस्य युवाओं को जागरूक करें। इस महीने कई पर्व-त्यौहार हैं। सभी पर्व-त्यौहार आप सभी मिल-जुल कर मनाएं और जिला में सौहार्द्रपूर्ण महौल का उदाहरण प्रस्तुत करें। पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा कि जिला में बीते वर्षों से सभी पर्व-त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जा रहा है। बीती शांति समिति की बैठकों में जिन बिंदुओं पर बात हुई है वे सभी अच्छी तरीके से लागू की गई हैं। आगे भी ऐसी ही शांति-व्यवस्था रहेगी। आप जो भी कार्यक्रम आयोजित करें उसकी अनुमति अवश्य प्राप्त कर लें। निर्वाचन के कारण आदर्श आचार संहिता जिला में लागू है जिला में शांति-व्यवस्था हेतु पर्याप्त मात्रा में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि पर्व-त्यौहारों में किसी प्रकार के गड़बड़ी की संभावना पर आप अपने संबंधित थाना, प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारी या जिला के पदाधिकारियों को सूचना अवश्य दें। विधि-व्यवस्था के संधारण हेतु सभी क्षेत्र में कार्यपालक दण्डाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी प्रतिनियुक्त हैं। किसी भी सूचना को फॉरवर्ड करने से पहले उसकी सत्यता भी जान लें कि व फेक है यस सही। आज की बैठक में सभी प्रखण्डों से आये शांति समिति के सदस्यों द्वारा अपने-अपने विचार व समस्याएं रखी गई। आज की बैठक में अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा, आईटीडीए परियोजना निदेश सुषमा सोरेंग, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, कार्यपालक दण्डाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी व शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# हुसैनाबाद में अवैध शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, चार आरोपी गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** हुसैनाबाद में अवैध शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ है. हुसैनाबाद पुलिस और उत्पाद विभाग की टीम ने संयुक्त कार्रवाई में अवैध शराब फैक्ट्री का खुलासा किया है. टीम ने सोमवार को हुसैनाबाद के झरगड़ा के बघमनवा टोला में छापेमारी कर 59 पेटी तैयार 510 लीटर अवैध शराब जब्त की है.

साथ ही 280 लीटर स्प्रिट बरामद किया है. एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने कार्रवाई की पुष्टि की है.एसडीपीओ मुकेश कुमार ने बताया कि मौके से टीम ने अवैध शराब निर्माण में लगे चार आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है. जिसमें मुकेश कुमार, ललन कुमार, राजकुमार और सुजीत रजवार शामिल है.एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने बताया कि कई नामी कंपनियों के नाम से अवैध शराब की बिक्री की जा रही थी. शराब तैयार कर उसकी बिक्री बिहार और झारखंड के विभिन्न जिलों में की जा रही थी. उन्होंने बताया कि 180 एमएल की 2832 बोतलें अवैध शराब बरामद की गई है. साथ ही शराब बनाने के लिए रखे गए सात जार में 280 लीटर कच्चा स्प्रिट भी बरामद किया गया है.

## कांग्रेस नेता के दावे पर कंगना रनौत ने दिया जवाब

# हिंदू होने पर गर्व है

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** एक्टर से नेता बनीं कंगना रनौत हिमाचल प्रदेश के मंडी से बीजेपी की उम्मीदवार ने उन रिपोर्ट्स को खारिज कर दिया है, जिनमें दावा किया गया है कि उन्होंने एक बार बीफ खाया था. यह टिप्पणी कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार द्वारा की गई थी. बता दें कि महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार ने कहा था कि एक्टर ने एक बार बीफ खाया था और फिर भी बीजेपी ने उन्हें आगामी चुनावों में उम्मीदवार बनाया है.इस पर अब कंगना ने जवाब दिया है. कंगना ने एक्स पर एक पोस्ट करते हुए लिखा,मैं बीफ या फिर किसी अन्य तरह का लाल मास नहीं खाती हूं, यह शर्मनाक है कि मेरे बारे में निराधार अफवाहें फैलाई जा रही हैं, मैं दशकों से योगिक और आयुर्वेदिक जीवन शैली की वकालत और प्रचार कर रही हूं, अब मेरी छवि खराब करने के लिए ऐसी रणनीतियां काम नहीं करेंगी. मेरे लोग मुझे जानते हैं और वो जानते हैं कि मुझे हिंदू होने पर गर्व है और कोई भी चीज़ उन्हें कभी



PTI

गुमराह नहीं कर सकती. बीजेपी नेता शाइना एनसी ने भी विजय वडेट्टीवार के बयान पर निशाना साधते हुए कांग्रेस को महिला विरोधी बताया. उन्होंने कहा, यह पहली बार नहीं है जब कांग्रेस ने ऐसी बेतुकी टिप्पणियां की हैं. सुप्रिया श्रीनेत ने कहा था मंडी में क्या रेट है और रणदीप सुरजेवाला सोनिया गांधी की उम्र के होने के बावजूद हेमा मालिनी की योग्यता के बारे में बात करते हैं... यह कांग्रेस पार्टी स्पष्ट रूप से महिला विरोधी है.ताजा विवाद कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत द्वारा कंगना रानौत के बारे में अपमानजनक टिप्पणी के साथ बड़े पैमाने पर विवाद शुरू होने के कुछ दिनों बाद आया है.

क्वीन एक्टर ने सोशल मीडिया पर सुप्रिया श्रीनेत द्वारा किए गए कमेंट के जवाब में कहा था कि उन्होंने फिल्मों में अलग-अलग किरदार निभाए हैं. इसमें रज्जो में प्रोस्टीट्यूट बनने से लेकर थलाइवी में क्रांतिकारी नेता बनने जैस किरदार तक शामिल है.उन्होंने कहा,हमें अपनी बेटियों को पूर्वाग्रहों के बंधनों से मुक्त करना चाहिए, हमें उनके बॉडी पार्ट्स के बारे में बात करने से ऊपर उठना चाहिए और इससे भी बढ़कर हमें यौनकर्मियों के चुनौतीपूर्ण जीवन या परिस्थितियों को किसी प्रकार के दुर्व्यवहार या अपमान के रूप में उपयोग करने से बचना चाहिए. हर महिला उसकी गरिमा की हकदार है.

## मुझे संसद से दूर रखने के लिए भाजपा अपना रही हर तरीका : महबूबा मुफ्ती

**एजेंसी**



**श्रीनगर :** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर उन्हें संसद से दूर रखने की कोशिश करने का आरोप लगाया। पीडीपी नेता महबूबा दक्षिण कश्मीर के बिजबिहाड़ा में पत्रकारों से बात कर रहीं थीं।महबूबा ने कहा कि भाजपा मुझे संसद से दूर रखने के लिए अपनी पूरी ताकत और संसाधनों का इस्तेमाल कर रही है। वे अच्छी तरह जानते हैं कि अगर मैं संसद पहुंच जाऊंगी तो उनके लिए परेशानी खड़ी कर सकती हैं। इसके लिए भाजपा हर तरीका अपना रही है।इससे पहले महबूबा अपने पिता दिवंगत मुफ्ती मोहम्मद सईद की कब्र पर पहुंची और फातेहा पड़ी। उन्होंने कहा कि दक्षिण कश्मीर मेरी मातृभूमि है और बिजबिहाड़ा मेरा मूल क्षेत्र है। इसके अलावा मेरे पिता की कब्र यहीं है। जब भी मुझे लगता है कि मुश्किल वक्त है तो मैं यहां आती हूं और फातेहा पेश पढ़ती हूं। मैंने अपना राजनीतिक करियर वर्ष 1996 में शुरू किया था और मेरे पिता कंधे से कंधा मिलाकर मेरे साथ रहते थे लेकिन आज उनकी अनुपस्थिति में चुनौतियां कई गुना बड़ गई हैं।मुफ्ती महबूबा ने कहा कि हमारी पहचान और संवैधानिक अधिकारों पर हमला किया जा रहा है। लोग उनकी ओर आशा से देख रही हैं। मुझे उम्मीद है कि बड़ी संख्या में लोग चुनाव में पीडीपी को वोट देंगे। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा कठिन समय में अपने लोगों के साथ खड़ी रही, चाहे वह दक्षिण कश्मीर हो या पीर पंजाल। मुझे उम्मीद है कि मतदाता मुझे निराश नहीं करेंगे।महबूबा ने कहा कि भाजपा मेरी पार्टी पीडीपी को तोड़ने के लिए अपने सभी तरीकों का इस्तेमाल कर रही है। वे जानते हैं कि यह जम्मू-कश्मीर के लोगों की एकमात्र विश्वसनीय आवाज है, जो लोगों की चिंताओं को पूरी ताकत से उठाती है। भगवा पार्टी को लगता है कि संसद में महबूबा मुफ्ती के पहुंचने से उनकी जनविरोधी योजनाओं में बाधाएं पहुंचेंगी।

# राहुल गांधी ने वायनाड में चुनाव जीतने के लिए पीएफआई की ली मदद : स्मृति ईरानी



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** अमेठी से बीजेपी सांसद स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी पर हमला करते हुए कहा कि हमें यह जानकारी मिली है कि राहुल गांधी ने वायनाड से अपना चुनाव लड़ने के लिए आतंकवादी संगठन पीएफआई का समर्थन लिया है. राहुल ने अमेठी का अपमान किया है. कांग्रेस में एक ऐसा खेमा है जो चाहता है कि राहुल को नेतृत्व से मुक्त किया जाए और एक महिला को कांग्रेस की कमान दी जाएगा. कांग्रेस बनाम कांग्रेस हो रहा है. राहुल गांधी ने वायनाड को अपना परिवार बनाया ,अमेठी के साथ सौतेला व्यवहार किया है. अमेठी को 15 साल की वफा का क्या सिला मिला. अंदरूनी कलह के कारण कांग्रेस अपना प्रत्याशी घोषित नहीं कर रही है. अमेठी से फिर राहुल गांधी हारेंगे. रायबरेली में मीडिया से बात करते हुए स्मृति ईरानी ने कहा अमेठी राहुल के खिलाफ लड़ाई लड़ेगा.राहुल ने अमेठी को त्याग दिया है.पीएम नरेंद्र मोदी ने अमेठी और अमेठी के लोगों का विकास किया है, पीएम नरेंद्र मोदी को आशीर्वाद देंगे.बीजेपी के कार्यकर्ता जानते हैं कि गांधी परिवार अमेठी से चुनाव लड़ेने आएगा. राहुल गांधी यहां से चुनाव लड़ेंगे तो जनता को क्या जवाब देंगे.अमेठी में 19 लाख नागिरक को नरेंद्र मोदी सरकार ने मुफ्त राशन दिया. मंत्री ने 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए उत्तरी चेन्नई से भाजपा के उम्मीदवार आरसी पॉल कनगराज के लिए प्रचार करते हुए शनिवार को कहा था कि कांग्रेस आज केरल में चुनाव लड़ने के लिए प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन पीएफआई की राजनीतिक शाखा (एसडीपीआई) का समर्थन ले रही है. लोगों को सोचना चाहिए कि जो कांग्रेस पार्टी और 'इंडी गठबंधन आतंकवादी संगठन की राजनीतिक शाखा का समर्थन ले रहे हैं,क्या वे इस देश में लोकतंत्र की रक्षा कर सकते हैं.वहीं केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने रविवार को मेरठ संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार अरुण गोविल के समर्थन में कहा था कि जो टेलीविजन पर भगवान की प्रतिमूर्ति थे आज वह साक्षात आपके सम्मुख उपस्थित हैं. स्मृति ईरानी ने रविवार को राधा गोविंद मंडप में आयोजित एक सम्मेलन में कहा,हर व्यक्ति ने अपने जीवन में इस सत्य को जिया है कि जब-जब हमें ललकार पड़ी तब-तब हमने भगवान का दरवाजा खटखटाया.

राम से मांगा राम ने दिया. उन्होंने कहा,लेकिन, मेरठ लोकसभा क्षेत्र अपने आप में इसलिए भाग्यशाली है कि जो टीवी पर भगवान की प्रतिमूर्ति थे आज वह साक्षात प्रत्याशी के नाते आपके सम्मुख उपस्थित हैं.

# राजघरानों की सियासत छोड़कर आगे बढ़ गया प्रतापगढ़

**एजेंसी**

**लखनऊ :** यूपी की 80 लोकसभा सीटों में से जहां सबसे ज्यादा बार राजपरिवार से सांसद चुने गए हैं, वह सीट है प्रतापगढ़। यहां हुए अबतक 17 लोकसभा चुनावों में 10 बार राजघरानों के ही उम्मीदवार जीतकर लोकसभा पहुंचे हैं। लेकिन अब यह सीट राजपरिवार का मोह छोड़कर आगे बढ़ती दिख रही है। 2014 और 2019 में राजकुमारी रत्ना सिंह को जनता ने नकार दिया था जबकि इस बार यहां से चुनाव मैदान में कोई राजपरिवार नहीं है। कालाकांकर के राजपरिवार से आने वाले पूर्व विदेश मंत्री दिनेश सिंह ने चार बार इस संसदीय सीट का प्रतिनिधित्व किया तो उनकी बेटी राजकुमारी रत्ना सिंह ने तीन बार। इसके अलावा दो बार यहां से प्रतापगढ़ रियासत के अजीत प्रताप सिंह सांसद रहे और एक बार उनके बेटे अभय प्रताप सिंह। अजीत प्रताप सिंह पहली बार जनसंघ के टिकट पर जीते और उसके बाद कांग्रेस के टिकट पर जबकि अभय प्रताप सिंह ने 1991 में जनता दल



से जीत हासिल की थी।प्रतापगढ़ सीट का यूं तो चार बार राजा दिनेश सिंह ने लोकसभा में प्रतिनिधित्व किया। तीन बार उनकी बेटी भी सांसद रहीं। लेकिन जीत की हैटट्रिक किसी के हिस्से नहीं आई। राजा दिनेश सिंह पहली बार 1967 और 1971 का चुनाव जीते, लेकिन 1977 की हार की वजह से वह हैटट्रिक लगाने से चूक गए थे। इसके बाद वह 1984 और 1989 में जीतकर लोकसभा पहुंचे थे। प्रतापगढ़ आंवले की खेती के लिए प्रसिद्ध है। जैसे की आंवला का स्वाद खट्टा होता है, वैसा ही बसपा के लिए यहां का राजनीतिक स्वाद रहा है। इस सीट पर बसपा अबतक एक बार भी चुनाव नहीं जीत सकी है। एक बार यहां से सपा जीती थी। 2019 में सपा के साथ गठबंधन करके भाजपा ने यहां अपना प्रत्याशी उतारा था। बावजूद उस समीकरण के बावजूद भाजपा अपने उम्मीदवार को बड़े मार्जिन से जितवाने में सफल रही थी। प्रतापगढ़ लोकसभा सीट कांग्रेस का गढ़ रही है। सबसे ज्यादा यानी कि दस बार यहां उसी के उम्मीदवार जीते, लेकिन इस बार इस सीट पर कांग्रेस का प्रत्याशी चुनाव मैदान में नहीं होगा। दरअसल, कांग्रेस इस बार सपा के साथ गठबंधन करके चुनाव मैदान में है। यह सीट सपा के खाते में है और यहां से सपा ने एसपी सिंह पटेल को टिकट दिया है। कालाकांकर राजपरिवार कांग्रेस के साथ रहा था। राजकुमारी रत्ना सिंह 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा में शामिल हो गई। तब से कांग्रेस यहां कोई बड़ा चेहरा भी तैयार नहीं कर सकी है। राजपरिवारों के मार्फत यहां की राजनीति में ठाकुरों का दबदबा लंबे वक्त तक रहा है। प्रतापगढ़ लोकसभा सीट पर सबसे ज्यादा बार कांग्रेस का ही कब्जा रहा। अबतक इस सीट पर 17 बार लोकसभा चुनाव हो चुके हैं। इनमें से 10 बार कांग्रेस के प्रत्याशियों विजयी पताका फहराई। वहीं, इस सीट पर अबतक दो बार ही भाजपा जीत पाई है। पहली बार 1998 में राम विलास वेदांती जीते थे जबकि दूसरी बार 2019 में संगम लाल गुप्ता। इसके अलावा सपा, अपना दल, जनता दल, जनसंघ, भारतीय लोक दल को एक-एक बार जीत मिली है।

## लोकसभा चुनाव के लिए प्रशांत किशोर की बड़ी भविष्यवाणी

# बीजेपी बंगाल में बन सकती है नंबर 1 पार्टी



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** चुनावी रणनीतिकार और जन सुराज नेता प्रशांत किशोर ने कहा है कि आगामी लोकसभा चुनाव में बीजेपी पश्चिम बंगाल में नंबर-1 पार्टी बन सकती है. पीटीआई को दिए एक इंटरव्यू में प्रशांत किशोर ने कहा कि बीजेपी ने पिछले कुछ सालों में दक्षिण और पूर्वी भारत में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत की है. इस बार पार्टी को और इस बार इसका लाभ मिल सकता है. प्रशांत किशोर ने कहा कि उनको लगता है कि बीजेपी बंगाल में नंबर-1 पार्टी बनकर उभरेगी.प्रशांत किशोर का लोकसभा चुनाव से पहले ये कहना काफी अहम माना जा रहा है, क्यों कि उन्होंने 2021 के बंगाल चुनावों के लिए अपने अभियान में तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी की मदद की थी. जिससे प्रचंड जीत के साथ ममता की सत्ता में वापसी हुई थी. इस बात पर ज़ोर देते हुए कि न तो बीजेपी और न ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अजेय हैं, प्रशांत किशोर ने कहा कि विपक्ष ने मौके गंवा दिए हैं.

प्रशांत किशोर कई बार कह चुके हैं कि बीजेपी ज्यादातर सीटें देश के उत्तरी और पश्चिमी क्षेत्रों में जीतती है और पूर्वी और दक्षिणी बेल्ट में मिलने वाली असफलताओं को छिपाने की कोशिश करती है. अब प्रशांत किशोर ने कहा कि आगामी चुनाव में बीजेपी तभी गर्मी महसूस करेगी, जब विपक्ष, खासकर कांग्रेस ये सुनिश्चित कर सके कि उत्तर और पश्चिम में अपने गढ़ों में बीजेपी कम से कम 100 सीटें हार जाए. लेकिन ऐसा होने वाला नहीं है. उन्होंने कहा कि बीजेपी इन क्षेत्रों में अपनी पकड़ बनाए रखने में सक्षम है. प्रशांत किशोर ने कहा कि बीजेपी तेलंगाना में पहली या दूसरी पार्टी बनकर उभर सकती है, जो एक बड़ी बात है. इसके साथ ही प्रशांत किशोर ने कहा कि बीजेपी ओडिशा में नंबर-1 पार्टी बनेगी. बता दें कि तेलंगाना, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, बिहार और केरल में लोकसभा की कुल 204 सीट हैं, लेकिन बीजेपी 2014 या 2019 में इन सभी राज्यों में 50 सीट भी नहीं जीत सकी थी. उसने इन राज्यों में 2014 में 29 और 2019 में 47 सीट हासिल की थीं. देश में लोकसभा की कुल 543 सीट हैं और 19 अप्रैल से चुनाव शुरू होने जा रहे हैं. हालांकि, प्रशांत किशोर ने इस बात पर ज़ोर दिया कि बीजेपी का उसके लक्ष्य के मुताबिक, 370 सीट जीतने की संभावना नहीं है.

# हरियाणा में भाजपा को बड़ा झटका

## पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र ने पत्नी संग छोड़ी पार्टी, सांसद बेटा पहले ही थाम चुका हाथ

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को बड़ा झटका लगा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने सोमवार को भाजपा छोड़ने का एलान कर दिया। वे मंगलवार को कांग्रेस का दामन थामेंगे।इससे करीब एक महीने पहले उनके बेटे बृजेंद्र सिंह ने भाजपा छोड़ कांग्रेस का दामन थाम लिया। बृजेंद्र सिंह मौजूदा समय में हिसार से सांसद हैं। 2019 में बृजेंद्र सिंह ने आईएएस की नौकरी छोड़कर सियासत में कदम रखा था। उधर, बीरेंद्र सिंह की पत्नी और पूर्व भाजपा विधायक प्रेम लता ने भी पार्टी छोड़ दी है।

### जेपी नड्डा को भेजा इस्तीफा

पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने कहा कि मैंने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है और अपना इस्तीफा पार्टी प्रमुख जेपी नड्डा को भेज दिया है। मेरी पत्नी प्रेम लता ने भी इस्तीफा दे दिया है। बीरेंद्र सिंह ने कहा कि कल कांग्रेस ज्वाइन करुंगा।

### 10 साल बाद कांग्रेस में वापसी

बीरेंद्र सिंह की पहचान हरियाणा के बड़े जाट नेता के रूप में होती है। 10 साल पहले 2014 में उन्होंने कांग्रेस से अपना नाता तोड़ भाजपा ज्वाइन की थी। इसके बाद भाजपा ने उन्हें राज्यसभा भेजा और केंद्रीय इस्पात मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी थी। भाजपा छोड़ने से पहले बीरेंद्र सिंह कई बार हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा से मिल चुके थे।

### इस वजह से तोड़ा भाजपा से नाता

बीरेंद्र सिंह हरियाणा में भाजपा और जननायक जनता पार्टी (जजपा) के गठबंधन के खिलाफ थे। उन्होंने गठबंधन नहीं तोड़ने पर भाजपा छोड़ने की चेतावनी दी थी। मगर सबसे पहले बीरेंद्र सिंह के बेटे बृजेंद्र सिंह ने भाजपा को छोड़ दिया और इसकी वजह जजपा से गठबंधन को बताया। बृजेंद्र के इस्तीफे के कुछ दिन बाद ही भाजपा ने हरियाणा में जजपा से गठबंधन तोड़ दिया था।

# बिहार में नौकरियां देने में तेजस्वी की कोई भूमिका नहीं : नीतीश



**एजेंसी**

**पटना :** बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के द्वारा लोकसभा चुनाव में प्रचार के दौरान लगातार यह दवा किया जा रहा है कि उनके उप मुख्यमंत्री रहते हुए लोगों को सरकारी नौकरियां दी गई. तेजस्वी यादव के इस दावे पर जदयू और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार खुद भी हमलवार दिखे. बिहार में नौकरी देने के सवाल पर नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार में किसने काम किया, यह सब जानते हैं. लोगों को नौकरी दिए जाने का एक-एक काम मैंने करवाया है, इन लोगों ने क्या किया. सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अचानक जदयू कार्यालय पहुंचे. कार्यालय पहुंचकर उन्होंने पार्टी के नेताओं के साथ बातचीत की साथ ही पार्टी कार्यालय में जो निर्माण कार्य चल रहे हैं उसका भी जायजा लिया. लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार नीतीश कुमार पार्टी कार्यालय पहुंचे और लालू यादव और उनके परिवार पर जमकर निशाना साधा. नीतीश ने कहा कि बिहार में नौकरियां देने में इनकी कोई भूमिका नहीं है. 2005 के पहले इनके माता-पिता की सरकार 15 साल तक रहा उस वक्त कोई काम हुआ था क्या . बिहार में लोग शाम में डर से घर से बाहर नहीं निकलते थे, कही कोई सड़क भी नही था. सीएम ने कहा कि आज पटना समेत पूरे बिहार को देखिए सड़कों और पुल-पुलिया का जाल बिछ गया है. तेजस्वी पर हमला करते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि यह लोग अपना प्रचार प्रसार में लगा है. मैं प्रचार-प्रसार में नहीं रहता हूं , हम अपने काम में लगे रहते हैं. नीतीश कुमार ने कहा कि लोगों को मालूम है मैंने क्या काम किया है. लालू यादव की दोनों बेटियों मीसा भारती और रोहिणी आचार्य के चुनाव लड़ने पर नीतीश कुमार ने कहा कि इन सब का कोई मतलब नहीं है, जो मन में आए वो करते रहें, उन लोगों ने कोई काम नहीं किया है. मैं लोगों के बीच में जा रहा हूं और हर जगह चुनाव प्रचार में जाऊंगा. हम सभी लोग जीतेंगे. समाज के हर तबके का उत्थान हुआ है और इसी सिलसिले में मैं हर जगह जाऊंगा।